CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29° C
न्यूनतम : 16° C

मुरादाबाद, शुक्रवार 27 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 220 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | चैत्र कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2083 | 7 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विकास की रफ्तार को कई गुना बढ़ा सकती है टेक्नोलॉजी : योगी पेज 2



राजस्थान रॉयल्स को अमेरिकी निवेशकों ने लगभग 15290 करोड़ में खरीदा खेल टाइम्स




युद्ध के चलते दुनियाभर में ऊर्जा लॉकडाउन का डर सम्पादकीय



बाब-अल मंदाब में नया मोर्चा खोलेगा ईरान पेज 12

# अमेरिका-इजरायल और ईरान के हमलों में हूती की एंट्री

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच हमलों का दौर अब भी जारी है। 28 फरवरी को शुरू हुए इस हमले को लगभग एक महीना होने वाला है, लेकिन दोनों पक्षों के बीच अब तक कोई बात नहीं बनी है। इस बीच अमेरिका-इजरायल के ईरान पर हमलों के खिलाफ हूती विद्रोहियों की एंट्री हो सकती है।

ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी तस्नीम ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि ईरान के समर्थन वाले हूती विद्रोही इजरायल के खिलाफ जंग में शामिल होने के लिए तैयार हैं। ईरानी मीडिया रिपोर्ट में बिना नाम बताए सूत्रों का हवाला देते हुए कहा गया है कि हूती, जिन्हें यमनी अंसारुल्लाह के नाम से भी जाना जाता है, बाब अल-मंदाब स्ट्रेट पर कब्जा करने के लिए तैयार हैं। अक्टूबर 2023 से विद्रोही समूह ने लाल सागर में पहले ही तनाव की स्थिति बना रखी है और गाजा पर इजरायल के हमलों का बदला लेने के लिए सैकड़ों इजरायली ठिकानों पर गोलाबारी की है। अमेरिकी मीडिया सीएनएन के अनुसार, हूती ने अमेरिका और ब्रिटेन से जुड़े जहाजों को भी निशाना बनाया है, जिससे दुनिया भर में व्यापार में रुकावट आई है। अमेरिका और दूसरी पश्चिमी नौसेनाएं समुद्र के रास्ते जहाजों को एस्कॉर्ट कर रही हैं, लेकिन अगर हूती बाब अल-मंदाब स्ट्रेट पर कब्जा करने का फैसला करते हैं, तो इससे उनके विकल्प और कम हो सकते हैं। बाब अल-मंदाब स्ट्रेट भूमध्य सागर और अरब सागर के बीच एक जरूरी रास्ता है, जो यूरोप को अफ्रीका और उससे आगे के महासागरों में एशिया से जोड़ता है।



- ईरान के समर्थन वाले हूती विद्रोही इजरायल के खिलाफ जंग में शामिल होने के लिए तैयार
- बाब अल-मंदाब स्ट्रेट पर कब्जे की तैयारी

### होर्मुज स्ट्रेट भारत के लिए खुला है: अराघची

**नई दिल्ली।** ईरान ने भारत और कुछ अन्य 'मित्र देशों' के जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दे दी है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ईरानी समाचार एजेंसी तस्नीम ने विदेश मंत्री के हवाले से कहा कि तेहरान ने भारत, रूस, चीन, इराक और पाकिस्तान सहित मित्र देशों के जहाजों को स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दी है। श्री अराघची ने कहा कि हमने चीन, रूस, भारत, इराक और पाकिस्तान सहित मित्र राष्ट्रों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दी है। उन्होंने कहा कि यह स्ट्रेट 'दुश्मनों और उनके सहयोगियों' के लिए बंद है। होर्मुज स्ट्रेट एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है, जिसके माध्यम से वैश्विक तेल और गैस व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता है। अमेरिका और इजरायली हमलों के बाद ईरान ने इसे बंद कर दिया था। श्री अराघची ने कहा कि हमारे दृष्टिकोण से, होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह से बंद नहीं है। यह केवल दुश्मनों के लिए बंद है।

### इजरायली हमले में IRGC कमांडर तंगसिरी की मौत

**तेल अवीव।** इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने गुरुवार को घोषणा की कि इजरायली हमले में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना के कमांडर अलीरेजा तंगसिरी की मौत हो गई है। सैन्य अधिकारियों के साथ गुरुवार सुबह एक समीक्षा बैठक के दौरान काट्ज ने कहा कि इजरायली रक्षा बलों ने आईआरजीसी नौसेना के कमांडर को खत्म कर दिया है। यह वही व्यक्ति था, जो समुद्री यातायात के लिए होर्मुज स्ट्रेट की नाकेबंदी करने और वहां सुरंगें बिछाने के अभियान के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार था। श्री काट्ज ने कहा कि यह हमला आईआरजीसी के लिए एक 'संदेश' है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि आईडीएफ आपका पीछा करेगा और आप सभी को एक-एक करके खत्म कर देगा। हम युद्ध के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी ताकत के साथ ईरान में अपना अभियान जारी रखेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### संवेदना ही केरल की भावना है: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को उस अस्पताल में रात बिताने का एक भावनात्मक विवरण साझा किया, जहां उनकी मां सोनिया गांधी का इलाज चल रहा है। तबीयत खराब होने के बाद श्रीमती गांधी को दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। श्री गांधी ने कहा कि वह रात में अपनी मां के कमरे में एक सोफे पर लेटे थे और उनके स्वास्थ्य को लेकर काफी चिंतित थे। श्री गांधी ने कहा कि उस मुश्किल समय में उन्हें एकमात्र सांत्वना केरल की एक नर्स से मिली, जो नियमित रूप से उनकी मां की देखभाल कर रही थीं और मुस्कुराहट के साथ उन्हें भरोसा दिला रही थीं। उन्होंने कहा कि पूरी रात, मुझे केवल एक ही चीज से सांत्वना मिली, केरल की एक नर्स जो हर घंटे मेरी मां को देखने आती थीं। वह मुस्कुराती और मां का हाथ थाम लेती थीं।

### नामांकन वापसी का समय समाप्त, 2200 उम्मीदवार मैदान में

**नई दिल्ली।** असम, केरल और पुड्डुचेरी में विधानसभा चुनावों के साथ-साथ गोवा, कर्नाटक, नागालैंड और त्रिपुरा में उपचुनावों के लिए नामांकन वापस लेने की समय-सीमा गुरुवार दोपहर तीन बजे समाप्त हो गई। चुनाव आयोग के मुताबिक नामांकन पत्रों की जांच पूरी हो चुकी है और लगभग 2,200 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा 15 मार्च को की गई थी, जिसके तहत मतदान का पहला चरण नौ अप्रैल को निर्धारित है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार तीन राज्यों की 296 विधानसभा सीटों पर 2,140 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

### मप्र-राजस्थान में अगले चार दिन बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** राजस्थान और मध्य प्रदेश सहित पांच राज्यों में एक बार फिर मौसम बदलने वाला है। मप्र में मार्च महीने में तीसरी बार तेज गर्मी की बजाय बारिश होगी। मौसम विभाग ने अगले चार दिन आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और सागर में ज्यादा असर रहेगा। राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के असर से बुधवार दोपहर बाद मौसम में बदलाव हुआ। बीकानेर, जयपुर, अजमेर, जोधपुर संभाग के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए। गुरुवार को भी चार जिलों में बारिश की चेतावनी है।

### 409 करोड़ की नकदी और अवैध सामान जब्त

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने असम और केरल सहित चार राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्र पुड्डुचेरी विधानसभा चुनावों और कुछ अन्य राज्यों के उपचुनावों को धन और प्रलोभन के प्रभावों से मुक्त रखने के लिए कार्रवाई कर अब तक करीब 409 करोड़ रुपये की नकदी, कीमती धातुएं, शराब और मतदाताओं को लुभाने वाले सामान जब्त किए हैं। असम, केरल और पांडिचेरी विधानसभा के चुनाव पहले चरण में 9 अप्रैल को कराए जाएंगे। उस दिन चार राज्यों की छह रिक्त विधानसभा सीटों के चुनाव भी कराए जाएंगे।

# देश में ऊर्जा आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित

## पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने की चलाए जा रहे दुष्प्रचार अभियान की निंदा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोलियम और एलपीजी की आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह सुरक्षित तथा नियंत्रण में है और कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कमी नहीं है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि सभी खुदरा ईंधन आउटलेट में पर्याप्त आपूर्ति है।

मंत्रालय ने नागरिकों से अपील की है कि वे जानबूझकर फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं के सुनियोजित अभियान से गुमराह न हों क्योंकि इसका उद्देश्य अनावश्यक दहशत फैलाना है। आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता के संबंध में गलत जानकारी फैलाना मौजूदा कानूनों के तहत अपराध है और सरकार जानबूझकर दहशत फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगी। मंत्रालय ने कहा है कि पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं और वितरण में भी कहीं कोई बाधा नहीं है। देश में 60 दिन का तेल भंडार मौजूद है। सरकार ने भारत को ऊर्जा सुरक्षा में अग्रणी देशों में बताते हुए कहा है कि देश विश्व का चौथा सबसे बड़ा पेट्रोलियम शोधक और पांचवां सबसे बड़ा निर्यातक है, जो 150 से अधिक देशों को परिष्कृत ईंधन की आपूर्ति करता है। विश्व का शुद्ध निर्यातक होने के कारण भारत में घरेलू पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता संरचनात्मक रूप से सुनिश्चित है। देश भर में एक लाख से अधिक खुदरा आउटलेट से बिना किसी रुकावट के ईंधन की आपूर्ति कर रही हैं। किसी को भी आपूर्ति सीमित करने के लिए नहीं कहा गया है। वक्तव्य में कहा गया है कि कुछ चुनिंदा पंपों पर छिटपुट रूप से घबराहट में खरीदारी की गई है, वे सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो द्वारा फैलाई गई जानबूझकर गलत सूचना के कारण हुई।



- पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं
- देश में 60 दिन का तेल भंडार मौजूद

### भारत संग खड़ा हुआ अर्जेंटीना, ऊर्जा संकट की आशंका के बीच बढ़ाया मदद को हाथ, बढ़ाई LPG की खेप

**ब्यूनस आयर्स।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध की वजह से भारत में एलपीजी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच हजारों किमी दूर बैठे एक मित्र देश अर्जेंटीना ने भारत की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से भारत में एलपीजी आयात प्रभावित हुआ है। इसी के चलते दक्षिण अमेरिकी देश अर्जेंटीना ने भारत की तत्काल ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समुद्री यातायात में आई बाधाओं ने भारत की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। इसके चलते नई दिल्ली को अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने के प्रयासों में तेजी लानी पड़ी है। इस पृष्ठभूमि में अर्जेंटीना एक अप्रत्याशित लेकिन महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में उभरा है।

### होटल-रेस्टोरेंट बिल में अलग से नहीं जोड़ सकेंगे एलपीजी चार्ज

**नई दिल्ली।** होटल-रेस्टोरेंट ग्राहकों से 'एलपीजी चार्ज' नहीं ले सकेंगे। केंद्र सरकार ने कहा कि रेस्टोरेंट अपने बिल में खाने की कीमत के अलावा केवल सरकारी टैक्स जोड़ सकेंगे। एलपीजी संकट के बीच सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी ने कहा कि होटल- रेस्टोरेंट को अपनी सभी इनपुट कास्ट को मेन्यू में दी गई कीमतों में ही शामिल करना होगा। अगर कोई रेस्टोरेंट गैस की बढ़ती कीमतों या किसी अन्य ऑपरेशनल खर्च का हवाला देकर बिल में अलग से चार्ज जोड़ता है, तो यह नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। बेंगलुरु के एक कैफे ने नींबू पानी के बिल पर 5 फीसदी गैस क्राइसिस चार्ज लगाया था।

# नीरव मोदी की याचिका ब्रिटेन की अदालत ने की खारिज

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के हाईकोर्ट ने भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को एक बड़ा झटका देते हुए उसके भारत में प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील पर फिर से सुनवाई की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया है।

अदालत ने केंद्र सरकार के ताजा आश्वासनों को पर्याप्त और विश्वसनीय मानते हुए यह फैसला सुनाया। लंदन स्थित रॉयल कोर्ट ऑफ जस्टिस की खंडपीठ ने 25 मार्च 2026 को दिए फैसले में कहा कि अपील को दोबारा खोलने के लिए 'असाधारण परिस्थितियों' की आवश्यकता होती है, जो इस मामले में मौजूद नहीं हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि कानूनी मापदंडों के आधार पर अपील को फिर से शुरू करने का कोई ठोस कारण नहीं है। यह निर्णय लॉर्ड जस्टिस स्टुअर्ट-स्मिथ और जस्टिस जे ने सुनाया। गौरतलब है कि नीरव मोदी की याचिका मुख्य रूप से 2025 के एक अन्य अदालती फैसले पर आधारित थी, जिसमें भारत में पूछताछ के दौरान खराब व्यवहार की आशंका जताई गई थी। ब्रिटिश अदालत ने सुनवाई करते कहा कि भारत सरकार ने सितम्बर 2025 से फरवरी 2026 के बीच व्यापक, विस्तृत और विश्वसनीय आश्वासन दिए हैं कि प्रत्यर्पण के बाद नीरव मोदी से किसी भी प्रकार की पूछताछ नहीं की जाएगी।



- लंदन स्थित रॉयल कोर्ट ऑफ जस्टिस की खंडपीठ ने किया भगोड़े हीरा कारोबारी के भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ

भारतीय राजनयिक आश्वासनों के अनुसार, सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय या किसी अन्य भारतीय जांच एजेंसी को ब्रिटेन के अधिकारियों की पूर्व सहमति के बिना नीरव मोदी से पूछताछ करने की अनुमति नहीं होगी। अदालत ने कहा कि ये वादे राजनयिक स्तर पर बाध्यकारी हैं और यह मानने का कोई आधार नहीं है कि भारत अपनी प्रतिबद्धताओं के विपरीत कार्य करेगा। जजों ने कहा कि भले ही भारत के भीतर कानून लागू करने को लेकर कुछ सैद्धांतिक सवाल बाकी हों, लेकिन दिए गए आश्वासनों का व्यावहारिक असर इतना काफी है कि इससे किसी भी तरह के प्रतिबंधित बर्ताव का कोई भी असली खतरा खत्म हो जाता है।

# दिल्ली-लंदन एयर इंडिया फ्लाइट सऊदी से लौटी

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली से लंदन जा रहा एयर इंडिया का I350-900 (वीटी-जेआरएफ) विमान गुरुवार को तकनीकी खराबी के कारण दिल्ली लौट आया। यह करीब सात घंटे हवा में रहा। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के अनुसार, विमान ने सुबह करीब 6 बजे दिल्ली से उड़ान भरी थी।

करीब चार घंटे बाद सऊदी अरब के एयरस्पेस में विमान को लौटाने का फैसला लिया गया। विमान लगभग सात घंटे हवा में रहने के बाद दोपहर करीब 12:30 बजे वापस दिल्ली पहुंचा। सूत्रों के अनुसार, उड़ान के दौरान विमान में अजीब आवाजें सुनी गईं। हालांकि, एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि एहतियातन विमान को वापस लौटाया गया। दिल्ली में इसकी जांच की जा रही है। यात्रियों को जल्द लंदन पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। विमान ने ओमान के पास से दिल्ली के लिए यू-टर्न लिया।

- खराबी के बावजूद सात घंटे हवा में रही

# कश्मीर में ईरान के लिए 18 करोड़ चंदा जुटाया


श्रीनगर, वार्ता

**कश्मीर घाटी** में ईरान के समर्थन में करोड़ों रुपये का चंदा जुटाया गया है। इससे देश की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। आशंका है कि इन पैसों का इस्तेमाल आतंकी फंडिंग में हो सकता है।

सूत्रों के मुताबिक, अब तक 17.91 करोड़ रुपये चंदा जुटाया गया है। इनमें से 85 फीसदी राशि शिया समुदाय ने दान की है। कश्मीर का बड़गाम शिया बहुल इलाका है। यहां से करीब 9.5 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं। यह फंडरेजिंग अभियान जकात और सदका के जरिये लिया जा रहा है। इसका उद्देश्य मौजूदा संघर्ष से प्रभावित ईरानी नागरिकों की मदद करना बताया गया है। लोग चंदे में कैश भी दे रहे हैं। क्यूआर कोड भी है, ताकि पैसा बैंक अकाउंट में जा सके। लोग सोना-चांदी के अलावा कैश और कीमती बर्तन भी दे रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक भारत में ईरानी दूतावास ने सीधे पैसे ट्रांसफर करने के लिए एक विशेष बैंक अकाउंट भी खोला है, जिसमें यूपीआई के जरिये भुगतान की सुविधा दी गई है। अधिकारियों का मानना है कि चंदे की राशि और बढ़ सकती है। प्रशासन ने लोगों को सलाह दी है कि वे सीधे दूतावास के आधिकारिक माध्यमों से ही पैसा भेजें, ताकि जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। खुफिया सूत्रों ने यह भी बताया कि पहले भी चैरिटी के नाम पर जुटाए गए फंड के दुरुपयोग के मामले सामने आ चुके हैं।

- बड़गाम जिला सबसे आगे, सुरक्षा एजेंसियों को आतंकी फंडिंग में इस्तेमाल की आशंका

# डंपर से टकराकर बस में लगी आग, 13 जिंदा जले



मरकापुरम, वार्ता

**आंध्र प्रदेश** के मरकापुरम जिले में रायवरम के पास गुरुवार को एक सड़क हादसा हुआ। एक प्राइवेट ट्रैवल बस और डंपर में टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बस में आग लग गई। बस में सवार 13 यात्री जिंदा जल गए। हालांकि पुलिस की तरफ से पहले 14 मौतों की जानकारी दी गई थी।

बाद में सीएम ऑफिस ने मौत के आंकड़े में ऑफिशियल कंफर्मेशन दिया। अधिकारियों ने बताया कि हरिकृष्णा ट्रैवल्स की बस तेलंगाना के निर्मल से नेल्लोर जा रही थी। हादसा सुबह 6:00 बजे के करीब हुआ। आग पर करीब तीन घंटे में काबू पाया गया। मरकापुरम के एसपी वी हर्षवर्धन राजू ने कहा कि डंपर ड्राइवर समेत 22 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में 35 यात्री सवार थे। घटना की पूरी जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने लोगों की मौत पर दुख जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के मरकापुरम जिले में हुए भीषण बस हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये व घायलों के लिए 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि की घोषणा की है।


- 22 घायल, तीन घंटे में आग पर काबू पाया गया, पीएम व सीएम ने जताया शोक

# भाजपा को 2024-25 में सबसे ज्यादा चंदा मिला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को मिले चंदे में 161 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। भाजपा को सभी राष्ट्रीय दलों को मिलाकर मिले कुल चंदे से भी 10 गुना ज्यादा पैसा मिला है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 20 हजार रुपये से ज्यादा के कुल चंदे की राशि 6,648.563 करोड़ रुपये रही, जो 11,343 दान से मिली। इसमें अकेले भाजपा को 6,074.015 करोड़ रुपये (5,522 दान) मिले। इसके बाद कांग्रेस को 517.394 करोड़ रुपये (2,501 दान) मिले। भाजपा को मिला चंदा कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप), सीपीआईएम और नेशनल पीपल्स पार्टी (एनपीईपी) इन सभी के कुल चंदे से 10 गुना से ज्यादा रहा। वहीं, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने बताया कि उसे 20 हजार रुपये से ज्यादा का कोई चंदा नहीं मिला, जैसा कि वह पिछले 19 सालों से कहती आ रही है। भाजपा का कुल मिलाकर 2024-25 में चंदा 4,104.285 करोड़ रुपये बढ़ा। भाजपा का चंदा 171 फीसदी बढ़कर 2,243.947 करोड़ से 6,074.015 करोड़ हो गया। कांग्रेस का चंदा भी 84 फीसदी बढ़कर 281.48 करोड़ से 517.394 करोड़ हो गया। 'आप' को 27.044 करोड़ रुपये (244 फीसदी बढ़ोतरी) और एनपीईपी को 1.943 करोड़ रुपये (1,313 फीसदी बढ़ोतरी) मिले राजनीतिक चंदे में सबसे बड़ा हिस्सा कंपनियों का रहा। कुल 6,128.787 करोड़ रुपये (92.18फीसदी) कॉर्पोरेट दान से आए, जबकि व्यक्तियों ने 505.66 करोड़ रुपये (7.61 फीसदी) दिए।



- एडीआर की रिपोर्ट में दावा: अकेले भाजपा को 6,074.015 करोड़ रुपये मिले

# मामूली विवाद में घर में घुसकर जानलेवा हमला

## गंभीर हालत में जिला अस्पताल रैफर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांव शमशाबाद में खेल रोकने के मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार करीब तीन दिन पहले गांव के बारात घर के पास कुछ लड़के वॉलीबॉल खेल रहे थे। इस खेल को बंद कराने के प्रयास को लेकर विवाद शुरू हुआ था। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया।

पीड़ित नीलम सिंह द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया है कि आरोपी वितन, लक्की, रजत, लवी, भोलू, शिवम और आभास बारात घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। जब नीलम के पुत्र लवीस कुमार ने उन्हें समझाने और गालियां देने से रोका, तो आरोपियों ने उन पर रॉड और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में लवीस को गंभीर चोटें आईं। हमले के बाद शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों को देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल लवीस को तुरंत नहटौर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया है, जहां उसका उपचार जारी है और स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# आंगनबाड़ी केंद्र पर नवारम्भ उत्सव

## नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत, प्रारंभिक शिक्षा सशक्त बनाने का प्रयास




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक विद्यालय मौहम्मद अलीपुर द्वारका में को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र पर नवारम्भ उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान पतराम, प्रभारी प्रधानाध्यापक/नोडल दीपक महेंद्रा आंगनबाड़ी कार्यकत्री शिखा चौधरी द्वारा मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलन करके किया गया। 3-6 वर्ष के नन्हे-मुन्नों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। नोडल दीपक महेंद्रा द्वारा अभिभावकों को बाल वाटिका सुविधाओं और कक्षा-1 प्रवेश की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में लर्निंग कॉर्नर, वंडरबॉक्स शिक्षण अधिगम सामग्री और खेल सामग्री का प्रदर्शन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री शिखा चौधरी ने बताया कि यह उत्सव नामांकन बढ़ाने और प्रारंभिक शिक्षा को सशक्त बनाने का प्रयास है। सभी नव प्रवेशित बच्चों को उपहार देकर स्वागत किया गया। सभी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम में निधि खुराना सहायक अध्यापिका दिनेश कुमार सहायक अध्यापक, आंगनबाड़ी सहायिका बृजेश कुसुम रिंकी और अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**नहटौर।** ग्राम धींगरपुर निवासी निपेंद्र कुमार पुत्र कैलाश सिंह ने पुलिस को बताया कि 22 मार्च की शाम करीब पांच बजे वह अपने खेत पर कृषि कार्य के लिए गए थे। निपेंद्र कुमार का आरोप है कि वहां पहले से मौजूद गांव के ही नितिन पुत्र रेशपाल सिंह और विजयपाल पुत्र रूपचंद सिंह उन्हें देखते ही गालियां देने लगे। जब निपेंद्र कुमार ने उन्हें गाली देने से मना किया, तो आरोपी उग्र हो गए। दोनों आरोपी बरछी और तबल लेकर उसके साथ मारपीट करने पर उतारू हो गए। शोर सुनकर जब मौके पर अन्य लोग आने लगे, तो आरोपी वहां से भाग निकले। जाते-जाते आरोपियों ने पीड़ित को कहीं भी शिकायत न करने की चेतावनी दी और मौका मिलने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सिकंदरपुर में रामनवमी मेले का आयोजन



**नहटौर।** क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव स्थित चामुंडा धाम पर चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर रामनवमी मेले का आयोजन किया गया। इस धार्मिक उत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मेले के दौरान श्रद्धालुओं ने मंदिर में माता रानी को प्रसाद चढ़ाया और अपने परिवारों की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिसमें नर्तकों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। गांव के बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने मेले का आनंद लिया। मेले को सफल बनाने में अमित त्यागी, महिपाल सिंह, चन्द्रवीर सिंह, संजीव त्यागी, अंकुश त्यागी, अतर सिंह, पप्पू सिंह, उमेश कुमार, राजवीर त्यागी सहित कई ग्रामीणों ने सहयोग दिया।

### धूलिया महादेव मंदिर में उमड़े श्रद्धालु



**हल्दौर।** चैत्र नवरात्रि की अष्टमी के अवसर पर नगर स्थित धूलिया महादेव मंदिर संस्थान में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में माता दुर्गा के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। पूरा मंदिर परिसर जय माता दी के जयकारों और भक्ति गीतों से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से माता रानी की पूजा- अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। अष्टमी के पावन अवसर पर भक्तों ने कन्या पूजन कर हलवा, पूरी और चने का भोग लगाया तथा कन्याओं को भोजन कराकर व्रत खोला। मंदिर में दिनभर धार्मिक अनुष्ठान और पूजा-पाठ का क्रम चलता रहा, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर जितेंद्र कुमार मारवाड़ी, सुधीर कुमार, डा. यश चंद्रा, केके चंद्रा, ललित कुमार, शिवम वर्मा, भानु प्रताप, शशांक कौशिक, दीप राजपूत, अंश चौहान, आर्यन चौहान, शुभम चौहान सहित अन्य श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा।

# कम बकाया पर भी स्मार्ट मीटर कर रहा बिजली गुल

## बिल जमा करने के बाद भी अंधेरे में गुजारी रात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** मामूली बकाया होने के बाद बिजली का स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के घरों की बिजली गुल कर रहा है। बिल जमा करने के बाद भी उपभोक्ताओं को कई घंटे बिजली नहीं नसीब हो रही है। जिस कारण लोगों को पूरी रात जागकर काटने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

नांगल के गांवों में अधिकतर घरों में स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। अब ये स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए बड़ी परेशानी का सबब बने है। बिजली विभाग स्मार्ट मीटर धारकों के घरों की बिजली आपूर्ति मात्र 150 से 200 रुपए बकाए के चलते गुल कर रहा है। ये स्मार्ट मीटर माइंस में बिल आने के बाद ऑटोमेटिक बिजली बंद कर रहा है। बुधवार की सुबह नांगल के कई उपभोक्ताओं के घरों की बिजली मात्र 150 से 200 रुपए बकाया के चलते बिजली बंद कर दी गई। काफी देर तक तो लोगों को कुछ समझ में नहीं आया कि बिजली क्यों बंद हुई है, कुछ उपभोक्ता तो अपने केबिल हिलाते रहे, जब लोगों ने अपने मोबाइल पर बिजली कटने का मैसेज देखा, तब समझ में आया कि बिजली बिल माइंस में जाने के कारण बंद हुई है, जिसके बाद ऐसे उपभोक्ताओं ने अपना बिल जमा कर, सैकड़ों रुपए एडवांस में जमा कर दिए, जिसके बाद उनके खाते में तो एडवांस में पॉजिटिव धनराशि जमा हो गई, लेकिन घंटों बाद भी उनके घरों की बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी, ये उपभोक्ता पूरे दिन बिजली हेल्पलाइन नंबरों पर फोन मिलाते रहे, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। जिसके बाद बिजली विभाग के अधिकारियों के संपर्क करने के बाद भी उनके घरों में उजाला नहीं हो सका। जिस कारण ऐसे उपभोक्ताओं को पूरी रात गर्मी और मच्छरों के बीच बिताने के लिए मजबूर होना पड़ा। आज सुबह 11 बजे के करीब इन लोगों को बिजली नसीब हुई। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। सौफतपुर बिजली घर के जेई नूतन प्रकाश ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं को अपना बैलेंस बनाकर रखना चाहिए, माइनस में बैलेंस जाने पर बिजली कट सकती है। सिस्टम में कमी के चलते आधे से 24 घंटे बाद बिजली सुचारू हो रही है, जिसे जल्द ही ठीक कर लिया जाएगा।

# नकली माल की मंडी बना चांदपुर

## नकली गुटखा बनाने की पकड़ी जा चुकी है दो फैक्ट्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर कभी प्रदेश की प्रमुख चीनी मंडी में ख्याति प्राप्त रहा है। यहां खांडसारी की अलग पहचान थी। लेकिन अब यह नकली माल मंडी में तब्दील हो चुका है। यहां नकली गुटखा-पान मसाला बनाने की अब तक दो फैक्ट्रियां पकड़ी जा चुकी हैं। लाखों रुपए का माल भी जब्त किया गया है।

दो दिन पूर्व तहसील के ग्राम पावटी में नकली गगन पान मसाला बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ था। जहां से आठ बोरी गगन मसाला, दो बोरे तैयार तम्बाकू, तीन बोरे कच्चा माल, एक बोरा कच्चा पाउडर, दस किलो रैपर, दो रोल 24 किलो, पैकिंग मशीन तथा दो मशीनें संचालित पाई गई। जिन्हें कम्पनी के डायरेक्टर अनिल कुमार की शिकायत पर पुलिस, जीएसटी, तहसीलदार, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा छापेमारी के दौरान गगन पान मसाला बनाते पकड़ा। मौके से फैक्ट्री संचालक नूरपुर के मौहल्ला कबीर नगर निवासी अब्दुल रहमान पुत्र मेहंदी हसन को गिरफ्तार किया गया। जबकि उसके अन्य साथी आदिल (नूरपुर), आशिफ (बदांयू), अजय (बरेली) तथा युसूफ (नूरपुर) आदि के नाम भी प्रकाश में आए हैं। पुलिस के मुताबिक इनकी तलाश जारी है।

### छह अक्टूबर को नूरपुर में पकड़ी गई थी गुटखा फैक्ट्री

जीएसटी व खाद्य विभाग द्वारा 6 अक्टूबर को कस्बा नूरपुर के गांधी नगर में मकान में संचालित नामचीन गुटखा गगन बनाने की अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ था और अब 22 मार्च को तहसील के ग्राम पावटी में तहसील के ग्राम पावटी में गगन बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। इस फैक्ट्री के संचालक भी वो ही लोग निकले, जो नूरपुर में फैक्ट्री के संचालक थे।

### जीएसटी चोरी व स्वास्थ्य से खिलवाड़, छापेमारी की सराहना

नगर ही नहीं चांदपुर तहसील अंतर्गत नूरपुर, बास्टा, खानपुर, जलीलपुर सहित कई ऐसे गांव हैं, जहां पान मसाला, बीड़ी, सिगरेट, सफल खैनी आदि बनाने के अलावा खमीर, खोया, दूध बनाने की फैक्ट्रियां भी बखूबी संचालित हैं। यहां नकली माल बनाकर न केवल मोटी राशि कमा रहे हैं, बल्कि नामचीन कम्पनियों के नाम जीएसटी चोरी कर सरकार को भी चूना लगा रहे हैं। फिलहाल इस छापेमारी से ऐसे नकली दूध, पनीर, घी, मावा, मक्खन बनाने वालों के साथ साथ गुटखा, खैनी बनाने वालों में हड़कम्प मचा हुआ है। फिलहाल इस छापेमार कार्यवाही से लोगों में सराहना हो रही है।

# आरबीडी में दो दिवसीय सेमिनार का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय एवं उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान एवं शिक्षक शिक्षा विभाग के संयोजन में 'चैलेंजेस फॉर क्वालिटी हायर एजुकेशन इन प्रेजेंट सिनेरियो' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन हुआ।

सेमिनार के द्वितीय दिन (समापन दिवस) का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखंड के फॉर्मर प्रो. एवं डायरेक्टर प्रो. सी.डी. सुन्था, सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च इन हाइयर एजुकेशन (नीपा) नई दिल्ली के प्रो. प्रदीप मिश्रा, कुंवर सत्य वीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के डायरेक्टर डॉ. अमित कुमार बंसल, संपादक एवं महाविद्यालय की आई. क्यू.ए.सी. के बाह्य सदस्य सूर्यमणि रघुवंशी, प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी, सेमिनार के समन्वयक डॉ. सुरेश सिंह, सह समन्वयक डॉ. नजमुनिसा एवं डॉ. सारिका के द्वारा मां वाग्देवी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत बैज लगाकर, पुष्प गुच्छ प्रदान कर एवं शॉल भेंट कर किया गया।

सर्वप्रथम ऑनलाइन माध्यम से मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर की कुलपति प्रो. विमला वाई जी ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर श्रोताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति का उदेश्य वर्तमान सामाजिक चुनौतियों से लड़ना था। यह नीति हमें हमारी जड़ों से जोड़ती है। उन्होंने किताब से निकलकर व्यवहारिक वातावरण को समझने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति व्यापक प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करती है।

इसके पश्चात प्रो. सुन्था ने कहा कि भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था अमेरिका एवं चीन के अपनी तीसरी सबसे बड़ी शिक्षा व्यवस्था है। उन्होंने इमोशनल और अध्यात्मिक कोशंट की बात की। साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश के विशेष संदर्भ में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने एवं उच्च शिक्षा का प्रसार करने की बात की। उन्होंने तेजी से बढ़ती छात्र संख्या के मुकाबले आधारभूत ढांचा और योग्य शिक्षकों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं है, जिससे शिक्षण की गुणवत्ता प्रभावित होती है। इसी के साथ उन्होंने उच्च शिक्षा के साथ संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीकों के विस्तार ने ई-लर्निंग, ऑनलाइन पाठ्यक्रम और वर्चुअल शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाएं खोली हैं। SWAYAM और DIKSHA जैसे प्लेटफॉर्म शिक्षा को अधिक सुलभ और किफायती बना रहे हैं, जिससे दूरदराज के छात्रों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो रही है।

इसके बाद प्रो. मिश्रा ने अपने उद्बोधन में गुणवत्ता पूर्ण शोध करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे विषयों पर शोध करना चाहिए जो समाज की वास्तविक समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करे। उन्होंने समय के साथ स्वयं को प्रासंगिक बनाने पर बल दिया।

इसी क्रम में प्रो. बंसल ने अपने वक्तव्य में 17 सतत विकास लक्ष्यों पर बात की। इन लक्ष्यों की संख्या 17 है, जिनमें गरीबी उन्मूलन, भूख मुक्ति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा, कमबमदज ूवता (सम्मानजनक रोजगार), उद्योग एवं नवाचार, असमानताओं में कमी, सतत शहर एवं समुदाय, जलवायु परिवर्तन से निपटना, तथा प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण पहलू शामिल हैं। आज के समय में बढ़ते औद्योगीकरण, शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों के कारण इन लक्ष्यों की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है। अतः सरकार, समाज और प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वे इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि एक टिकाऊ और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित किया जा सके।

इसके बाद सूर्यमणि रघुवंशी ने अपने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में अर्जुन को धनुर्धर के लिए बहुत से द्रोणाचार्य हैं, किंतु हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि इसका लाभ एकलव्य को भी मिले। शिक्षा को समावेशी बनाने हेतु समाज की विसंगतियों पर भी कार्य करना होगा हम शिक्षा तो दे रहे हैं परंतु समाज समावेशी और बेहतर नहीं बन पा रहा है। अतः शिक्षा के माध्यम से समावेशीकरण, समानता एवं भाईचारे के विकास के साथ शिक्षा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे ऐसी को. शिश करनी होनी चाहिए।

इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी ने अपने सारगर्भित वक्तव्य में कहा कि ज्ञानी, शिक्षित और डिग्रीधारक के मध्य का अंतर जितना कम कर सके, उतना ही समाज और राष्ट्र का विकास हो सकेगा।

भोजनावकाश के बाद आनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से दो तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज, विवेक यूनिवर्सिटी, बिजनौर के डीन डॉ. राजीव कुमार, विवेक यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ साइंसेज के डॉ. एसके त्यागी ने की।

द्वितीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता वर्धमान कॉलेज बिजनौर के प्रोफेसर एसके जोशी, वर्धमान कॉलेज बिजनौर के हिंदी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अंजू बंसल ने की। तकनीकी सत्र में कुल 35 शोध पत्र पढ़े गए।

# मुजफ्फरनगर के पक्षी विहार पहुंचा छात्र-छात्राओं का टूर

**नजीबाबाद।** राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के आदेश तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के बच्चों का टूर रवाना हुआ। नजीबाबाद से तहसील स्तरीय टूर को भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। टूर में नजीबाबाद से 30 तथा किरतपुरा से 20 कुल 50 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। टूर ने मुजफ्फरनगर के पक्षी विहार जाकर वहां देश विदेश से आने वाले पक्षियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद बच्चों ने बिजनौर के इंदिरा पार्क में आनंद लिया तथा जानकारी प्राप्त की। जिला समन्वयक लियाकत अली तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी राजमोहन के मार्गदर्शन में गए टूर में पूर्व बीआरसी मोबीन हसन, विशेष शिक्षक रंजीत यादव, शहर रोज, आसमा निगार, शिक्षिका सोनल गुप्ता, हिमानी, प्रजापति, तनु राजपूत, लक्ष्मी रानी, कौशल्या, शम्मी रस्तौगी आदि मौजूद रहे।

# दुर्गा अष्टमी पर मंदिरों में उमड़ी भीड़



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** दुर्गा अष्टमी के अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई है। सुबह से ही प्राचीन चामुंडा देवी धाम और मां काली देवी मंदिर सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन और पूजा के लिए पहुंचे।

सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। साथ ही मंदिर समितियों ने भक्तों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। मंदिरों के अंदर और आसपास विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया तथा रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों व अन्य सजावटों से आकर्षक रूप से सजाया गया। झालू रोड स्थित प्राचीन देवी मंदिर और चामुंडा धाम देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। कालिका मंदिर के पास एक मेले का भी आयोजन किया गया है। इस मेले में दुकानें, झूले और विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ लगाए गए हैं, जहां बच्चे और महिलाएं बड़ी संख्या में पहुंच रही हैं। इस मौके पर शिव प्रकाश बाल्मीकि ने बताया कि चामुंडा देवी धाम एक ऐतिहासिक मंदिर है। उन्होंने कहा कि यहां अष्टमी की पूजा की जा रही है और सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी है। श्री बाल्मीकि के अनुसार यह मनोकामना पूर्ण मंदिर है, जिसे एक मुस्लिम व्यक्ति शादी खान ने मंदिर कमेटी को दान में दिया था। उनका कहना है कि जो भी परेशान व्यक्ति यहां आता है, माता उसकी मनोकामना पूरी करती हैं।

मंदिर के पुजारी रमाकांत शर्मा ने बताया कि यह मंदिर लगभग 90 साल पुराना है। मंदिर से जुड़ी मान्यता है कि जो भक्त यहां सच्चे दिल से मन्नत मांगता है, उसकी मनोकामना पूर्ण होती है। नौमी के दिन यहां विशाल भंडारे का आयोजन होता है, जिसमें हजारों लोग शामिल होते हैं।

# गैस संकट और मौतों के लिए केंद्र जिम्मेदार: अजय राय

**■ हकीकत को छिपाने का प्रयास कर रही मोदी सरकार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय गुरुवार को रामपुर पहुंचे, जहां पूर्व विधायक अफरोज अली खान के निवास पर कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान अजय राय ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया और केंद्र सरकार की नीतियों पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने रामपुर को बहादुरों और क्रांतिकारियों की धरती बताते हुए जनता के संघर्षों को नमन किया। अजय राय यहां पूर्व विधायक संजय कपूर द्वारा आयोजित सम्राट अशोक जयंती कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आए थे। प्रेस वार्ता के दौरान अजय राय ने देश में गैस एजेंसी और पेट्रोल की लाइनों में लग रहे लोगों की स्थिति और इस दौरान हो रही मौतों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने इन दुखद घटनाओं के लिए सीधे तौर पर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री को जिम्मेदार ठहराया। अजय राय ने आरोप लगाया कि सरकार की कुप्रबंधन नीति के कारण आम जनता को बुनियादी सुविधाओं के लिए भी जान गंवानी पड़ रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री लगातार देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं और जमीनी हकीकत को छिपाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री द्वारा हाल ही में कोरोना काल की तरह धैर्य बनाए रखने के बयान पर अजय राय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने याद दिलाया कि कोरोना काल में भी सरकार ने सब कुछ ठीक होने का दावा किया था, जबकि राहुल गांधी ने पहले ही खतरे की चेता. वनी दी थी।

# नोएडा हवाई अड्डे का उद्घाटन 28 मार्च को जनसभा को भी संबोधित करेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली, वार्ता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार 28 मार्च को नोएडा के जेवर स्थित नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को बताया कि श्री मोदी 28 मार्च सुबह लगभग 11:30 बजे गौतम बुद्ध नगर में जेवर स्थित नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद दोपहर लगभग 12 बजे वह नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण का उद्घाटन करेंगे और इस अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करेंगे।



नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के लिए दूसरे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित किया गया है, जो दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का पूरक है। सरकारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि ये दोनों हवाई अड्डे मिलकर एक एकीकृत विमानन प्रणाली के रूप में कार्य करेंगे, जिससे दोनों हवाई अड्डों पर बोझ बढ़ जाएगा, यात्री क्षमता बढ़ेगी और दिल्ली-एनसीआर को वैश्विक विमानन केंद्र के रूप में अग्रणी स्थान हासिल करेगा। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भारत की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट परियोजनाओं में से एक है। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण को सार्वजनिक- निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत लगभग 11,200 करोड़ रुपये के कुल निवेश से विकसित किया गया है। प्रारंभिक चरण में हवाई अड्डे की संचालन क्षमता 1.2 करोड़ यात्री प्रति वर्ष (एमपीपीए) होगी, जो हवाई अड्डे के पूर्ण विकसित होने तक 70 एमपीपीए तक हो जाएगी। नोएडा हवाई अड्डे का रनवे 3,900 मीटर लंबा है, जो बड़े आकार के विमानों के संचालन में सक्षम है। इसके साथ ही इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम और उन्नत एयरफील्ड लाइटिंग सहित यहां आधुनिक नेविगेशन सिस्टम हैं, जो हर मौसम में दिन-रात संचालन में सक्षम है। इस हवाई अड्डे के साथ एक सुदृढ़ कार्गो प्रणाली भी है, जिसमें एक मल्टी-मॉडल कार्गो हब, एकीकृत कार्गो टर्मिनल और लॉजिस्टिक्स जोन शामिल हैं। यहां प्रति वर्ष 2.5 लाख टन से अधिक माल ढुलाई हो सकती है। बाद में क्षमता को बढ़ाकर। 18 लाख टन किया जाएगा। इसमें 40 एकड़ का एक समर्पित रखरखाव, मरम्मत एवं ओवरहाल सुविधा क्षेत्र भी शामिल है। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की स्थापत्य शैली भारतीय विरासत से प्रेरित है, जो पारंपरिक घाटों और हवेलियों की याद दिलाते हैं, जिससे सांस्कृतिक सौंदर्यशास्त्र आधुनिक अवसंरचना के साथ मिश्रित होता है। यमुना एक्सप्रेसवे पर रणनीतिक रूप से स्थित नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को सड़क, रेल, मेट्रो और क्षेत्रीय परिवहन प्रणालियों के निर्बाध जुड़ाव के साथ एक बहु-मॉडल परिवहन केंद्र के रूप में विकसित किया गया है, जो यात्रियों और माल ढुलाई के लिए कुशल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करता है।

# ईडी ने फर्जी अस्पताल मालिक की 55 लाख की अचल संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** ईडी ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी- पीएमजेएवाई) योजना के तहत बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में असम के एक अस्पताल के मालिक मोब्ज्जिल हुसैन बारभुइया की 55.33 लाख रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है।

ईडी के गुवाहाटी जोनल कार्यालय ने शिफा अस्पताल और अनुसंधान केंद्र के मालिक के खिलाफ हैलाकांडी थाने द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जांच शुरू की थी। जांच में यह बात सामने आई है कि एबी-पीएमजेएवाई योजना के तहत सूचीबद्ध इस अस्पताल ने 22 अप्रैल 2019 से 5 नवम्बर 2022 की अवधि के दौरान लाभार्थियों को कोई वास्तविक चिकित्सा उपचार प्रदान किए बिना 64,10,780 रुपये के 778 फर्जी प्रतिपूर्ति दावे प्रस्तुत किए थे। जांच में पता चला कि अस्पताल का जो पता दिया गया था वहां कोई अस्पताल था ही नहीं। आरोपी ने कथित तौर पर एक व्यवस्थित धोखाधड़ी की योजना बनाई थी जिसमें आयुष्मान भारत कार्ड रखने वाले लाभार्थियों को एक अस्थाई सेटअप पर जाने के लिए प्रेरित किया गया था और 300 रुपये के मामूली भुगतान के बदले उन्हें अस्पताल के बिस्तरों पर लेटे हुए फोटो खिंचवाने के लिए कहा गया था। इन तस्वीरों को फिर ट्रांजैक्शन मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर अपलोड किया गया, ताकि उन चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए फर्जी प्रतिपूर्ति दावे उत्पन्न किए जा सकें जो कभी की ही नहीं गई थीं।

# विपक्ष चाह रहा तसलीम का टिकट न कटे

## नगर पालिका व लोकसभा चुनाव की तरह शर्मनाक हार मिलना तय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नजीबाबाद के मौजूदा सपा विधायक तसलीम अहमद की कमजोर हालत एवं छवि की बदौलत विपक्ष चाहता है कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव किसी भी हालत में उनका टिकट न काटे। इससे तसलीम अहमद को विधानसभा चुनाव में बड़े अंतर से हराना बेहद आसान रहेगा।

गौरतलब है कि नगर पालिका व नगर पंचायत चुनाव सहित लोकसभा चुनाव में नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र में सपा का प्रदर्शन बेहद कमजोर रहा था। नजीबाबाद नगर पालिका के अध्यक्ष पद के चुनाव में सपा के प्रत्याशी हाजी फैसल को बेहद भद्दी व शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था। हाजी फैसल सपा के मौजूदा विधायक तसलीम अहमद के कट्टर समर्थक है और तसलीम अहमद ने उन्हें चुनाव जीताने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी। पूर्व मंत्री व सपा के कद्दावर नेता आजम खां के करीबी मौअज्जम खां एड. का टिकट कटवाया गया था। जबकि उनकी पत्नी मौजूदा चेयरपर्सन थी और उनकी पकड़ नजीबाबाद क्षेत्र में बेहद मजबूत थी। मगर पूर्व मंत्री आजम खां की पकड़ पार्टी में कमजोर दिखाने के लिए ही हाजी फैसल को टिकट दिलवाया गया था। लेकिन जिस तरह से हाजी फैसल की हार हुई, उसके बाद विधायक तसलीम अहमद की आम जनता में पकड़ के बारे में सभी को पता चल गया था। नजीबाबाद से अध्यक्ष पद के चुनाव में इंजीनियर मुअज्जम ने शानदार जीत हासिल की थी। उन्हें सर्वसमाज के वोट मिले थे। वह आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता है। लोकसभा चुनाव में उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर को जीत दिलाने के लिए पूरी ताकत लगाई थी। सपा विधायक तसलीम अहमद अपना कोई असर दिखा नहीं पाए थे। जिससे तसलीम अहमद की क्षेत्र में जबरदस्त किरकिरी हुई थी। चुनाव प्रचार के दौरान जनता कहती थी कि वह सिर्फ चुनाव के दौरान नजर आते है और जनता दरबार लगा कर न तो आम जनता की समस्याएं सुनते है और नहीं विधायक निधि से कार्य कराने के लिए आम जनता से उनकी प्राथमिकता व जरूरी कार्य के बारे में पूछते है। आम जनता को यह भी पता नहीं चलता है कि विधायक निधि का ठेकेदार कौन है और कितने रुपए का ठेका किस विभाग से जारी किया गया है।

नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत साहनपुर नगर पंचायत भी आती है। यहां पर भी आजाद समाज पार्टी के कद्दावर नेता व विधानसभा टिकट के मजबूत दावेदार मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी ने अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की थी। वह लगातार क्षेत्र में सक्रिय है और विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए जनता के बीच जाकर सपा विधायक तसलीम अहमद की पोल खोलते हुए कच्चा चिट्ठा सामने रख रहे है।

दूसरी तरफ लोकसभा चुनाव में भी आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी व मौजूदा सांसद चंद्रशेखर ने सपा विधायक हाजी तसलीम अहमद को दिन में तारें दिखा दिए थे। वह चुनाव मैदान में कही भी नहीं टिक पाए थे। आज हालत यह है कि नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र में सपा सबसे ज्यादा कमजोर है। हालत यह है कि अगर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा तसलीम अहमद का टिकट नहीं काटा जाता है, तो उनकी शर्मनाक हार तय है। आजाद समाज पार्टी ने नजीबाबाद में अपना किला बेहद मजबूत कर लिया है। यहां पर ज्यादातर मुस्लिम नेता आजाद समाज पार्टी से जुड़े हुए है। सपा में विभिन्न मजबूत बिरादरियों के मुस्लिम नेताओं को पनपने का मौका ही नहीं दिया गया। जबकि तसलीम अहमद की बिरादरी के मतदाता नाम मात्र के है। इसका भी बहुत गलत मैसेज मुस्लिम समाज में गया है। वजूददार मुस्लिम नेताओं को सपा विधायक तसलीम अहमद ने घर बैठने के लिए मजबूर कर दिया। जो मजबूर नहीं हुए, वह चेयरमैन बन गए और उनकी अपनी अलग पहचान है। सपा के पास यहां पर मुस्लिमों के अलावा कोई दूसरा वोट बैंक नहीं है और मुस्लिम बड़ी संख्या में आजाद समाज पार्टी से जुड़े हुए है। अगर तसलीम अहमद सपा से चुनाव लड़ते है, तो आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी की लाटरी खुल सकती है। क्योंकि दलितों सहित अन्य बिरादरियों का भी वोट उसके पास है। भाजपा को हराने के लिए मुस्लिम समाज के मतदाताओं के पास आजाद समाज पार्टी के तौर पर मजबूत विकल्प है। सूत्रों का कहना है कि भाजपाई भी चाहते है कि तसलीम अहमद का टिकट न कटे। उनका मानना है कि तसलीम अहमद के चुनाव लड़ने से मुस्लिम वोटों का बंटवारा हो जाएगा और उनका प्रत्याशी आसानी के साथ चुनाव जीत जाएगा। अब देखना यह है कि पार्टी के द्वारा जमीनी हकीकत के आधार पर टिकट दिया जाता है, या फिर विपक्ष को जीत थाली में रख कर दी जाती है।

## चेन स्नैचरों को दबोचा

**नगीना।** पुलिस ने क्षेत्र में हुई चेन स्नैचिंग की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई पीली धातु की चेन और घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की कार बरामद की है।

बीती पच्चीस मार्च को एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के गले से सोने की चेन चोरी होने के संबंध में अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 79/26 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान मोहन कुमार और नूरजहां निवासी मौहल्ला इस्लामनगर, नूरपुर के नाम सामने आए। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने दोनों अभियुक्तों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से लूटी गई चेन बरामद हुई। पुलिस ने मुकदमे में धारा 112/317(2) बीएनएस की वृद्धि की है। पकड़े गए अभियुक्त मोहन कुमार का पुराना आपराधिक इतिहास है, जिस पर पहले से ही गैंगस्टर एक्ट, लूट और जानलेवा हमले जैसे आधा दर्जन गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेजकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एक नजर...

### शातिर चोर शेर अली गिरफ्तार



**नजीबाबाद।** पुलिस द्वारा शातिर चोर शेर अली को मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया है। 24 मार्च को विपिन राज चौहान पुत्र चन्द्रपाल सिंह ने दुकान से चोर द्वारा वादी का मोबाइल चोरी कर लेने के सम्बन्ध में तहरीर दी थी। पुलिस द्वारा घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए सीसीटीवी कैमरों की मदद से घटना में शामिल शेर अली पुत्र शौकत मौहल्ला बांसफोडान को पहचान लिया गया। पुलिस ने उसे मोबाइल सहित गिरफ्तार कर लिया है।

### गोकशी में आजाद गिरफ्तार



**नजीबाबाद।** पुलिस ने गौकशी के मामले में 22 मार्च को सलमान उर्फ बिहारी व अयान पुत्रगण उस्मान उर्फ बाबू निवासी भनेड़ा को गिरफ्तार किया था। वह अपने पिता उस्मान उर्फ बाबू पुत्र कल्लू निवासी निकट बुध बाजार, ग्राम भनेड़ा, थाना किरतपुर के साथ यहां इदरीस पुत्र महबूब निवासी काजी हाउस तिराहा, मौहल्ला पठानपुरा के घर पर प्रतिबंधित गौवंशीय पशु का मांस लेकर आए थे। पुलिस ने बाद में उस्मान को भी गिरफ्तार कर लिया था। इनसे गौमांस बरामद किया गया था। पुलिस ने अब इदरीस पुत्र महबूब को गिरफ्तार किया है।

### सपाईयों ने मनाई अशोक की जयंती



**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। विचार गोष्ठी में प्रवक्ता अखलाक पप्पू ने कहा कि सम्राट अशोक, मौर्य साम्राज्य के महान शासक थे। उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया था और अहिंसा व प्रेम के मार्ग पर चल पड़े थे। उन्होंने कहा कि हम सभी को आज उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। सभी एकजुट होकर आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग जाए। कार्यक्रम में लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रजत त्यागी उर्फ राजा भैया, अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव नमन कुमार, वरिष्ठ नेता देवानन्द भुईयार, प्रमोद प्रधान, मयूर सिंह यादव, संजय पाल, सुरेन्द्र वाल्मीकि, सलमान, साहिल आदि मौजूद रहे।

### 'दोस्ती चाय' की दुकान का उद्घाटन



**नगीना।** नगर पालिका अध्यक्षा के ज्येष्ठ पुत्र एवं चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने क्षेत्र के विकास और युवाओं के स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। उन्होंने मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा स्थित बढ़ापुर रोड पर इमलियों वाले चौराहे के पास राम सिंह के होटल के निकट 'दोस्ती चाय' नामक चाय की नई दुकान का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शेख शाहनवाज खलील ने दुकान स्वामी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर छोटे उद्यमों की शुरुआत आर्थिक मजबूती के लिए जरूरी है। उद्घाटन समारोह के दौरान इरफान अंसारी, गुड्डू अंसारी, युवा नेता मोहम्मद फरमान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### युवक के साथ मारपीट

**नगीना।** मामूली विवाद के चलते तीन युवकों ने दो लोगों के साथ गाली-गलौच करते हुए जमकर मारपीट की। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मौहल्ला विश्नोई सराय निवासी मोनू पुत्र रामअवतार ने बताया कि 24 मार्च की दोपहर वह अपने साथी कृष्ण के साथ किसी कार्य से बूढ़ावाली चुंगी जा रहे थे। रास्ते में शुऐब, शावेज और जानु पुत्रगण युसुफ निवासीगण कायस्थ सराय ने उन्हें रोक लिया। किसी बात को लेकर हुई कहासुनी के बाद तीनों आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौच शुरू कर दी और मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थाना नगीना पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत



**नगीना।** थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक हृदयविदारक घटना में 65 वर्षीय बुजुर्ग की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम अजीपुरा चौहान सैदपुरी महीचंद निवासी निजामुद्दीन (पुत्र वजीर अहमद) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार निजामुद्दीन कुछ समय से बीमार और मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि इसी अवस्था में वे दोपहर करीब 12 बजे घर से निकलकर रेलवे ट्रैक पर पहुंच गए, जहाँ वे मालगोदम के पास 4654 अमृतसर जलपाईगुड़ी ट्रेन की चपेट में आकर हादसे का शिकार हो गए। सूचना मिलते ही जीआरपी मौके पर पहुंची। रेलवे पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। बुजुर्ग की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## जिम्मी सिंह ने लिया कन्याओं का आशीर्वाद





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रामबाग घेर निवासी समाजसेवी जिम्मी सिंह पत्नी अशोक ने चैत्र नवरात्रि की अष्टमी के अवसर पर अपने निवास पर कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस दौरान उन्होंने कन्याओं को आमंत्रित कर विधि-विधान से पूजन किया और उन्हें हलवा-पूरी का भोग लगवाया।

पूजन के उपरांत कन्याओं को उपहार एवं दक्षिणा भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर परिवार के सदस्यों में धार्मिक उत्साह देखा गया और माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

## सपा की नई जिला कमेटी घोषित न होने से कार्यकर्ताओं में मायूसी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा की नई जिला कमेटी घोषित न होने से कार्यकर्ताओं में मायूसी फैली हुई है। कार्यकर्ता चाहते है कि पार्टी हाईकमान को जिसे भी जिलाध्यक्ष बनाना है, उसके नाम का ऐलान जल्दी कर दें, ताकि चुनाव की तैयारियों पर कोई प्रतिकूल असर न पड़े।

गौरतलब है कि लगभग दो माह पूर्व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष व जिला महासचिव सहित पूरी जिला कमेटी बर्खास्त कर दी थी। इसके बाद जिलाध्यक्ष पद के नये दावेदारों ने जोरआजमाईश शुरू कर दी थी। कोई मौलवियों व उलेमाओं को लेकर लखनऊ व दिल्ली में पार्टी कार्यालय तक दौड़ लगा रहा था। कोई अपने पैरोकारों के जरिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तक अपनी गुजारिश पहुंचा रहा था। जिलाध्यक्ष पद के इतने ज्यादा दावेदार सामने आ गए थे कि निर्णय लेने में देरी हो रही थी। सभी दावेदार एक-दूसरे की टांग खींचने में लगे हुए थे। इससे नाराज होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कुछ नेताओं को आईना भी दिखाया था। नगर पालिका चुनाव में बेहद खराब प्रदर्शन करने वाले उम्मीदवार भी जिलाध्यक्ष बनने के लिए पूरी ताकत लगा रहे थे। हालात को देखते हुए नये जिला अध्यक्ष व जिला कमेटी की घोषणा को रमजान माह के मद्देनजर टाल दिया गया था। इसके बाद से दावेदार शांत हो गए थे।

### दावेदार लगातार कर रहे कोशिश

हालांकि कुछ दावेदारों ने रमजान माह में भी इबादत को छोड़कर लखनऊ व दिल्ली में होटलों को आबाद किया। लेकिन अब ईद उल फितर का त्यौहार बीत जाने के बाद दावेदारों ने फिर से जोरआजमाईश शुरू कर दी है। वह राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को चेहरा दिखाने के लिए मौके की तलाश कर रहे हैं। कोई अपने पैरोकार वरिष्ठ नेता के दरबार में हाजिरी लगा रहा है और कोई उलेमाओं व मौलानाओं की जमात को लेकर लखनऊ का रूख करने के लिए तैयारी कर रहा है। दावेदारों ने एक बार फिर हलचल तेज कर दी है। न जाने किस वजह से यह दावेदार जिलाध्यक्ष बनना चाहते है। मगर पार्टी का आम कार्यकर्ता इससे अलग सोच रखता है। पार्टी के वफादार कार्यकर्ता चाहते है कि जल्दी से जल्दी नया जिलाध्यक्ष बनाया जाए। ताकि चुनाव की तैयारियों पर कोई प्रतिकूल असर न पड़े। कार्यकर्ताओं का इस गुटबाजी से कोई लेना-देना नहीं है। गुटबाजी सिर्फ बड़े नेता कर रहे हैं। आम कार्यकर्ता तो पार्टी के प्रति वफादार है।

## कृषि वाहनों का दुरुपयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ब्लॉक क्षेत्र में खुलेआम नियमों का उल्लंघन कर कृषि वाहनों का दुरूपयोग किया जा रहा है। ट्रैक्टर-ट्रॉली में लकड़ी के लट्ठे भर कर ओवर लोडिंग, मण्डी समिति शुल्क और जीएसटी की चोरी की जा रही है।

कासमपुर गढ़ी, मानियावाला, नगर के कालागढ़ मार्ग, सलावतनगर मार्ग व भूतपुरी-जसपुर मार्ग से दिन रात सैकड़ों ट्रैक्टर बड़े-बड़े ट्रालों व टिपलरों में यूकेलिप्टस व पॉपुलर आदि के लट्ठे भर कर निकाले जा रहे हैं। ट्रैक्टर-ट्रॉली में इतना लोड भरते हैं कि समीप से निकलते हुए भी राहगीर व वाहन चालक डरते हैं। यह माल हरियाणा के यमुना नगर में भेजा जा रहा है।

देखने वाली बात है यह ट्रैक्टर ट्राले बिजनौर, मुजफ्फरनगर व सहारनपुर जनपद एवं जगह-जगह पुलिस चौकियों, वन विभाग की चोकियों व जीएसटी, मंडी समिति सेल टैक्स चेक पोस्टों पर लिफाफा या हाथ में नकदी पकड़ाते हुए बेखौफ निकल जाते हैं। सूत्रों की माने तो परिवहन विभाग के द्वारा तो इन ट्रैक्टर-ट्रॉले वालों से एंट्री फीस के नाम पर वसूली की जा रही है ।



यह सड़कों पर यमदूत बनकर मौत बांटने का काम कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो इन ट्रैक्टर-ट्रालों में 200 कुंतल से भी अधिक वजन ले जाया जाता है। शासनादेश के अनुसार ट्रैक्टर ट्रॉली में किसान को मात्र 40 कुंतल तक वजन ले जाने की अनुमति है।

## शेख शाहनवाज ने किया उद्घाटन

### नागरिकों को मिलेगी बेहतर सुविधाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मौहल्ला खुर्रम अली सराय निवासी राहिल अहमद के प्रतिष्ठान हानिया कनफेक्शनरी एवं जूस सेंटर का आज रायपुर रोड स्थित रेलवे डबल फाटक के सामने उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के अध्यक्षा के पुत्र व चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील रहे। जिन्होंने फीता काटकर दुकान का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने राहिल अहमद को नई शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि स्थानीय स्तर पर व्यापार बढ़ने से क्षेत्र



के लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होती हैं। उद्घाटन समारोह में बदर मुनीम, मकसूद उस्मानी, शेख शद्दन और अंजार सैफी, इकबाल अहमद, नूर मौहम्मद, मौ. अकरम, बिलाल, मौ. शारिब, मौ. फैजान, मौ. असलम, मौ. इरफान, मौ. शुऐब, मौ. परवेज, मौ. सलीम, मौ. आदिल और मौ. दानिश आदि मौजूद रहे।

# मां भगवती की भव्य शोभायात्रा निकली

## झांकियों ने मोहा श्रद्धालुओं का मन, नगर में विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा से स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** चैत्र नवरात्र की अष्टमी के पावन अवसर पर धामपुर स्थित सिद्धपीठ प्राचीन द्रौपदी देवी मंदिर से मां भगवती की भव्य और विशाल शोभायात्रा बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई। इस दौरान पूरे नगर में भक्तिमय माहौल देखने को मिला और 'जय माता दी' के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

शोभायात्रा का शुभारंभ महाराजा सूरसेन सैनी चौक से पूर्व विधायक डा. इंद्रदेव सिंह, पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से नारियल भंजन और गुब्बारे उड़ाकर किया।

शोभायात्रा में शिव बारात, मां काली, राधा-कृष्ण, गोपियां और बजरंगबली सहित विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक और





मनोहारी झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। इन झांकियों को देखने के लिए नगर ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

यात्रा में शामिल अखाड़ों के युवाओं ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु पूरे उत्साह और आस्था के साथ शोभायात्रा में शामिल होते नजर आए। नगर के विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही, जिससे पूरा शहर भक्तिरस में डूबा नजर आया।

आयोजकों के अनुसार शोभायात्रा की तैयारी काफी समय पहले से ही शुरू कर दी गई थी, ताकि इसे भव्य और सुव्यवस्थित रूप दिया जा सके। शोभायात्रा सिहोरा चुंगी से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई देर रात मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुई। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया और शांतिपूर्ण आयोजन में अपना विशेष सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष राहुल सैनी, सन्नी सैनी, रूप सिंह, खुशीराम सैनी, नरेश सैनी, सोमेंद्र सैनी, सुरेंद्र सैनी, मुकुल सैनी, हिमांशु सैनी, संदीप सैनी, नकुल सैनी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

ईद उल फितर व नवरात्र की मुबारकबाद
फिरोज बेग
ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी ग्राम पंचायत रेहड़



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** बीती रात बाइक सवार युवक कि सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक कि मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम मोहंडिया निवासी अमित (18 वर्ष) पुत्र राजेंद्र बीती रात नौ बजे के करीब घर से बाइक से मंडावर जाने के लिए निकला था। जैसे ही वह मंडावर जाने वाले मुख्य मार्ग पर रसोलिया पीर के पास पंहुचा, तभी किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

राहगिरों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए



## परिजनों में मचा कोहराम

भिजवाया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है! मृतक युवक दिल्ली में रहकर रंग पेंट का काम करता था तथा चार-पांच दिन पूर्व घर आया था।

# देवी के स्वागत में दीपयज्ञ का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान की संस्थापिका सविता अग्रवाल के द्वारा समस्त संस्थान सदस्यों के साथ सप्तम कालरात्रि देवी का स्वागत करते हुए शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में दीपयज्ञ कराया गया। जिसमें डांडिया भी खेला गया और उपस्थित सभी से सनातनी नववर्ष मनाने का वचन लिया। एक-दूसरे को तिलक लगाकर फूलों की वर्षा कर, नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

श्रद्धालुओं ने निर्णय लिया कि हिंदू नववर्ष मनाया करेंगे। मां काली मंदिर के सदस्यों ने भी बहुत सहयोग किया। सविता अग्रवाल ने कहा कि दीप जलाकर और तिलक कर फूलों की वर्षा करने का जनता पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा। अगले वर्ष अनेक लोग हमारे साथ इसमें सहयोग करेंगे। इस मौके पर सदस्य सर्वेश गुप्ता,




पूनम गुप्ता, सविता अग्रवाल, आराध्यश्री रस्तोगी, आशी रस्तोगी, आशा अग्रवाल, नीना शर्मा, कुसुमलता अग्रवाल, शशि शर्मा, प्रदीप अग्रवाल, रानी भटनागर, वंदना अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, उमा अग्रवाल, इंद्रपाल सिंह, अमोघ अग्रवाल, हुकुम सिंह, विजेंद्र सिंह राठी आदि मौजूद रहे।

# जैद ने बढ़ाया अजीम का हौंसला

## शॉल ओढ़ा कर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** अब्दुल रज्जाक फाउंडेशन व अब्दुल समी रॉयल एकेडमी के चेयरमैन एवं युवा समा. जसेवी शेख मौहम्मद जैद ने सिविल सर्विसेज सेवा में 588 रैंक हासिल करने वाले अजीम अहमद का हौंसला बढ़ाया।

प्राप्त समाचार के अनुसार शेख मौहम्मद जैद परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अजीम अहमद पुत्र इदरीस



अहमद के निवास ग्राम झिलमिला गढ़ी पहुंचे। उन्होंने अजीम अहमद को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। शेख मौहम्मद जैद ने अजीम अहमद की कामयाबी को झोझा बिरादरी ही नहीं, बल्कि पूरी कौम के लिए गौरव का विषय बताया। उनके परिवार को उसकी कामयाबी पर बधाई देते हुए कहा कि अजीम अहमद को मिली जुली मेहनत से हासिल हुई है। शेख मौहम्मद जैद ने यूपीएससी की परीक्षा पास करने वाले सभी अभियर्थियों को बधाई देते हुए बताया कि शीघ्र ही अब्दुल रज्जाक फाउंडेशन की ओर से उन्हें अफजलगढ़ आमन्त्रित कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि अजीम अहमद व असद अंसारी जैसे मेहनती युवाओं से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर सलीम अहमद, शाहिद अहमद, जलीस अहमद, मौहम्मद अजीम एड., मौहम्मद जावेद एड., अनीस अहमद सैफी आदि मौजूद थे।

## तबियत बिगड़ने से बुजुर्ग की मौत



**नहटौर।** साइकिल सवार बुजुर्ग की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। ग्राम नन्नूशेरपुर निवासी धर्मवीर सिंह (60) साइकिल से किसी काम से नहटौर आ रहे थे। मौहल्ला नौधा के पास पहुंचते ही उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें खून की उल्टियां होने लगीं। सड़क पर बीमार देख राहगीरों ने तुरंत उन्हें सीएचसी पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। वे बिना किसी पुलिस या कानूनी कार्रवाई के शव को अपने साथ घर ले गए। चिकित्सा प्रभारी आशीष आर्य ने बताया कि पुलिस को सूचना दी गई थी, लेकिन परिजन बिना कार्रवाई के ही शव ले गए।

## एक नजर

### सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**नजीबाबाद।** भाजपा सरकार के नौ साल पूरे होने पर स्थानीय तहसील परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर विभिन्न विभागों ने कैंप लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कैंप में बड़ी संख्या में ग्रामीणों व आम नागरिकों ने पहुंच कर लाभ उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर सरकार की उपलब्धियों व जनहित में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पिछले नौ वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि व रोजगार में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

### खंडित राष्ट्रीय ध्वज लगाने से रोष

**कोतवाली देहात।** ब्लॉक कार्यालय के गेट पर फटा हुआ राष्ट्रीय ध्वज लगा हुआ है। क्षेत्रवासियों ने इस पर कड़ा रोष व्यक्त किया है। ब्लॉक कार्यालय के मुख्य गेट पर तिरंगा झंडा लगा हुआ है। यह झंडा खंडित अवस्था में है। इसी गेट से प्रतिदिन ब्लॉक के अधिकारी एवं कर्मचारी ब्लॉक कार्यालय में प्रवेश करते हैं। खंड विकास अधिकारी का कार्यालय भी परिसर में है। फटा हुआ झंडा ब्लॉक कार्यालय के गेट पर लगाने को लेकर क्षेत्रवासियों ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया। लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

### गौवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण



**चांदपुर।** पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक द्वारा गौवंश आश्रय स्थल रामपुर नजराना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से अपनी बात साझा की। कानून व्यवस्था के बारे में बताया तथा मौजूदा एवं आने वाले पर्वों पर शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने निरीक्षण के दौरान समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया और गौ आश्रय स्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### अखिलेश यादव से मिले सपाई



**चांदपुर।** सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव आसिफ असलम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली में अखिलेश यादव से मुलाकात की। इस दौरान आसिफ असलम ने अपने परिवार में आयोजित विवाह कार्यक्रम में आमंत्रित करते हुए अखिलेश याद निमंत्रण पत्र दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विवाह निमंत्रण स्वीकार करते हुए आसिफ असलम के यहां पहुंचने का आश्वासन दिया। दिल्ली में मुलाकात करने वालों में शेख रईस अहमद जिला सचिव, यूनुस ताऊ जिला उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय सचिव आसिफ असलम सहित एक दर्जन से भी अधिक कार्यकर्ता शामिल रहे।

### शाहनवाज बने युवा जिला प्रभारी




**अफजलगढ़।** आजाद समाज पार्टी को मजबूत करने की पहल करते हुए नगर निवासी सभासद शाहनवाज सिद्दीकी को युवा मोर्चा का जिला प्रभारी बनाया गया है। आसपा युवा मोर्चा मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष एड. सचिन चौधरी ने यह नियुक्ति की है। उन्होंने बताया कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं कांशीराम की महान विचारधारा बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। सभासद मौहम्मद शाहनवाज सिद्दीकी ने कहा कि वह पार्टी को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

### इरफान मंसूरी का भाईचारे पर जोर



**बिजनौर।** भारतीय पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौहम्मद इरफान मंसूरी आज ग्राम महेश्वरी में मुख्य मंडल प्रभारी मुरादाबाद डॉ. फरमान अहमद के आवास पर पहुंचे। साथ में भारतीय पसमांदा मुस्लिम समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना आसिफ अली भी थे। इस मौके पर 2027 के चुनाव को लेकर अहम चर्चा हुई। इरफान मंसूरी ने कहा कि किसी भी कीमत पर सेकुलर वोटों का बंटवारा नहीं होने दिया जाएगा और जो पार्टी या कैंडिडेट जनता के हितों की रक्षा, नौजवानों को कारोबार और देश में भाईचारा और संविधान की बात करेगा, उसी को तन, मन, धन से लड़ाया जाएगा। देश से नफरत को खत्म किया जाएगा। प्यार व मौहब्बत को आम किया जाएगा। पहले हमारा देश सोने की चिड़िया कहा जाता था, अपने देश को फिर वैसे ही बनाना है। इस दौरान उनके साथ मास्टर तसलीम अहमद व इरशाद अहमद भी थे।

### मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़



**नांगल सोती।** अष्टमी के अवसर पर प्राचीन काली देवी मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने मंदिर में माता के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया और मन्नत मांगी। चैत्र मास की अष्टमी पर भक्तों ने आठ दिन लगातार व्रत रखने बाद अपने घरों में कन्या पूजन कर भोग लगाया। प्राचीन काली माता मंदिर पर माता के दर्शन करने वालों की खासी भीड़ रही। इस दौरान भक्तों ने काली माता के दर्शन के साथ, हनुमान, राम दरबार, भोले शंकर के आदि मंदिरों के प्रसाद चढ़ाया।

## एक नजर

### कल्हैड़ी का छात्र यासिर लापता

**बिजनौर।** नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर कल्हैड़ी निवासी यासीर कल दोपहर तीन बजे से लापता है। वह कल दोपहर तीन बजे के लगभग घर से भागूवाला के लिए निकला था। आखिरी बार वह रेलवे स्टेशन के टिकट घर पर देखा गया था। वह नजीबाबाद के एमडीएस इंटर कॉलेज का छात्र है।

### कादराबाद सोसायटी में हमला

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र की कादराबाद सोसाईटी में खाद व बीज की जानकारी करने के लिए आए व्यक्ति पर दो व्यक्तियों द्वारा मारपीट कर जान से मारने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। बूटा सिंह पुत्र पाला सिंह निवासी ग्राम भोगपुर, थाना बढ़ापुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई मंगल सिंह जब कादराबाद सोसाईटी से खाद व बीज की जानकारी कर वापस आ रहा था, तो सुखविन्दर उर्फ गुल्लू पुत्र मुक्खा निवासी ग्राम कुंआखेडा खदरी व करन सिंह पुत्र चिम्मन सिंह निवासी ग्राम भोगपुर ने उसके भाई मंगल सिंह के साथ गाली गलौच कर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। वह घायल अवस्था में छोड़कर मौके से भाग गए।

### बिजनौर में शुभम गिरफ्तार

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस न डूडापुरी, झालू रोड निवासी शुभम पुत्र विरेन्द्र को केशव दूबे के केडीवार से शराब चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मौहल्ला चाहशीरी का आनंद व ट्यूबवैल कॉलोनी का मुन्ना पुत्र धूम सिंह फरार हो गया।

### बढ़ापुर में बाप-बेटी गिरफ्तार

**बिजनौर।** थाना बढ़ापुर में 14 मार्च को हरियाणा के ग्राम रत्ता खेड़ा निवासी बिट्टू राम पुत्र नौसा सिंह ने तहरीर दी थी कि फौजा सिंह पुत्र वजीर सिंह, कौशल्या सिंह पत्नी फौजा सिंह, राजविन्द्र कौर उर्फ सुमन पुत्री फौजा सिंह, सोनू पुत्र फौजा सिंह के द्वारा उसके भाई रविकांत के साथ मारपीट करते हुए आत्महत्या के लिए उकसाया गया। जिससे आहत होकर रविकांत ने जहरीला पदार्थ खा कर आत्महत्या कर ली। बढ़ापुर पुलिस ने धारा 115 (2) व 108 बीएनएस में चार के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने फौजा सिंह व उसकी पुत्री राजविन्द्र कौर उर्फर सुमन को गिरफ्तार कर लिया है।

### रेहड़ में साजन व राजीव अरेस्ट

**बिजनौर।** थाना रेहड़ में ग्राम इमरतपुर निवासी अभिषेक कुमार पुत्र अशोक कुमार ने वादीगण चौराहे से अपनी बाइक चोरी होने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में ग्राम दहलावाला निवासी साजन पुत्र हुलशन सिंह एवं राजीव कुमार पुत्र हरपाल सिंह को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की गई बाइक एवं वाहन संख्या यूके 07-6810 की आरसी बरामद की है।

### नमाज पढ़ने जा रहे युवक से मारपीट

**नगीना।** ग्राम हरगांव चांदन निवासी राशिद अली पुत्र मौहम्मद यामीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 12:30 बजे वह कताई मिल के पास स्थित फार्म पर नमाज पढ़ने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में गांव के ही शाहिद और आबिद पुत्रगण सईद ने उसे रोक लिया और बिना किसी कारण गाली-गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने राशिद पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित ने भागकर मस्जिद में छुपकर अपनी जान बचाई। जाते समय आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे गए। थाना प्रभारी अवनीत मान ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### छात्राओं को किया जागरूक



**नगीना।** एचआईसी कॉलेज में मिशन शक्ति 5 के अंतर्गत नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्राधिकारी नगीना और मिशन शक्ति टीम की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बालिकाओं के लिए दौड़ प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए और उन्हें महिला अधिकारों के प्रति जागरुक किया। साथ ही, आपातकालीन स्थिति में मदद के लिए हेल्पलाइन नंबरों 1090, 181 और 112 की विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस ने बालिकाओं को निडर होकर शिक्षा और अपने लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# नगीना में श्रद्धापूर्वक मनाई दुर्गा अष्टमी

## कन्याओं को भोज कराकर उपहार भेंट किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर इस वर्ष भी दुर्गा अष्टमी का पर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री मनोज पारस के निवास पर अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस मौके पर विधायक के अनुज धर्मेंद्र पारस, पुत्र अक्षेष पारस, पुत्रवधू अनुप्रिया पारस एवं पौत्री सिया पारस ने विधिवत रूप से मां महागौरी की पूजा-अर्चना की। पूजन के पश्चात परिवार के सदस्यों ने छोटी कन्याओं को आमंत्रित कर उनके चरण पखारे और विधि-विधान से कन्या पूजन संपन्न किया।



श्रद्धालु परिवार ने मां महागौरी से सभी क्षेत्रावासियों की सुख-समृद्धि और मंगल कामना की प्रार्थना की। इस दौरान धर्मेंद्र पारस जी ने समस्त क्षेत्रावासियों को महाष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। अंत में कन्याओं को भोज कराकर उपहार भेंट किए गए।

# काजीपाड़ा में मोबाइल टावर पर कनेक्शन को लेकर हंगामा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मौहल्ला काजीपाड़ा में उस समय हंगामा हो गया, जब बिजली विभाग की टीम एक मोबा. इल टावर के बिजली कनेक्शन पर मीटर लगाने पहुंची। मौहल्लेवासियों के कड़े विरोध के कारण टीम को बिना मीटर लगाए ही वापस लौटना पड़ा। यह घटना रहीमिया पब्लिक स्कूल के पीछे वाली गली में हुई। बिजली विभाग की टीम घरेलू बिजली लाइन से मोबाइल टावर के कनेक्शन पर मीटर लगाने का प्रयास कर रही थी। इस दौरान दर्जनों मौहल्लेवासी इकट्ठा हो गए और उन्होंने इस कदम का जमकर विरोध किया। हंगामा काफी देर तक चलता रहा। बिजली विभाग के अधिकारियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन मौहल्लेवासी अपनी घरेलू लाइन से टावर को कनेक्शन देने को तैयार नहीं थे। हंगामे की सूचना पर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों को शांत किया और उन्हें बैठकर बातचीत करने की सलाह दी। हालांकि, मौहल्लेवासियों के कड़े विरोध के कारण बिजली विभाग की टीम को बिना कनेक्शन और बिना मीटर लगाए ही लौटना पड़ा। मौहल्लेवासियों ने बताया कि उन्होंने इसकी शिकायत बहुत पहले से कर रखी थी, लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी आज अचानक से टावर पर कनेक्शन करने के उद्देश्य से मीटर लगाने पहुंच गए थे।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार 28 से

**बिजनौर।** 28 व 29 मार्च को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इस सेमिनार का उद्घाटन 28 मार्च को प्रात: दस बजे किया जायेगा। इस कार्यक्रम को प्रो. सचिन माहेश्वरी, कुलपति, गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद सम्बोधित करेंगे तथा अर्जुन साहू, अवैतनिक सचिव, प्रबंध तंत्र कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

# ब्लॉक जलीलपुर कार्यालय का सीडीओ ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सीडीओ ने कल दोपहर करीब 12 बजे विकास खंड जलीलपुर कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ सहायक गैरहाजिर मिले। इससे पहले 11 फरवरी को उन्हें बिना बताए कार्यालय से लापता रहने पर चेतावनी दी गई थी। बाद में उन्हें 18 फरवरी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई, इसके बावजूद उनकी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं हुआ। सीडीओ के आदेश पर डीडीओ रचना गुप्ता ने ब्लॉक जलीलपुर में कार्यरत वरिष्ठ सहायक मनोज कुमार को निलंबित करने के साथ सीडीओ कार्यालय से अटैच कर दिया। वहीं इस प्रकरण की विस्तृत जांच बीडीओ मौहम्मद देवमल को सौंपी। गई है। निलंबन आदेश में

## गैरहाजिर मिले वरिष्ठ सहायक निलंबित

वरिष्ठ सहायक को 15 दिन के भीतर जांच अधिकारी को जवाब देने की हिदायत दी। इसके अलावा सीडीओ ने निरीक्षण में पाया कि सरकार की विभिन्न योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष काम नहीं हुआ। इस पर सीडीओ ने डीडीओ को बीडीओ जलीलपुर अरूण के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। डीडीओ ने अरूण कुमार को सीडीओ कार्यालय से अटैच कर दिया। उनके स्थान पर राजीव कुमार को जलीलपुर का बीडीओ बनाया गया। उधर, डीडीओ रचना गुप्ता ने बीडीओ जलीलपुर और वरिष्ठ सहायक के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की पुष्टि की है।

# मां काली मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

## जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर, कन्या पूजन व भव्य आरती ने बांधा समां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** चैत्र नवरात्र की अष्टमी के पावन अवसर पर कस्बे के प्रसिद्ध मां काली मंदिर में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लग गई और 'जय माता दी' के गगनभेदी जयकारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु मां के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते नजर आए।

अष्टमी के विशेष अवसर पर महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कन्या पूजन किया। छोटी-छोटी बालिकाओं को मां का स्वरूप मानकर उनके चरण धोए गए, तिलक लगाया गया और श्रद्धा भाव से उन्हें भोजन कराया गया। साथ ही फल, मिठाई व दक्षिणा देकर उनका सम्मान किया गया। यह दृश्य पूरे परिसर में भक्ति और आस्था का जीवंत उदाहरण बन गया।

मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रंग-बिरंगे फूलों और रोशनी से सजा परिसर सुगंधित और मनमोहक नजर आया। दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जिससे मंदिर में भारी भीड़ बनी रही। सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से प्रशासन की उपस्थिति भले ही नजर नहीं आई, लेकिन मंदिर समिति के सदस्यों ने व्यवस्था को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मंदिर के पुजारी राजू पंडित ने श्रद्धालुओं को विधि-विधान से पूजा कराई और मां काली की आराधना का महत्व बताया। उनके मार्गदर्शन में भक्तों ने पूर्ण श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजन संपन्न किया।

मंदिर समिति के स्वयंसेवक लगातार सक्रिय रहे और भीड़ को नियंत्रित करते हुए श्रद्धालुओं को व्यवस्थित ढंग से दर्शन कराते रहे। उनके सहयोग से पूरे दिन व्यवस्था संतुलित बनी रही और किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने दी गई।

शाम के समय मां काली की भव्य आरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। घंटियों की ध्वनि, भजनों की गूंज और दीपों की रोशनी से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। भक्त भाव-विभोर होकर मां का गुणगान करते नजर आए।

अष्टमी के इस पावन मौके पर मां काली मंदिर में उमड़ी आस्था ने पूरे कस्बे को भक्तिमय बना दिया और हर ओर धार्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# दबंगों का दो युवकों पर जानलेवा हमला



## हॉर्न बजाना पड़ा भारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** बाइक का हॉर्न बजा कर गाड़ी हटाने को कहना दो युवकों को भारी पड़ गया। पास में मौजूद एक घर में से निकले कुछ दबंगों ने बाइक सवारों पर हमला कर दिया और जमकर कुटाई कर दी। जिसमें सलमान और फरमान दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदपुर में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार हीमपुर दीपा थाने में तहरीर देकर सलमान और फरमान ने बताया कि वह बाइक पर कुछ सामान रख कर ला रहे थे। वहीं रास्ते में खड़ी गाड़ी को हटाने के लिए जब उन्होंने हॉर्न दिया, तो कार सवार के बजाय पास में ही स्थित एक घर से कुछ दबंग बाहर निकाल कर आए और उनके साथ मारपीट कर दी। जिससे वह घायल हो गए और उन्हें गंभीर चोट आई है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेते हुए दोनों भाइयों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्याऊ उपचार के लिए भेज दिया और अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

# राजस्व पेंशनर्स वैलफेयर एसो. की बैठक

## वक्ताओं ने अपने-अपने सुझाव रखे




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राजस्व पेंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन धामपुर शाखा की तहसील सभागार में बैठक आयोजित की गई।

सर्व प्रथम सचिव द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 आय व्यय का ब्यौरा एवं परिलब्धियों, क्रिया-कलापों का विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं एवं निस्तारण पर चर्चा की गई। बलराम दत्त, श्यामलाल, बीरेंद्र सिंह, मुनेशवंद शर्मा, लोकेंद्र सिंह उपाध्यक्ष जिला कार्यकारणी ने एसोसिएशन के हितार्थ अपने अपने विचार रखें। बैठक में रामकिशन शर्मा का चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिल का भुगतान न होन एवं चंद्रवीर सिंह का जीपीएफ का 10 प्रतिशत भुगतान का न होने का प्रकरण संज्ञान में आया है, जिसका 6 माह की अवधि तक भी तहसील नगीना के आर.के. कोषाधिकारी कार्यालय के बावूओं द्वारा लापरवाही के कारण भुगतान नहीं हो पाया है। एसोसिएशन शीर्ष प्राथमिकता से दोनों साथियों के बकाया भुगतान कराने की आपेक्षित कार्यवाही कराएगा। वित्तीय बर्ष के समापन पर कतिपय सदस्यों के अवशेष अंशदान/बंदा जमा किए गए।

बैठक में कुलवीर सिंह, वीरेंद्र सिंह, पवन कुमार, दिनेश कुमार, रामकुंवर सिंह, विजयपाल सिंह, रोहिताश्व सिंह, रामकिशन शर्मा, नरेशपाल सिंह, योगेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे। अंत में अध्यक्ष द्वारा पदाधिकारी/सदस्यगण के उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने एवं वक्ताओं द्वारा अपने-अपने सुझाव देने पर आभार प्रकट किया गया। जगदेव सिंह (प्रचार मंत्री) के पिता के 24 मार्च को अकास्मिक निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रृद्धांजलि दी गई। समस्त कार्यवाही शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। अंतत बैठक समाप्ति की विधिवत् घोषणा की गई। अध्यक्षता मदनपाल सिंह एवं संचालन रथींद्र कुमार सचिव द्वारा किया गया।

# हत्या और जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

## एक आरोपी अभी भी फरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** पुलिस ने हत्या और जानलेवा हमले के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस हमले के दो आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अभी भी एक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है।

बीते गुरुवार को नांगल थाना क्षेत्र के गांव शहजादपुर निवासी पप्पू और महेंद्र दो सगे भाइयों में खेत की मेढ़ को लेकर खूनी संघर्ष हो गया था। इस हमले में पप्पू और पुत्र मोनू गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। इस हमले में घायल मोनू ने देहरादून के अस्पताल में सोमवार रात इलाज के दम तोड़ दिया था। जिसके पुलिस ने जानलेवा हमले के मुकदमे को हत्या में तरमीम कर दिया। इस मामले में आरोपी यशपाल उर्फ टिंकू और महेंद्र को पुलिस ने जिला अस्पताल भेज से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उनकी निशानदेही पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त एक सरिया और एक डंडा बरामद किया है। इस घटना के दो आरोपी जयपाल और कोमल पहले ही जेल जा चुके है, एक आरपी लाल सिंह फरार है जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है।

## गाजीपुर कुतुब में ईद मिलन कार्यक्रम

**नजीबाबाद।** हिंदू युवा महाशक्ति सेना राजनीति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हर्वेद्र राणा व मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह के नेतृत्व में ग्राम गाजीपुर कुतुब में यूसुफ के निवास पर ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय महिला समाज स्वराज शक्ति की महिला टीम भी शामिल रही।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष निशि चौधरी उनकी माता, जिला मीडिया प्रभारी विकास कुमार उनकी धर्मपत्नी आरजू तोमर, बेगराज, सतपाल, अनिल, प्रदीप कुमार, राजेंद्र सिंह, रावेंद्र चौधरी, शिवम कुमार, अनुज, अभिषेक आदि शामिल रहे।

हिंदू युवा महाशक्ति सेना के मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। कार्यक्रम में हर्वेन्द्र सिंह राणा, मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह, मंडल सचिव रीता देवी आदि मौजूद रहे।

## कन्याओं को जिमा कर लिया आशीर्वाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नवरात्रि के अष्टमी पर माता के मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही।

नवरात्रि के अष्टमी के दिन श्रद्धालुओं ने कन्याओं को जिमाया। नवरात्रि पर अष्टमी के दिन कन्याओं को जिमाया जाता है। जिसके लिए सुबह से ही श्रद्धालु कन्याओं के लिए पूरी छोले, सब्जी, रायता, चना हलवा आदि का प्रसाद बनाकर कन्याओं को बुलाकर जिमाते हैं। फिर उनके पैर छूकर आशीर्वाद लेते हैं। जिससे घर में सुख-समृद्धि खुशहाली आती है। कन्याओं को माता स्वरूप माना जाता है। नवरात्रि पर श्रद्धालु व्रत रखकर अष्टमी के दिन माता स्वरूप कन्याओं को अपने घर बुलाकर भोजन कराते हैं उसके बाद दान स्वरूप रुपए और सामान भेंट करते हैं।

फिर कन्याओं के पैर छूकर आशीर्वाद लेते हैं। जिससे घर में खुशहाली सुख-समृद्धि आती है। कुछ श्रद्धालु नवमी के दिन कन्याओं को जिमाते हैं।

# कन्या पूजन एवं भंडारे का आयोजन

## कन्याओं को तिलक लगाकर चुनरी ओढ़ाई, प्रसाद एवं उपहार भेंट किए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** चैत्र नवरात्रि की दुर्गा अष्टमी के अवसर पर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा के निवास पर श्रद्धा, आस्था एवं धार्मिक उत्साह के साथ कन्या पूजन एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ माता रानी की पूजा-अर्चना से हुई। जिसके बाद कन्याओं का पूजन कर उन्हें सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया। अरुण कुमार वर्मा ने पूरे आयोजन का नेतृत्व किया। कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानते हुए उनके चरण धोए गए। तिलक लगाकर चुनरी ओढ़ाई गई तथा प्रसाद एवं उपहार भेंट किए गए। आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने माता रानी के जयकारों के साथ पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि नवरात्रि भारतीय संस्कृति सनातन परंपरा एवं धार्मिक आस्था का प्रतीक पर्व है। दुर्गा अष्टमी पर कन्या पूजन का विशेष धार्मिक महत्व है। क्योंकि कन्याएं मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का प्रतिनिधित्व करती हैं। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में संस्कार, सेवा भावना और धार्मिक चेतना मजबूत होती है तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में अशोक वर्मा, वैजयंती माला वर्मा, अश्वनी वर्मा, आरती वर्मा, अनिरुद्ध वर्मा, अलका वर्मा, अमित वर्मा, मनु वर्मा, अक्षय वर्मा, नेहा वर्मा, केशव वर्मा, काव्य वर्मा, आयुष वर्मा, आयुषी वर्मा, अक्षत वर्मा, दित्य सोनी, अयांश वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## तीनों जुआरियों का चालान

**हीमपुर दीपा।** ग्राम सब्दलपुर रेहरा के जंगल में जुआ खेल रहे शाहीद पुत्र मकबूल, वासिफ पुत्र अशरफ, जीशान पुत्र जमीर को सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने पकड़ लिया। जिनके कब्जे से 1420 रुपए नगद व 52 ताश के पत्ते बरामद किए। हीमपुर दीपा पुलिस ने तीनों जुआरियों का जुआ एक्ट 13 में चालान कर न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

## सात आरोपियों के विरुद्ध जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** पुलिस ने सात आरोपियों के विरुद्ध जानलेवा हमले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पांच आरोपियों कोहिरासत में लिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम कमराजपुर निवासी अमित कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि बीती रात उसका भाई सुमित कुमार रास्ते से गुजरते हुए गांव में गिर गया था। तभी गांव के मौहम्मद नईम ने उसके भाई सुमित के पैर मार दिया था। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई थी, जिस मामले को ग्रामीणों ने समझा- बुझाकर शांत कर दिया था। जिसके रात 10 बजे उसका भाई सुमित अपने ताऊ के लड़के शिवम के साथ ग्राम तिसोतरा जा रहा। तभी रास्ते में नईम और उसके साथियों ने उन्हें घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

इस मामले में पुलिस ने मौहम्मद नईम, मौहम्मद आमिर, मौहम्मद अमजद, शाजिद, जुनैद और एक अज्ञात खिलाफ जानलेवा हमले में रिपोर्ट दर्ज की है।

इस मामले में सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि कमराजपुर निवासी सुमित और नईम पक्ष के बीच मारपीट हो गई थी। जिसमें पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले में पांच आरोपियों को हिरासत में लिया है। विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## राजेंद्र शर्मा शाखा अध्यक्ष एवं तपराज सिंह बने शाखा मंत्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रोडवेज कर्मचारी संघ संचालन शाखा धामपुर डिपो का वार्षिक चुनाव सुनील कुमार वालिया की अध्यक्षता में नहटौर बस स्टेशन धामपुर डिपो पर संपन्न हुआ।

चुनाव अधिकारी राजवीर सिंह तथा चुनाव पर्यवेक्षक धीरेंद्र कुमार रहे। जिन्होंने विगत वर्ष की आय व्यय ब्यौरा की जांच की तथा चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से सम्पन्न कराया। चुनाव में सर्वसम्मति से राजेंद्र शर्मा व शाखा अध्यक्ष तपराज सिंह को शाखा मंत्री निर्विरोध चुना गया। चुनाव में डिपो के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी कर्मचारियों ने फूलमाला पहना कर इनका स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। जिसमें राजेंद्र कुमार शर्मा, तपराज सिंह, सुनील कुमार वालिया, हिमांशु आर्य, अंकुर कुमार, सोमपाल सिंह, लोकेंद्र सिंह, लोकेंद्र पाल, रामकुमार सिंह, हरिराज सिंह, सतेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

## तालाब की सफाई के दौरान जाल में फंसा मगरमच्छ

**मंडावली।** क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर के तालाब में मछुआरे तालाब की सफाई कर रहे थे। सफाई करने के दौरान एक मगरमच्छ उनके जाल में फंस गया। मगरमच्छ के जाल में फंसे होने की खबर पूरे गांव में फैल गई। जाल में फंसे मगरमच्छ को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों के द्वारा सामाजिक वानिकी विभाग को सूचना दी गई। सामाजिक वानिकी के दरोगा विकास कुमार ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू कर मगरमच्छ को तालाब से निकाल कर उसके प्राकृतिक प्रवास में छोड़ दिया।

## साहू राकेश अग्रवाल के निधन पर शोक जताया

**नजीबाबाद।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वैश्य समुदाय द्वारा चंद्रा कत्था इंडस्ट्रीज के एमडी साहू राकेश अग्रवाल के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। समाज के लोगों ने दो मिनट के मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। संगठन के जिलाध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एड. ने बताया साहू राकेश अग्रवाल न केवल उद्योग जगत में न केवल अपनी मजबूती से पहचान बनाई बल्कि उन्होंने क्षेत्र में विकास व रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका व्यवहार अत्यंत सरल था। शोकसभा में अभिनव अग्रवाल एड., युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, अमित सिंघल, आयुष बंसल, अनमोल गुप्ता, शुभम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया

**नजीबाबाद।** जनता बाल निकेतन जूनियर हाईस्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कु. अरीशा ने किया। स्कूल के अध्यक्ष शमीम अहमद पूर्व तहसीलदार, इस्लामी फण्ड के मैनेजर नफीस खां व स्कूल के ऑनर आदिल अथहर व कोकब ए रूशदा हाशमी ने बच्चों को रिजल्ट कार्ड वितरित किये। स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। कक्षा पांच में सानिया टॉपर रही। कक्षा नर्सरी में आहिल प्रथम, केजी में अभिशम, कक्षा एक के शुऐब, दो में साद, तीन में सिदरा, चार में वली, पांच में सानिया, छह में इलमा नूर व कक्षा सात में अनिकेत वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वार्षिक परीक्षाफल घोषणा के मौके पर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। स्कूल के अध्यक्ष व ऑनर न वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले बच्चों को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया।

# 'मोदी जी के राज में चूल्हा आया हाथ में'

## कांग्रेस यूथ विंग के जिला महासचिव सैफ मंसूरी सिलेंडर न मिलने से परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** कांग्रेस पार्टी यूथ विंग के जिला महासचिव सैफ मंसूरी ने चूल्हे पर खाना बनाकर 'मोदी जी के राज में चूल्हा आया हाथ में' का नारा देकर अलग अंदाज़ मे प्रदर्शन किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर के मौहल्ला खुराड़ा निवासी यूथ कांग्रेस के जिला महासचिव सैफ मंसूरी ने अपने आवास पर लकड़ी का चूल्हा जलाया और नारा दिया 'मोदी जी के राज में चूल्हा आया हाथ में'। उन्होंने कहा अभी तो गर्मी शुरू ही हुई है और अभी से ही चूल्हा हाथ में आ गया है। बहुत भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। अब यह हाल है लकड़ी का चूल्हा जलाना पड़ रहा है और आम जनता का तो बहुत बुरा हाल है। सिलेंडर की किल्लत से आम जनता को तो लाइन में लगकर परेशानी उठानी पड़ रही है। लाइन में लगने के बावजूद भी सिलेंडर नहीं मिल रहा। सैफ मंसूरी ने कहा मुझे खुद अभी तक सिलेंडर नहीं मिला। एक महीना हो गया है। अभी तक बुकिंग भी नहीं हो रही है। यह सब मोदी के राज में देखना पड़ रहा है। अब इस सरकार से जनता परेशान हो चुकी है। आने वाले चुनावों में जनता इसका जवाब देगी।

## एक नजर

### हादसे में युवक घायल

**नगीना।** बढ़ापुर मार्ग पर सुबह एक सड़क हादसे में दो युवक घायल हो गए। हादसे में एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया है। झालू (थाना हल्दौर) निवासी रजत (15 वर्ष) पुत्र रमेश, अपने साथी अंश (18 वर्ष) पुत्र अर्जुन के साथ बाइक पर सवार होकर बढ़ापुर जा रहा था। बुधवार सुबह करीब 10 बजे जब वह नगीना-बढ़ापुर रोड पर पहुंचे, तभी अचानक बाइक के सामने एक मवेशी आ गया। सामने अचानक जानवर को देख चालक रजत घबरा गया। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। इस दुर्घटना में दोनों युवक जमीन पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद दोनों घायल किसी तरह स्वयं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना पहुंचे। चिकित्सकों ने बताया कि रजत को आंशिक चोटें आई थीं, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। अंश की हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया है। घटना के बाद घायलों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर आवारा पशुओं की मौजूदगी आए दिन हादसों का सबब बन रही है।

### अष्टमी पर मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़



**नांगल सोती।** अष्टमी के अवसर पर प्राचीन काली देवी मंदिर में भक्तों की खूब उमड़ पड़ी। इस दौरान भक्तों ने मंदिर में माता के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया और मन्नत मांगी। भक्तों ने आठ दिन लगातार व्रत रखने बाद अपने घरों में कन्याओं को भोग लगाया और प्राचीन काली माता मंदिर पर माता के दर्शन करने वालों की खासी भीड़ रही। इस दौरान भक्तों ने काली माता के दर्शन के साथ, हनुमान, राम दरबार, भोले शंकर के आदि मंदिरों के प्रसाद चढ़ाया।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत



**मंडावर।** ग्राम मुकीमपुर जमाल उर्फ इनामपुरा निवासी 25 वर्षीय युवक अरविंद पुत्र अतर सिंह की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि युवक को उसके ससुराल पक्ष ने जानबूझकर जहरीला पदार्थ दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। अरविंद अपनी पत्नी को लेने के लिए बिजनौर के जाटान मौहल्ले में गया था। वहा उसने कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों को बिजनौर से सूचना मिली कि युवक ने जहर खा लिया है। जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो युवक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई ने बताया कि उनके भाई को जानबूझकर जहरीला पदार्थ दिया गया। उन्होंने इस मामले में मृतक की सास सविता, साले पवन, छोटू और पत्नी प्रीति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं।

### देवी रूपी कन्याओं का पूजन

**शेरकोट।** चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर आज कन्या पूजन के साथ नवरात्रि का समापन हो गया। नगर के विभिन्न मंदिरों और घरों में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत हो गई थी। वातावरण भक्तिमय भजनों, घंटियों और शंखनाद से गूंज उठा। जिससे पूरे नगर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। श्रद्धालुओं ने छोटी-छोटी बालिकाओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानते हुए उनका विधि-विधान से पूजन किया। कन्याओं को ससम्मान आमंत्रित कर उनके माथे पर तिलक लगाया गया और उन्हें सुंदर चुनरी ओढ़ाकर आदरपूर्वक आसन पर बैठाया गया। इसके बाद भक्तों ने उनके चरण धोकर उन्हें पूजित किया, जो भारतीय संस्कृति में कन्या के प्रति सम्मान और श्रद्धा का प्रतीक है। पूजन के दौरान कन्याओं को हलवा, पूरी, चने और विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाकर प्रेमपूर्वक भोजन कराया गया। साथ ही उन्हें उपहार स्वरूप फल, मिठाई, दक्षिणा और अन्य उपयोगी वस्तुएं भी भेंट की गईं। कन्याओं के साथ लंगूर (बालक) का पूजन भी किया गया, जो इस धार्मिक परंपरा का अभिन्न हिस्सा माना जाता है। इस मौके पर लोगों ने मां दुर्गा से परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। कन्या पूजन के इस पावन आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती दी, बल्कि समाज में नारी सम्मान और एकता का संदेश भी दिया।

### अवैध मिट्टी खनन पकड़ा



**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र में मिट्टी का अवैध कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। हालांकि पुलिस की शह के बिना कोई काम नहीं होता यह जग जाहिर है। सूत्र बताते है कि बीती देर रात किसी सज्जन ने अवैध मिट्टी खनन में लगे तीन ट्रेक्टर ट्रालियों की सूचना हीमपुर दीपा पुलिस सहित उच्चअधिकारियो को दी थी। सूत्र बताते है कि पुलिस ने एक ट्रैक्टर ट्राली को हीमपुर दीपा पुलिस ने अवैध रूप से खनन कर रहे एक ट्रेक्टर ट्राली को थाने लाकर सीज कर दिया। जिसके बाद पुलिस अग्रिम कार्रवाई मे जुटी हुई है।

### कन्या पूजन कर व्रत का पारायण

**बिजनौर।** चैत्र नवरात्रि की अष्टमी के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ कन्या पूजन कर अपने व्रत का पारायण किया। छोटी कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर आमंत्रित किया गया और पूरे आदर-सत्कार के साथ उनका पूजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने कन्याओं के चरण धोकर उन्हें तिलक लगाया तथा हलवा-पूरी और चने का भोग लगाया। पूजन के बाद कन्याओं को उपहार स्वरूप वस्त्र, फल एवं दक्षिणा भेंट की गई। कन्या पूजन के दौरान घरों में धार्मिक वातावरण बना रहा और माता रानी के जयकारों से माहौल गूंज उठा। मंदिरों में भी भीड़ देखने को मिली, जहां श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। अष्टमी और नवमी का दिन कन्या पूजन के लिए विशेष महत्व रखता है, जिससे मां दुर्गा की कृपा प्राप्त होती है।

### अष्टमी पूजन कर कन्याओं को जिमाया

**नजीबाबाद।** दुर्गा अष्टमी के मौके पर पूजन कर कन्याओं को जिमाया गया। चैत्र नवरात्र का आठवां दिन अर्थात मां दुर्गा अष्टमी का दिन है। आज के दिन सुबह दुर्गा चालीसा का पाठ कर मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। मंदिरों में लगे जयकारों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को आदर सत्कार के साथ घर बुलाकर हलवा, पूरी, नारियल के प्रसाद का भोग लगाकर उनको भोजन कराया। कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर उनसे आशीर्वाद लिया। मां दुर्गा का गुणगान कर जयकारे लगाए। सभी कन्याओं को उपहार भी दिए गए। मंडावली क्षेत्र के ग्राम मुस्सेपुर में राजा की समाधि स्थल पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी चैत्र माह की अष्टमी के दिन मेले का आयोजन किया गया।

# परचून दुकान में धधकी आग

## अंदर ही अंदर सारा सामान जलकर हुआ राख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** किराना दुकान में अचानक आग लग गई। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जबकि अग्निकांड में दुकान में रखा सभी सामान भस्म हो गया।

उप नगरी सरायतरीन के मौहल्ला दरबार में मौहम्मद आरिफ परचून दुकान चलाते हैं। देर रात्रि दुकान में अचानक आग लग गई। अंदर ही अंदर धधक रही आग का धुँआ बाहर निकलने पर पड़ोसियों ने आग लगने की जानकारी दुकान स्वामी को दी। दुकान स्वामी जब तक मौके पर पहुंचे, तब तक आग ने दुकान के अंदर रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भयंकर थी कि दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। दुकान स्वामी ने बताया कि करीब 500 से अधिक पेप्सी और अन्य पेय पदार्थों की बोतलें जल गईं। इसके अलावा एक फ्रिज पूरी तरह से नष्ट हो गया, जो पेय पदार्थ रखने के लिए इस्तेमाल किया जाता था। दुकान में रखा 5 किलोवाट का स्टेबलाइजर, दो पंखे और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान भी आग की भेंट चढ़ गए। खाद्य सामग्री में भी बड़ा नुकसान हुआ है। बिस्कुट, नमकीन, पान मसाला, कमला पसंद और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं पूरी तरह जल गईं। दुकानदार के अनुसार, दुकान में रखा लगभग हर सामान आग में नष्ट हो गया है। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। आग शॉर्ट सर्किट से लगने की सम्भावनायें जताई जा रही है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई है। इस हादसे में करीब 50 हजार रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

# रिहाई नहीं तो बड़ा मैदान पर होगी महापंचायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भाकियू नेताओं की रिहाई न होने से मामला तूल पकड़ता जा रहा है। भाकियू असली युवा जिलाध्यक्ष चौ. अर्जुन सिंह ने कहा कि यदि किसानों की रिहाई 31 मार्च तक नहीं की जाती है तब एक अपेल को महापंचायत का आयोजन बड़ा मैदान पर किया जायेगा। जिसमें आगे आन्दोलन को बाध्य होंगे। इसकी जिम्मेदारी समस्त प्रशासन की होने की चेतावनी दी है।



सम्भल। जनगणना को प्रशिक्षित किए गए फील्ड ट्रेनरों को प्रमाण पत्र प्रदान करती उपजिलाधिकारी।

# दिन में गर्मी रात को ठंड बीमारियों का घर

## मौसम का बदलता पल किसानों के लिए भी हानिकारक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** दिन में गर्मी और सांय को ठंड लोगों के जन-जीवन पर असर डाल रही है। बदलता मौसम भी अनेको बीमारियों घर करने लगा है।

बैशाख माह से लू चलने का दौर शुरू हो जाता है। जिससे दिन में निकलना मुश्किल हो जाता है। लू के दौरान गर्म-गर्म हवाएं चलती है जो स्वास्थ्य के प्रतिकूल नहीं होती है। क्योंकि यह गर्म हवाएं बीमारियों को दावत देने का कार्य करती है। गर्म हवाओं के चलने से बाहर निकलने वाले व्यक्ति चाहे वे बड़े हो या छोटे सभी को डायरिया (उल्टी, बुखार) जैसी बीमारियां गिरफ्त में जकड़ लेती है। पिछले एक दो दिन से दिन में भयंकर गर्मी, लेकिन सांय होते ही मौसम में ठंडक होती है। पल-पल बदते मौसम के मिजाज़ लोगों को बीमार कर रहा है। मौसम के अचानक करवट लेते ही कई तरह की बीमारियां लोगों को जकड़ रही है। इसके अलावा दोपहर को जंगलो में लू ने अपनी रफ्तार पकड़ ली है और गर्म-गर्म हवाएं पवन गति में चल रही है। किसान खेतो में काम कर रहा है। किसानों का कहना है कि इस समय सभी किसान खेती के कार्य में लगा हुआ है, क्योंकि बरसात कभी भी आ सकती है और उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। इससे भूसे की बोगियां बनाने के लिए उन्हें समय नही मिल पाता उनका कहना है कि इन हवाओं से उन्हें एक ओर जहां फायदा मिल रहा है। वही इससे हानि भी अधिक हो रही है। जबकि दोपहर का पारा चढत्रे ही गर्मी पसीना निकाल देती है लेकिन रात में यह नवम्बर और दिसमबर जैसी इंड का अहसास करा रही है।

# जनगणना के प्रथम चरण को किए गए प्रशिक्षित

## फील्ड ट्रैनरों को पहले चरण में मकानों के सूचीकरण ओर गणना की दी गई जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भारत की जनगणना के प्रथम चरण-मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना हेतु फील्ड ट्रेनरों के प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। प्रशिक्षण में उपजिलाधिकारी ने फील्ड ट्रैनर्स को प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

नगर पालिका परिषद के सभागार में सम्पन्न हुए प्रशिक्षण में उपजिलाधिकारी निधि पटेल, ने प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रथम चरण में द्वितीय बैच के 35 फील्ड ट्रेनरों को दिनांक 23 से 25 मार्च को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। पूर्व में प्रथम बैच के 39 फील्ड ट्रेनरों को 17, 18 एवं 19 मार्च को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा चुका है। कुल 74 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है जो अब जनगणना हेतु नियुक्त होने वाले प्रगणक एवं सुपरवाईजर को प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनरों को प्रथम चरण में मकानों का सूचीकरण और मकानों की गणना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा फील्ड ट्रेनरों को जनगणना के उद्देश्य, कानूनी प्राविधानों और मकान सूचीकरण के सैद्वांतिक नियमों की जानकारी दी गयी। इसके साथ ही मोबाइल ऐप और डिजिटल पोर्टल का उपयोग व प्रगणकों को डेटा फीड करने के लिए तकनीकी बारीकियों को समझाया गया। फील्ड वर्क का अभ्यास, मॉक एक्सरसाइज और अंत में शंका/समाधान का सत्र भी आयोजित किया गया। अंत में सभी फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षण पूर्ण करने संबंधी प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। जनगणना का कार्य दो चरणों में संपादित किया जाएगा। प्रथम चरण 22 मई से 20 जून तक मकान सूचीकरण और मकानों की गणना एवं द्वितीय चरण 09 फरवरी 2027 से 28 फरवरी, 2027 तक जनगणना की जाएगी। मौके पर जिला प्रभारी अनिल कुमार मौर्य, मास्टर ट्रेनर बन्टी दिवाकर एवं रोहित कुमार मौजूद रहे।

# मच्छर कर रहे नींद हराम

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**सम्भल।** जैसे-जैसे गर्मी का पारा चढ़ रहा है वैसे ही नगर वासी बच्चो के आतंक को झेलने के लिए मजबूर है जबकि नगर पालिका की फॉगिंग जितनी कराई जा रही उतनी नकाफी साबित हो रही है। जरूरत है पूरे शहर व कोने-कोने में फागिंग कराए जाने की। मौसम में आए भारी परिर्वतन से नगर में मच्छरो को साम्राज्य स्थापित हो गया है। बंद पड़े नाले व नालियो से मच्छरो की पैदावार में लगातार वृद्धि हो रही है। नगर वासी मच्छरो के आतंक से बचने के लिए भारी पैसा खर्च कर गुडनाईट की स्लाईड, कछुआ छाप, मोरटीन सहित हजारो तरह की मच्छर मार दवाईयो का इस्तेमाल कर रहे है। जिसके कारण ऐसे उत्पादन बनाने वालो की चॉदी कट रही है। वही नगर वासियो की महंगाई के इस दौर में अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है वहीं इन दवाईयो का मच्छरो पर लगभग कम ही असर या यूँ कहें कि अर्द्ध रात्री के बाद मच्छरो का आतंक फिर से शुरू हो जाता है। जिससे नगरवासी परेशानी में सो नही पा रहे है सुबह में नींद पूरी न होने कारण के चलते सर में दर्द की शिकायत आम होती जा रही है जिससे मच्छरो के काटने से मलेरिया व अन्य खतरनांक बीमारी होने का डर लगा रहता है।

# मां की पूजा अर्चना को उमड़ा भक्तों का सैलाब

## हवन यज्ञादि कराकर घर परिवार की खुशहाली की मांगी दुआयें

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** नवरात्र पर कैला देवी धाम पर हजारों की संख्या में भक्तों ने मां के दर्शन किए तथा पूजा अर्चना की और हवन यज्ञादि कराया,जबकि दर्जनों गांवों के अलावा दूरदराज से भी भक्त प्रसाद चढ़ाने पहुंचे और अपनी मन्नतें मांगीं।

नवरात्र के दिनों में मंदिरों में सैकड़ों की संख्या में भक्तों की भीड़ एकत्रित रहती है, लेकिन जनपद के कैला देवी धाम पर सोमवार को हजारों की संख्या में पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाने वाले भक्त पहुंचे और मन्नते मांगीं। महिलाओं तथा पुरुषों ने बच्चों के साथ पूजा अर्चना करने के बाद हवन यज्ञ आदि कराया। वहीं माता रानी के मंदिर में हजारों की संख्या में श्रृद्वालु पंक्ति में खड़े होकर प्रसाद चढ़ाने का इंतजार करते दिखाई दिए। वहीं आसपास के दर्जनों गांवों के अलावा दूरदराज से भक्त अपने वाहनों से तथा ट्रैक्टर ट्रालियों से भरकर पहुंचे। मंदिर पर एक तरह से श्रृद्वालुओं का मेला दिखाई दे रहा था। श्रृद्वालु सुबह से ही शुरु होकर देर शाम तक पूजा-अर्चना करते दिखाई दिए। वहीं सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने अलग-अलग समूह के रूप में यज्ञ कराया। मंदिर पर शंख ध्वनि तथा हवन के मंत्रों की गूंज दिनभर सुनाई देती रही। नवरात्र के छठे दिन सोमवार को मंदिर पर भक्तों का तांता लगा रहा। बता दें कि कैला देवी धाम पर जो कि भूड़ क्षेत्र इलाके का प्रसिद्व स्थान है। नवरात्र के दिनों में हजारों की संख्या में भक्त पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं। हवन यज्ञादि कराने के बाद महिलाओं ने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया।

# मां महागौरी की पूजा अर्चना कर घर परिवार की सुख समृद्धि की कामना

## मंदिरों पर लगे मेले में बच्चो ने लिया झूलों का आनंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अष्टमी पर मां के अष्ठम स्वरूप मां महागारी की आराधना की गई। सुबह से श्रद्धालुओं का पूजा अर्चना को मंदिरों पर तांता लगा रहा।

चैत्र के नवदुर्गा पर सुबह से ही श्रृद्वालुओं का मंदिर पर तांता लग गया। अन्तिम दिन मंदिरों पर पहुंचे भक्तां ने मां महागौरी की पूजा अर्चना की और घर परिवार व देश की खुशहाली की कामना की। भोर से ही शुरू हुआ श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला देर रात तक जारी रही। वैसे तो अधिकांश श्रद्धालुओं ने दुर्गाष्टमी पर वृतों का उद्यापन कन्याओं को जिमाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। उधर नवरात्र के आठवें दिन मंदिरों पर लगे मेले में अभिभावकों संग पहुंचे बच्चों ने जमकर खरीद्दारी की और झूलों आदि का आनंद लिया।

# धार्मिक आयोजन सांस्कृतिक विरोसत सांसद आदित्य

## बदायूं सांसद ने पूरे दिन धार्मिक कार्यक्रमों में निभाई सहभागिता


बबराला-बदायूं सांसद आदित्य यादव को बाबा खाटू यशम का चित्र भेंट करते।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** चैत्र नवरात्रि पर बदायूं लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के सांसद आदित्य यादव ने गुरुवार को पूरे दिन विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभाई।
सांसद आदित्य यादव गुन्नौर क्षेत्र के ग्राम कादराबाद पहुंचे, जहां मां काली मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात सांसद ग्राम सिहोरा पहुंचे, जहां श्री समाधि बाबा आश्रम सिहोरा मढ़ी में आयोजित भव्य नवरात्रि मेले में सहभागिता की। सांसद आदित्य यादव ने मेले का भ्रमण कर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का अवलोकन किया और स्थानीय परंपराओं की सराहना की। इस दौरान श्रृद्वालुओं को संबोधित करते हुए सांसद आदित्य यादव ने कहा कि नवरात्रि का पर्व भारतीय संस्कृति, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है, जो समाज में सकारात्मकता, एकता और सद्भाव का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों की इन आयोजनों में सहभागिता से जनता और नेतृत्व के बीच संवाद मजबूत होता है, जिससे क्षेत्रीय विकास कार्यों को गति मिलती है। सांसद ने कहा कि नवरात्रि का पर्व भारतीय संस्कृति, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है, जो समाज में सकारात्मकता, एकता और सद्भाव का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर राम खिलाड़ी यादव विधायक गुन्नौर, पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व विधायक आर के शर्मा, ओमवीर सिंह, इंदु सक्सेना, के पी राठौर, शिवम राठौर, सुनील यादव सुनीता पाल, कैप्टन सर्वेश यादव, अतुल पटेल, अखिलेश यादव, अमित यादव, रजत यादव, शशांक यादव, विजय यादव, कविंद्र शाक्य, देवेंद्र गौतम, रईस अहमद भानु यादव, सोमेंद्र यादव, नजर प्रधाान अलका यादव, मनवीर शाक्य, भावेश यादव आदि मौजूद रहे।

## एक नज़र इधर भी


सम्भल-कैलादेवी पर चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक करती मिशन शक्ति की टीम

# कैलादेवी पर चौपाल लगाकर किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कैला देवी मंदिर पर नवरात्र के दिनों में रह रही भारी भीड़ को देखते हुए मिशन शक्ति टीम प्रभारी आंचल सिद्धू ने अपनी टीम के साथ मंदिर पर पहुंचकर महिलाओं तथा बालिकाओं की चौपाल लगाकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया और उन्हें जागरूक किया।

कैला देवी मंदिर पर मिशन शक्ति टीम प्रभारी आंचल सिद्धू ने महिलाओं तथा बालिकाओं को एकत्रित करके विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा उनके लाभ के बारे में बताया साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके प्रयोग के बारे में बताया। महिलाओं तथा बालिकाओं को किसी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करने तथा नजदीकी थाने में संपर्क करने के लिए प्रेरित किया।


सम्भल।- नामित सभासद सै. शान अली का सम्मान करते भाजपा कार्यकर्ता।

# नामित सभासद का सम्मान व स्वागत

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** 33 भाजपा की सेवा में नगर पालिका परिषद में नामित सभासद के इनाम से नवाजे गए सय्यद शान अली का स्वागत व सम्मान करने का सिलसिला जारी है। मुरादाबाद के सैयद मोहसिन नकवी नगर मंडल अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सम्भल गुलजार अंसारी बूथ अध्यक्ष नौशाद मंसूरी शानू अंसारी सय्यद अमीर अली ने उनके चौधरी सराय निवास पर पहुंचकर शॉल पहनाकर एवं माल्र्यापण कर सम्मानित किया।

# कन्याओं को जिंवाकर किया व्रतों का परायण

## उपहार स्वरूप कन्या बरूओं को दिया सामान

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** दुर्गाष्टमी पर्व पर कन्याओं को भोज कराकर वृतों का परायण किया गया।

चैत्र के नवरात्र की अष्टमी पर पर मां महागौरी की पूजा अर्चना के लिए सुबह से ही तैयारियां शुरू कर दी गई थीं। अष्टमी पर मां महागौरी की पूजा अर्चना को भक्तो का मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचने का सिलसिला भी भोर से ही शुरू हो गया था। मां महागौरी के दर्शन और पूजन अर्चन के लिए भक्तों की भारी भीड़ मंदिर पर लग गई। भक्तो ने कतारबद्व खड़े होकर मां के दर्शन किये और पूजा कर मनौतियां मांगी,जबकि वृतों का परायण किया। अष्टमी पर जगह-जगह कन्या बरूओं को जिवाया गया और उपहार स्वरूप रूपये एवं कलम आदि सामान देकर तिलक किया। सुबह स ही रंग बिरेंगे परिधान पहने बच्चो में विशेष उत्साह था। एक साथ कई-कई कन्या बरूअे अपने साथियों संग जींवने के लिए घर-घर पहुंच कर जींव रहे थे। सुबह से दिन भर कन्या बरूओं के जिंवाने का सिलसिला चलता रहा। अष्टमी पर जिंवाये गए कन्या बरूअे विभिन्न सामान और रूपये पाकर खुश दिखायी दिये।

# घर व मन्दिरों में हुई देवी की आराधना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नवरात्र में देवी मंदिरों में पूजा अर्चना की जा रही है। सुबह को भक्तजनो ने देवी जी की आरती व भजन किये। नगर के सन्तोषी माता मंदिर,खोड़ा मंदिर,लाइन पार मंदिर,चामुंडा मंदिर में मां का जयघोष हुआ।
नगर के सन्तोषी माता श्रीबाँके बिहारी मन्दिर के पण्डित श्याम बिहारी ने बताया कि चैत्र नवरात्र परंपरा और संस्कृति का पर्व है। नवरात्र आहवान है शक्ति की शक्तियों को जगाने का ताकि हमें देवी शक्ति की कृपा होकर हम सभी कष्टों, रोगों ,दुश्मनों, प्राकृतिक आपदाओं से बच सकें शारीरिक तेज में वृद्वि हो, मन निर्मल हो। आत्मिक, दैविक ,भौतिक शक्तियों का लाभ मिल सके। नवरात्रि का अर्थ होता है नो रात में। हिंदू धर्म अनुसार यह पर्व वर्ष में दो बार आता है पहला शरद माह की नवरात्रि और दूसरा बसंत माह की।

# मांगे नहीं मानी तो महापंचायत कर बनायेंगे आन्दोलनात्मक रणनीति

## भाकियू असली ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर दी चेतावनी


सम्भल- बहजोई में जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपते भाकियू असली कार्यकता

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन असली के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर मागे न माने जाने पर महापंचायत कर आन्दोलात्मक रणनीति बनाने की चेतावनी दी।

जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि बेबुनियाद तथ्यों पर आधारित मुकदमा अपराध सं. 0072/26 थाना जनुावई में दर्ज सरकार बनाम केदारी को निरस्त किया जाये। जबकि जेल में निरूद्व भाकियू असली के नेताओं को बिना शर्त रिहा किया जाये। इसके अलावा ग्राम ऊंचा गांव खादर तहसील डिबाई जिला बुलंदशहर की गाटा सं. 01 खंड 02 रकबा 11.242 है. आवंटित खनन क्षेत्र को जनपद सम्भल व बुलंदशहर के राजस्व व खनन विभाग के अधिकारियों की निगरानी मे उच्च स्तरीय समिति बनाकर चिन्हित करने की मांग की। इसके अलावा बालू खनन के लिए आवंटित क्षेत्र पर मानक के अनुसार ही खनन का काय्र कराया जाए। जबकि झुलाई के कार्य में प्रयुक्त परिवहन विभाग से फिटनेसा प्राप्त पंजीकृत वाहनों को ही अनुतति दी जाये। ज्ञापन में सभी मांगे पूरी न करने पर 01 अप्रेल को महापंचायत का आयोजन कर आन्दोलनात्मक रणनीति बनाने की चेतावनी दी। ज्ञापन पर जयवीर सिंह यादव, आशिक रजा, मोर ध्वज यादव, चौ. अर्जुन सिंह, वीरेश यादव, बाबूराम प्रजापति के हस्ताक्षर थे।


असमोली-महिला सशक्तिकरण ओर योजनाओं को जागरूक करती टीम।

# महिलाओं को सशक्त व स्वस्थ बनाना

**असमोली (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** मिशन शक्ति फेज- 05 द्वितीय चरण विशेष अभियान के अंतर्गत मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी व मिशन शक्ति टीम ने ग्राम चितावली, हाजीबेड़ा एवं ग्राम नगलिया कामगार में महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा और समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने के लिए उन्हें शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध व बाल श्रम अपराध, लैंगिक समानता के बारे में जागरूक किया। और समझाया गया कि मुख्यमंत्री के द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य, महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वास्थ्य व उन्हे सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाना है के वारे में जागरुक किया गया है। मिशन शक्ति टीम में एस आई गुलाम मोहम्मद, महिला कां.रीता, हरपाल सिंह थाना एचोडा कंबोह शामिल रहे।

# नवरात्र की अष्टमी पर निकली झांकियां

## पुलिस ने सभी व्यवस्थायें रखीं चाक चौबंद

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर नवरात्र की अष्टमी पर झांकियां निकाली गयी। झांकियों को देखते हुए पुलिस ने सभी व्यवस्था चाक चौबंद रखी। शनिवार को नगर में निकली झांकी में काली अखाडा ,राम दरवार, गणेश जी, विष्णु जी, शंकर जी,दुर्गा मां आदि अन्य झाकियां थीं।जिसे देखने को भारी भीड़ जुटी। नगर के राजघाट रोड़ स्थित वार्ष्णेय धर्मशाला से पूजन के बाद झांकियां स्टेशन रोड,रेलवे रोड़, इंद्रा चौक,राजघाट रोड़ पर आकर समापन हुआ। झांकियों को देखने को लोगों की भीड़ रही। बबराला सौरभ त्यागी पुलिस फोर्स के साथ व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। इस मौके पर बबराला चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय, जगत नरायण वार्ष्णेय, योगेश गुप्ता, डिम्पल वार्ष्णेय, विनय वार्ष्णेय, डा. कैलाश वार्ष्णेय, प्रशान्त, नितिन, आकाश, अनिल गुप्ता, आशुतोष, गौरब, सुनीत, सुरेश गुप्ता,संजय वार्ष्णेय, चन्द्रशेखर, डीपी गुप्ता आदि मौजूद रहे।


बबराला- नवरात्रा की अष्टमी पर निकली शोभायात्रा में शामिल झांकी।

# मां महागौरी की पूजा से इच्छित वरदान के साथ सुखी हो जाता है घर

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रंखला के तहत माँदुर्गा स्तवन की 92 वीं कडी के आठवें दिन मां महागौरी को आठ वष्र की कन्या का पूजन कर विश्व शांति भारत राष्ट्र की समृद्वि को आहूतियां देकर प्रार्थना की।

पंजू सराय दुर्गा भवन पर आयोजित कार्यक्रम में आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली सुनिता श्रीमाली ज्वालेश श्रीमाली नीरज श्रीमाली दिनेश मोहन लक्ष्मी श्रीमाली डा. नागेन्द्र मोहन आरती श्रीमाली कृष्णा मोहन रिया श्रीमाली शिवम आंचल श्रीमाली पूजा देवी यशवर्धन श्रीमाली लोकेश कुमार राखी श्रीमाली ने माँदुर्गा के आठवें स्वरुप माता महागौरी को आठ वर्ष की कन्या का पूजन कर एक लाख आठ हजार आठ सौ आहुतियाँ प्रदान कर विश्व शान्ति भारत राष्ट्र की समृद्वि श्रीकल्कि के प्राकटय को प्रार्थना की। इस अवसर पर यज्ञाचार्य डा. योगी नागेन्द्र मोहन श्रीमाली ने कहा की तत्काल फलदायी माता गौरी की साधना से प्राप्त आर्शीवाद से जहाँ विवाह योग्य बालक बालिकाओं को इच्छित वर वधु की प्राप्ति होती है। वही घर परिवार को सुख समृद्वि शान्ति और संतोष की प्राप्ति भी होती हैं उन्होंने कहा इतिहास साक्षी हैं। कि देव अवतारो से लेकर साधारण मानवों तक माता महागौरी ने अपने भक्तो को इच्छित वरदान दिये हैं। इसी कारण नवरात्रों में माँदुर्गा अष्टमी को माता महागौरी की पूजा का अधिक महत्वपूर्ण विधान है। इनकी पूजा अर्चना जहां तत्काल फलदायी है। बही मानव कल्याण का आधार भी हैं आज रितिक मोहन श्रीमाली डा. सुरेश चन्द्र सैनी रामवीर शर्मा कैलाश चन्द्र कृष्णा मोहन नरेश सैनी आनंद सैनी पार्थ शर्मा भीकम सरन लाला भूकनलाल किसन आर्य लक्ष्मन सिंह राकेश सैनी जितेन्द्र गुप्ता व महिला मंडल रुकमनी देवी सुनिता देवी नीरज श्रीमाली लक्ष्मी श्रीमाली आरती श्रीमाली रिया श्रीमाली आंचल श्रीमाली आदि मौजूद रहे।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र मौ. कलीम व उसकी पत्नी आसिया परवीन का चाल चलन अच्छा नहीं है। उनका व्यवहार भी मेरे व परिवार वालों के साथ सही नहीं है। इसलिए मैने व मेरे परिवार वालों ने मौ. कलीम और उसकी पत्नी आसिया परवीन से अपने सम्बंध विच्छेद कर लिये है। और अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मौ. कलीम ओर आसिया परवीन अपने अच्छे व बुरे के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**भूरी पत्नी मायज उर्फ बाबू**
नि. हिंदूपुरा खेड़ा तह. व जनपद सम्भल।

# प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने की विकास कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के दिल्ली रोड स्थित सर्किट हाउस में गुरुवार को जनपद के विकास कार्यों और जनसमस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने की, जिसमें जिले के सभी विभागों के अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं, लंबित विकास कार्यों और जनहित से जुड़े मुद्दों को विस्तार से मंत्री के समक्ष रखा। इन मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा करते हुए मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।प्रभारी मंत्री ने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए।



उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन की मंशा है कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की भी गहन समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित निगरानी की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ मिले। साथ ही आमजन को योजनाओं की सही जानकारी देने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया।जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं पर मंत्री ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी मामलों का समयबद्ध और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता सुशासन, पारदर्शिता और सर्वांगीण विकास है, जिसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा।बैठक के अंत में मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे जनता के प्रति संवेदनशील रहें और क्षेत्र में जाकर समस्याओं को समझकर उनका समाधान करें। यह समीक्षा बैठक जनपद में विकास कार्यों को गति देने और प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

# वैदिक परंपराओं को पुनर्जीवित करने के लिए अर्चक पुरोहितों की बैठक आयोजित

**मुरादाबाद।** विश्व हिंदू परिषद महानगर द्वारा मंदिर प्रबंधन समिति एवं अर्चक पुरोहित बैठक का आयोजन स्टेशन रोड स्थित होटल में किया गया। बैठक में मुख्य वक्ता श्रीमान अरुण नेटके ने पधारे सभी सम्मानितजनों को पटका पहनाकर और श्री राम जी की फोटो स्मृति चिन्ह के रूप में बैठकर स्वागत किया।अरुण नेटके ने कहा कि इस राष्ट्र को संगठित करने का काम अगर कोई कर सकता है, वह सिर्फ अर्चक पुरोहित ही है। प्राचीन समय में चार कोष तक एक ही मंदिर हुआ करता था, इतने अधिक मंदिर नहीं हुआ करते थे। समाज के अंदर एकता और अखंडता रहती थी।मंच पर परम श्रद्ध अचार्य जगदीश प्रसाद कोठारी जी, विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्षा अमित गुप्ता और विश्व हिंदू परिषाद महानगर अर्चक पुरोहित प्रमुख अनिल



शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि अर्चक पुरोहितों की भूमिका समाज को संगठित करने में बहुत महत्वपूर्ण है।बैठक में उपस्थित सभी अर्चक पुरोहितों ने वैदिक परंपराओं को पुनर्जीवित करने और समाज में एकता और अखंडता को बढ़ावा देने के लिए काम करने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### सम्राट अशोक महान की जयंती पर कार्यक्रम हुआ आयोजित




**मुरादाबाद।** चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की जयंती सिविल लाइन स्थित जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत जिलाध्यक्ष जयवीर सिँह यादव ने सम्राट अशोक महान के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित करतें हुये की और कहा कि अखंड भारत के निर्माता चक्रवर्ती सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य के पौत्र और सम्राट बिन्दुसार के पुत्र पहले ऐसे शासक बने जिन्होंने अखंड भारत पर शासन किया। अपने जीवन में कभी किसी भी युद्ध में पराजित नहीं हुए। कलिंग राज्य पर विजय प्राप्त के बाद जो नरसंहार हुआ उस नरसंहार को देखकर उनका मन द्रवित हो उठा और उन्होंने कभी तलवार न उठाने की प्रतिज्ञा कर बौद्ध धम्म की दीक्षा ग्रहण किया। इसके बाद लोक कल्याण के लिए अपने जीवन को समर्पित कर दिया। लोगो को ठहरने व पीने के लिए शुद्ध जल की व्यवस्था के साथ-साथ विश्वविद्यालय का निर्माण करवाया। विदेशों में धम्म प्रचार के लिए अपने पुत्र व पुत्री को भेजा। ऐसे सम्राट के शासन काल में जनता सुखी और समृद्ध थी। इस मौके परजिलाध्यक्ष जयवीर सिँह यादव,महासचिव फुरकान अली, लाखन सिँह सैनी, वेदप्रकाश सैनी. प्रशांत सैनी, अशोक सैनी, शंकर लाल सैनी, सरदार सिंह पाल, मौ महमूद, मोहन सिँह, जिगरी मलिक, राशिद मलिक नन्हें सिँह, राजकिशोर सैनी, विनय प्रताप सिंह आदि प्रमुख थे।

### नागरिक सुरक्षा मुरादाबाद ने आयोजित किया गया दो दिवसीय विशेष शिविर



**मुरादाबाद।** नागरिक सुरक्षा मुरादाबाद द्वारा दो दिवसीय विशेष शि. विर लालबाग स्थित सिद्धपीठ माता काली मंदिर शारदीय नवरात्रि ष्अष्टमीष्एवं नवमीं के अवसर पर आयोजन किया गया। अपरजिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह जी के द्वारा दो दिवसीय अष्टमी एवं नवमीं के उपलक्ष्य में नागरिक सुरक्षा के वार्डन्स की ड्यूटियां मंदिर में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए लगाई गईं थीं।

आज अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह ने एवं मंदिर के महंत राम गिरी जी महाराज के द्वारा शिविर का उद्धघाटन फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया।साथ ही महंत जी द्वारा नारियल फोड़ कर कैम्प का शुभारम्भ किया। कैम्प में खोये पाये बच्चों को उनके माता पिता से मिलवाना,साथ ही स्वच्छ पानी की कैम्प में व्यवस्था करना,और शांति व्यवस्था में सहयोग करना ही मुख्य उद्देश्य है।मंदिर के चारों ओर वार्डन्स पीली ड्रेस में ड्यूटी को अंजाम देते रहे। उपनियंत्रक नीरज चक,डिप्टी चीफ वार्डन पंकज सक्सेना, डिवीजनल वार्डन अशोक कुमार गुप्ता, आई सी ओ सुभाष जैन,अनुज गुप्ता, डॉ पूनम बंसल डिविजनल वार्डन कटघर मोहम्मद खालिद ,स्टाफ अधिकारी वसीम अख्तर,पोस्ट वार्डन लक्ष्मण सिंह प्रजापति ,संजय कुमार गुप्ता,सूरज प्रकाश,आयुष भटनागर,अनिल रस्तौगी,निमित जायसवाल,संदीप जैन,राम सेवक गुप्ता, मोहम्मद तंजीम, आकाश गुप्ता दीपिका वर्मा,बबीता,अरुण गुप्ता,नीतू सक्सेना, सुखदेव यादव,चेतन मेहता ,शकील अहमद,निहाल रस्तोगी संजय भटनागर,राज बिमल सलीम कादरी,गजाला सुल्ताना ,शाहनवाज आलम आदि सहयोग दे रहे हैं।अब तक 5 बच्चों को उनके माता पिता से मिलवाया।

### लघु फिल्म एक नोट का मुहूर्त हुआ सम्पन्न



**मुरादाबाद।** श्री गणपति सिने विजन द्वारा प्रस्तुत व जागृति कला केंद्र, मुरादाबाद द्वारा निर्मित लघु फिल्म एक नोट का मुहूर्त हनुमान नगर, लाईन पार में सम्पन्न हुआ। फिल्म एक पारिवारिक कहानी पर आधारित है।फिल्म की निर्मात्री श्रीमती माया राजपूत व अशोक विश्नोई तथा कार्यकारी निर्मात्री अनुजा राजपूत हैं। कहानी,पटकथा, संवाद स्मृति शेष शिशुपाल मधुकर तथा निर्देशन व कैमरा संजय सक्सेना जी का है। जिसमें मुख्य कलाकार हिमांशु नवीन गुप्ता, पूजा कश्यप, जन्नत वारशी, धानी ( अभिज्ञा ) ,सतीश अकेला, आवरण श्रेष्ठ व लखपत सिंह हैं। फिल्म का पोस्टस प्रोडक्शन संकल्प सक्सेना का है।

### बिलारी शिवसेना ने किया महा आरती और व्रत पारायण का कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** शिवसेना द्वारा महा आरती एवं व्रत पारायण का कार्यक्रम बिलारी के प्राचीन मंदिर पोड़ा खेड़ा पर किया गया मां भवानी जी के चरणों में 51 दिए जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया शिवसेना के जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा जी ने दीप जलाकर मां भवानी जी को माला अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया मुरादाबाद से कार्यक्रम में आए भाटिया जी ने मां भवानी जी को तिलक लगाकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया महा आरती का शुभारंभ आचार्य रोहित पाराशरी जी ने शंख बजा कर किया कार्यक्रम का संचालन संजय सक्सेना जी ने किया शिवसेना मुरादाबाद के जिला प्रमुख माननीय वीरेंद्र अरोड़ा जी ने कहां व्रत खुलवाने का कार्यक्रम मुरादाबाद की प्रत्येक तहसील और जिले में किया जा रहा है कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदू भाइयों को मिलकर सभी त्योहार बनाने चाहिए तथा हिंदू नव वर्ष की सभी ने दूसरे को बधाई दी शिवसेना के जिला उप प्रमुख राजीव सक्सेना ने कार्यक्रम में आए सभी भक्तों का अभिनंदन व स्वागत अपनी बिलारी शिवसेना टीम के साथ किया कार्यक्रम का आयोजन शिवसेना के जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा जिला उप प्रमुख राजीव सक्सेना ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवसेना के जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा राजीव सक्सेना भाटिया जी अरुण ठाकुर सुरेश सैनी आकाश अनुज सिंह उमेश ठाकुर श्रीकांत गुप्ता नरेश गुप्ता राहुल ठाकुर कुलदीप सक्सेना हरी बाबू सुशील शर्मा विनोद यादव दिनेश आजाद अमन गुरुजी कुश सक्सेना अभिषेक शर्मा मनोज गुप्ता सौरव सक्सेना रामनिवास शर्मा निहाल सिंह उत्तम चंद्र गौतम विकास सक्सेना विशाल गुप्ता अक्षय भटनागर अमित गुप्ता मयूर गुप्ता भूरा भाई के,के गुप्ता गोपाल शर्मा कोमल शर्मा काफी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर अपना व्रत विश्राम दिया तथा मां भवानी जी का जयकारा लगाया सभी को तिलक लगाकर कलपवा बांधकर शिवसेना द्वारा अभिनंदन किया गया।

# डर नहीं जागरूकता जरूरी है कैंसर की सही समझ, कैंसर के बारे में सच जानें गलत फहमियों से बचें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कैंसर आज भी उन बीमारियों में से एक है, जिसके बारे में समाज में कई गलत धारणाएं फैली हुई हैं। इन मिथकों के कारण लोगों में अनावश्यक डर पैदा होता है और कई बार वे सही समय पर सही इलाज लेने से भी हिचकते हैं। इसलिए जरूरी है कि हम कैंसर से जुड़े भ्रम और सच्चाई के बीच स्पष्ट अंतर समझें। अक्सर यह माना जाता है कि कैंसर का मतलब निश्चित मृत्यु है। जबकि सच्चाई यह है कि पिछले कुछ दशकों में कैंसर के इलाज और डायग्नोसिस में काफी प्रगति हुई है। आज लाखों लोग इलाज के बाद पूरी तरह कैंसर-मुक्त जीवन जी रहे हैं और कई मरीज कैंसर को एक क्रॉनिक कंडीशन की तरह मैनेज कर रहे हैं। शुरुआती पहचान और एडवांस ट्रीटमेंट ने कई प्रकार के कैंसर में परिणामों को बेहतर बनाया है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर एवं यूनिट हेड, डॉ. प्रवीण कुमार गर्ग ने बताया "कुछ लोग यह भी सोचते हैं कि कैंसर छूने, साथ बैठने या खाना साझा करने से फैल सकता है। यह पूरी तरह गलत है। कैंसर संक्रामक नहीं है। यह शरीर की को. शिकाओं की असामान्य वृद्धि के कारण होता है और एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता। हालांकि, कुछ वायरस जैसे एचपीवी या हेपेटाइटिस बी संक्रमण के जरिए फैल सकते हैं और कैंसर का रिस्क बढ़ा सकते हैं, लेकिन स्वयं कैंसर कभी संक्रामक नहीं होता। एक आम धारणा यह भी है कि चीनी (शुगर) कैंसर को बढ़ावा देती है और शुगर बंद करने से कैंसर खत्म हो सकता है। हकीकत यह है कि सभी को. शिकाओं को ऊर्जा के लिए ग्लूकोज की आवश्यकता होती है। केवल शुगर बंद कर देने से कैंसर कोशिकाएं खत्म नहीं होतीं। हालांकि, अत्यधिक शुगर से मोटापा बढ़ सकता है, जो कई कैंसर का एक वास्तविक रिस्क फैक्टर है। इसलिए संतुलित आहार और हेल्दी लाइफस्टाइल जरूरी है।" कई लोग तथाकथित 'सुपरफूड्स' को कैंसर से बचाव या इलाज का जादुई उपाय मानते हैं। जबकि सच्चाई यह है कि कोई भी एकल भोजन कैंसर को रोक या ठीक नहीं कर सकता। फल, सब्जियां, होल ग्रेन्स और लीन प्रोटीन से भरपूर डाइट समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है और कैंसर के जोखिम को कम करने में मदद कर सकती है, लेकिन केवल डाइट के भरोसे इलाज संभव नहीं है। ऐसे उत्पादों या दावों से सावधान रहना चाहिए जो सिर्फ खान-पान से कैंसर ठीक करने का वादा करते हैं। डॉ. प्रवीण ने आगे बताया "मोबाइल फोन के इस्तेमाल से कैंसर होने की बात भी अक्सर सुनने को मिलती है। लेकिन दशकों के शोध में ऐसा कोई ठोस प्रमाण नहीं मिला है जो



मोबाइल फोन और कैंसर के बीच सीधे संबंध को साबित करे। मोबाइल से निकलने वाली रेडियोफ्रीक्वेंसी एनर्जी नॉन-आयोनाइजिंग होती है, जो डीएनए को वैसे नुकसान नहीं पहुंचाती जैसे एक्स-रे या अल्ट्रावायलेट किरणें पहुंचा सकती हैं। यह भी एक मिथक है कि कैंसर केवल बुजुर्गों को होता है। हालांकि उम्र बढ़ने के साथ कैंसर का जोखिम बढ़ता है, लेकिन यह किसी भी उम्र में हो सकता है, यहां तक कि बच्चों और युवाओं में भी। इसलिए हर उम्र में लक्षणों के प्रति सजग रहना और हेल्दी आदतें अपनाना जरूरी है। कई लोग यह सोचते हैं कि यदि परिवार में कैंसर का इतिहास है तो उन्हें भी निश्चित रूप से कैंसर होगा। वास्तव में केवल 5 से 10 प्रतिशत कैंसर ही वंशानुगत होते हैं। पारिवारिक इतिहास से जोखिम बढ़ सकता है, लेकिन यह तय नहीं करता कि बीमारी जरूर होगी। वहीं, अधिकांश कैंसर मरीजों का कोई पारिवारिक इतिहास नहीं होता। जिन लोगों के परिवार में कई सदस्यों को कैंसर रहा है, उनके लिए जेनेटिक काउंसलिंग उपयोगी हो सकती है। यह धारणा भी गलत है कि कैंसर से बचाव के लिए कुछ नहीं किया जा सकता। लगभग एक-तिहाई सामान्य कैंसर जीवनशैली में बदलाव से रोके जा सकते हैं। तंबाकू से दूरी, स्वस्थ वजन बनाए रखना, नियमित शारीरिक गति. विधि, शराब का सीमित सेवन और धूप से त्वचा की सुरक्षा जैसे कदम कैंसर के जोखिम को काफी हद तक कम करते हैं। नियमित स्क्रीनिंग भी कई कैंसर की शुरुआती पहचान में मदद करती है, जिससे इलाज की सफलता की संभावना बढ़ जाती है। कैंसर के बारे में सही जानकारी हमें डर नहीं, बल्कि समझदारी से निर्णय लेने की शक्ति देती है। जागरूकता, समय पर जांच और वैज्ञानिक इलाज ही कैंसर के खिलाफ हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं।

# मां दुर्गा का सिंहासन बैंड बाजे के साथ निकाला



**बिलारी।** नगर मेला कमेटी के तत्वाधान में परंपरागत तौर पर मां दुर्गा का सिंहासन बैंड बाजे के साथ धूमधाम से निकाला गया। गांधी पार्क चौराहे पर श्रद्धालु एकत्रित हुए वहां से कमेटी अध्यक्ष संजय जैन ने शोभा यात्रा का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर सभी ने देवी मां,प्रभु राम आदि के जयकारे लगाए। वहां से सिंहासन यात्रा बस स्टैंड, कोतवाली के सामने, नई तहसील परिसर के उपरांत महाराणा प्रताप चौक से शाहबाद मार्ग होकर मंदिर पौड़ा खेड़ा, पुरानी तहसील, पैंठ बाजार, प्रथमा बैंक के सामने से सर्राफा बाजार होकर नेहरू चौक, मेनबा. जार, रैली चौक, झंडा चौक से मंदिर गमादेवत पहुंचकर रुकी। शोभा यात्रा में सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान, मेला संयोजक कौशल ठाकुर, दुष्यंत चौहान, अभिषेक शर्मा एडवोकेट, नीरज रुहेला, विशाल गुप्ता आदि रहे।

नगर के प्राचीनतम मंदिर गमादेवत में पंडित विशोक शर्मा ने अष्टमी का विशेष हवन करके माता से नगर और क्षेत्र में सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। हवन में रिटायर शिक्षिका ओमवती गुप्ता, सुरेंद्र कुमार चुग, मीना चुग, मंदिर की पुजारी सुमन देवी आदि शामिल रहे। मार्ग में माता के सिंहासन पर अनेक श्रद्धालुओं ने माथा टेकर आशीर्वाद लिया। सिंहासन यात्रा में पुलिस का भी विशेष प्रबंध रहा।

# टिमिट में 'रील एंड रिवील' मार्केटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के अंतर्गत संचालित तीर्थंकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट) के कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के मार्केटिंग क्लब द्वारा "रील एंड रिवील" नामक एक रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों, विशेषकर एमबीए विद्यार्थियों में डिजिटल मार्केटिंग कौशल, ब्रांड प्रमोशन की समझ तथा सृजनात्मकता का विकास करना था। कार्यक्रम में छात्रों ने 3-5 सदस्यों की टीम बनाकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को अपनी पसंद के किसी ब्रांड का चयन कर 1 से 5 मिनट की आकर्षक रील तथा उसका थंबनेल तैयार करना था। प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई, जिसमें पहले चरण में कंपनी एवं उत्पाद का परिचय और पंजीकरण प्रक्रिया सम्पन्न हुई, जबकि दूसरे चरण में प्रतिभागियों ने अपनी वीडियो प्रस्तुतियां दीं। छात्रों ने आधुनिक डिजिटल टूल्स का उपयोग करते हुए अत्यंत प्रभावशाली एवं रचनात्मक प्रस्तुतियां दीं, जिससे उनकी मार्केटिंग समझ, नवाचार क्षमता और प्रस्तुतीकरण कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट प्रदान किए गए, जबकि विजेताओं को फिजिकल सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में कृष सक्सेना (टीम कटाना एडवरटाइजमेंट), बीबीए डिजिटल मार्केटिंग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान प्रणव, सत्यम जैन, मिश्टी जैन, राज सिंघई एवं तनिष्का मिश्रा (टीम एलीट फाइव), एमबीए प्रथम वर्ष को प्राप्त हुआ, जबकि तृतीय स्थान मनीषा बोहरा, खुशी शर्मा,




मुस्कान भटनागर एवं पलक बंसल (टीम एलीट गर्ल्स), एमबीए प्रथम वर्ष ने हासिल किया। इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि आज के डिजिटल युग में मार्केटिंग केवल उत्पाद बेचने तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि यह ग्राहकों के साथ भावनात्मक जुड़ाव स्थापित करने की कला बन चुकी है। उन्होंने कहा कि "रील एंड रिवील" जैसे आयोजन छात्रों को अपनी रचनात्मकता को अभिव्यक्त करने, नए विचारों को प्रयोग में लाने तथा व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ छात्रों को उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करती हैं और उनमें आत्मविश्वास, टीमवर्क एवं नेतृत्व कौशल का विकास करती हैं। प्रोफेसर जैन ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर नवाचार करने तथा अपने कौशल को और अधिक निखारने के लिए प्रेरित किया। अंत में उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया।

# टीएमयू में हैल्थ फॉरेंसिक पर वैश्विक कॉन्फ्रेंस देश-विदेश के नामचीन एक्सपर्ट्स करेंगे मंथन

## उत्तराखंड सरकार में मेडिकल शिक्षा के डायरेक्टर डॉ. अजय आर्या बतौर मुख्य अतिथि, एसआईएफएस के फाउंडर डॉ. रणजीत सिंह बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर कॉन्फ्रेंस में शिरकत करेंगे, जबकि शंघाई, मनीला, अर्कन्सास, दुबई की यूनिवर्सिटीज से भी ऑनलाइन जुड़ेंगे एक्सपर्ट्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हैल्थ केयर साइंसेज की ओर से इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस- हैल्थ फॉरेंसिक- 2026 का 27 मार्च को ऑडी में शंखनाद होगा। ब्लेंडेड मोड में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस की थीम फ्यूचर ऑफ इन्नोवेशन एंड साइंस एंड टेक्नोलॉजी- एफआईएसटी रहेगी। उत्तराखंड सरकार में मेडिकल शिक्षा के डायरेक्टर डॉ. अजय आर्या बतौर मुख्य अतिथि, एसआईएफएस के फाउंडर डॉ. रणजीत सिंह बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर कॉन्फ्रेंस में शिरकत करेंगे, जबकि ग्लोबल रिसर्च एंड साइंटिफिक कोलाबोरेशन यूआईएच शंघाई के सीनियर डायरेक्टर डॉ. दिलीप कुमार एआई इन मेडिसिन: रेडिफाइंग, हेल्थकेयर टुडे, इंजीनियरिंग द फ्यूचर ऑफ टुमारो, यूनिवर्सिटी ऑफ फिलिपिंस-मनीला के कॉलेज ऑफ आर्ट एंड साइंसेज की डीन डॉ. मा. टेरेसा गुआजोन डी गुजमान बिहेवियरल इकोलॉजीज ऑफ डेथ: हेरिटेज फॉरेंसिक्स एंड ह्यूमैनिटेरियन फॉरेंसिक्स इन आर्किपेलैजिक सोसाइटीज, यूनिवर्सिटी ऑफ अर्कन्सास फॉर मेडिकल साइंसेज यूएसए के पोस्ट डॉक्टरल फेलो डॉ. अमोद शर्मा ऑबेसिटी-एनएएफएलडी इंडयूसिड इंजरी एंड मिटोकॉन्ड्रियल डायसफंक्शन इन किडनी इज पर्शियल ऐलिवेटेड बाय शार्ट टर्म मेटाफॉर्मिन, अमेटी यूनिवर्सिटी, दुबई के डॉ. नृशांत सिंह नैनोटेक्नोलॉजी इन फॉरेंसिक साइंस: फ्रॉम लेटेंट फिंगरप्रिंट इन्हेंसमेंट टू मॉलिक्यूलर इंटेलिजेंस सरीखे विद. ेशी मेहमान ऑनलाइन जुड़ेंगे। कॉन्फ्रेंस में टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन की उल्लेखनीय मौजूदगी रहेगी। अतिथियों की ओर से कॉन्फ्रेंस सोवेनियर का विमोचन भी किया जाएगा। कॉन्फ्रेंस में डिपार्टमेंट ऑफ- एमएलटी, ऑप्टोमेट्री, फॉरेंसिक और आरआईटी के चार टेक्निकल सत्रों में रिसर्च पेपर्स, पोस्टर्स और ओरल प्रेजेंटेशन होंगे। कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हैल्थ केयर साइंसेज के प्रिंसिपल एवम् कॉन्फ्रेंस चेयरपर्सन प्रो. नवनीत कुमार स्वागत भाषण, जबकि




एमएलटी की एचओडी डॉ. रूचि कांत वोट ऑफ थैंक्स देंगी। सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट्स देकर सम्मानित किया जाएगा। पैनल डिस्कशन भी होगा, जिसकी थीम भविष्य के लिए तैयार एलाइड हेल्थकेयर वर्कफोर्स के लिए कौशल विकास को सशक्त बनाना: अंतरालों को कम करना, प्रशिक्षण को सुदृढ़ करना और नवाचार को बढ़ावा देना रहेगी। कॉन्फ्रेंस में बेस्ट पोस्टर, बेस्ट रिसर्च पेपर, बेस्ट क्राइम सीन इन्वेटिगेशन के विजेता स्टुडेंट्स, जबकि बेस्ट रिसर्च पेपर्स और बेस्ट पीएचडी थिसिस के लिए फैकल्टीज को सम्मानित भी किया जाएगा। कॉन्फ्रेंस के तकनीकी सत्रों की पैनल चर्चा में डॉ. प्रमोद सूर्यकांत राव डोडे, डॉ. ओ. पी. जसूजा, श्री राजेश कुमार, डॉ. आशीष चंदर, डॉ. रणजीत कुमार सिंह, डॉ. अमित कंसल एवं श्री अनंत राम उनियाल, प्रो. (डॉ.) रुचि कांत की उल्लेखनीय मौजूदगी रहेगी। कॉन्फ्रेंस चेयरपर्सन प्रो. नवनीत कुमार ने बताया, यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली में बायोकेमिस्ट्री के डॉ. नरेन्द्र कुमार रोल ऑफ अमीनो एसिड इन पैनक्रियाटिक कैंसर थेरेपी, डॉ. श्रॉफ चेरिटी आई हॉस्पिटल के क्लिनिकल साइंसिस्ट डॉ. राम कैलाश गुर्जर एआई एंड इन्नोवेशन एडवांसमेंट्स इन आई केयर, गुजरात यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ बायोकेमिस्ट्री एंड फॉरेंसिक साइंस के प्रो. कपिल कुमार फॉरेंसिक मालवेयर एनालिसिस: टेक्निक्स फॉर इन्वेस्टिगेटिंग साइबर थ्रेट्स, पायोनियर सेंटर ऑफ बायोसाइंसेज फॉर एडवांस ट्रेनिंग एंड रिसर्च-गाजियाबाद के डायरेक्टर डॉ. मनीष कुमार शर्मा हायपोक्सिया इंड्यूसिबल फैक्टर- एन असेंसियल रेगुलेटर इन सेल्यूलर मेटाबोलिक कंट्रोल अंडर हायापोक्जिक कंडिशंस, तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर- मुरादाबाद के सीनियर रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी गवर्नेंस, रेग्यूलेशंस एंड एथिक्स रिलेटिड टू आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन हैल्थकेयर पर 27 मार्च को फर्स्ट डे व्याख्यान देंगे। ारआईएमटी- पंजाब के प्रो. ओपी जसूजा 3-डी फॉरेंसिक फेशियल रिकंस्ट्रक्शन, आईआईटी-रूड़की के डॉ. राजेश कुमार एंटीबॉडी बेस्ड थेराप्यूटिक इंटरवेंशन अगेन्स्ट वायरल एंड नॉन वायरल एंटीजंस, स्वामी रामा हिमालयन यूनिवर्सिटी-देहरादून के सीनियर एमआरआई टेक्नोलॉजिस्ट श्री अनंत राम उनियाल प्रिकॉशंस इन इमेजिंग एज एविडेंस, सिल्वर लाअन लेबोरेट्री- दिल्ली के डायरेक्टर श्री गगन साहनी ऑक्यूलर सरफेस एंड विजुअल रिहैबिलिटेशन विद रिजिड स्कैलरल लेंसेज, यूनिवर्सिटी ऑफ लखनऊ की डॉ. निशा सिंह बायोकेमिकल सिग्नेचर: ए कॉमन लैंग्वेज फॉर मेडिसिन एंड फॉरेंसिक, आईआरओ आईजीआईएमएस- पटना के साइंटिस्ट डॉ. पंकज कुमार क्यूरसीटिन फंक्शन इन प्रिवेंटिंग रेटिनल कैपिलरी एंडोथीलियल सेल डीजेनरेशन इन डीआर, सीएल गुप्ता आई हॉस्पिटल- मुरादाबाद के असिस्टेंट डायरेक्ट फानी कृष्णा अथरेया रोल ऑफ टेक्नोलॉजी इन लो विजन रिहैबिलिटेशन पर कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन विस्तार से चर्चा करेंगे।

## दुर्गा अष्टमी की कन्याओं और वरूओं को जिमाकर खोला व्रत, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**ठाकुरद्वारा।** नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में श्री दुर्गा अष्टमी का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और आस्था के साथ मनाया गया। नवमी के इस पावन अवसर पर सुबह से ही मंदिरों और घरों में माता के जयकारों से वातावरण गूं. जता रहा। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां दुर्गा से सुख-समृद्धि की कामना की। नगर के प्राचीन दुर्गा मंदिर सहित क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में भोर से ही भक्तों का तांता लग गया। विशेष आयोजनों के तहत मंदिरों को फूलों एवं विद्युत सज्जा से सजाया गया था। कन्या पूजन (हवन) का विशेष महत्व रहा।



इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में कन्याओं (बालिक. ाओं) और बटुकों (वरुणों) को भोजन कराकर उनका पूजन किया। क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला निवासी एकता एकेडमी की प्रधानाचार्य मान्या चौधरी ने बताया, "हर साल की तरह इस बार भी हमने घर में नौ कन्याओं एवं एक बटुक को प्रसाद एवं भोजन कराया। माता रानी की कृपा से परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।" कन्याओं को पूरे श्रृंगार के साथ पीठिका (पीठ पर बैठाकर) पर बिठाकर उनके पैर धोए गए और उन्हें श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया। स्थानीय प्रशासन की ओर से भी मंदिर परिसरों में सुरक्षा एवं व्यवस्था के विशेष प्रबंध किए गए थे। दुर्गा अष्टमी का यह पर्व श्रद्धालुओं के लिए आस्था और समर्पण का अनूठा संगम लेकर आया। नगरवासियों ने आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ पर्व की खुशियाँ साझा कर मां दुर्गा अष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## बेरनी मेला ग्राउंड में 27 मार्च को भाकियू टिकैत की महापंचायत, राकेश टिकैत करेंगे संबोधित

**चन्दौसी।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की ओर से 27 मार्च को प्राचीन शिव मंदिर, बेरनी मेला ग्राउंड में किसान-मजदूर संवाद महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। महापंचायत को राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत एवं राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन संबोधित करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष (पश्चिमी उत्तर प्रदेश) विजेंद्र सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि महापंचायत की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और विभिन्न जनपदों से कार्यकर्ता व पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह महापंचायत ऐतिहासिक होगी, जिसमें क्षेत्रीय किसानों की प्रमुख समस्याओं को जोर-शोर से उठाया जाएगा। महापंचायत में भूमि अधिग्रहण, सर्किल रेट में वर्षों से बढ़ोतरी न होने, किसानों को उचित मुआवजा न मिलने जैसे मुद्दे प्रमुखता से रखे जाएंगे। संभल जनपद के पांच गांवकृहयांगवां, खिरनी, सारंगपुर, पट्टी सौंधन आदि की भूमि औद्योगिक गलियारे के लिए अधिग्रहित की जा रही है, जहां पिछले सात वर्षों से सर्किल रेट नहीं बढ़ाए गए हैं। किसानों का कहना है कि जब तक सर्किल रेट में बढ़ोतरी नहीं होगी, वे अपनी भूमि औद्योगिक गलियारे के लिए नहीं देंगे। इसके अलावा महाप. ंचायत में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद सुनिश्चित करने, आलू किसानों की बदहाल स्थिति तथा आलू निर्यात की मांग जैसे मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। महापंचायत के बाद प्रधानमंत्री एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा जाएगा, वहीं जनपद स्तर की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को भी ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## बार रूम सभागार में मनाई गई सम्राट अशोक जयंती, अधिवक्ताओं ने किया नमन

**चन्दौसी।** बार रूम सभागार में गुरुवार को अधिवक्ताओं द्वारा सम्राट अशोक की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं ने सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान एडवोकेट राजीव शर्मा ने सम्राट अशोक के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे सत्य और अहिंसा के बल पर महान सम्राट बने और उन्होंने भारत के साथ-साथ पड़ोसी देशों पर भी प्रभावी शासन किया। वहीं विनोद सिंह ने कहा कि 'अहिंसा परमो धर्म' जैसा महान संदेश सम्राट अशोक की ही देन है, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद सिंह ने की, जबकि संचालन सचिव तीर्थ कुमार ने किया। इस अवसर पर के.डी. मौर्य, वेद प्रकाश, थान सिंह, राहुल चौधरी, विभोर बंसल, दया सिंधु, राजेश यादव, महेश यादव, यादराम, अनुराग सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## दुर्गाष्टमी पर मंदिरों में रही श्रद्धालुओं की भीड़, मां महागौरी की आराधना से भक्तिमय हुआ माहौल

**चन्दौसी।** चैत्र नवरात्र के आठवें दिन गुरुवार को दुर्गाष्टमी के अवसर पर नगर व आसपास के क्षेत्रों के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें मंदिरों के बाहर देखने को मिलीं। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिरों में घंटा-घड़ियाल, शंखनाद और जयकारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। धार्मिक मान्यता है कि दुर्गाष्टमी के दिन मां महागौरी की पूजा करने से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। नगर के विभिन्न मोहल्लों में श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर अष्टमी के दिन कन्या पूजन किया और कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनका पूजन कर भोजन कराया। कई स्थानों पर भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इंस्पेक्टर चन्दौसी अनुज कुमार तोमर ने पुलिस बल के साथ रामबाग धाम सहित प्रमुख मंदिरों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए, जिससे कहीं कोई अव्यवस्था न हो। दिनभर मंदिरों में दर्शन-पूजन का सिलसिला चलता रहा। पूरे नगर में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का वातावरण बना रहा, जिससे नवरात्र का यह पावन पर्व और अधिक आकर्षक व श्रद्धामय बन गया। **उधर,** चैत्र नवरात्र के आठवें दिन दुर्गाष्टमी के अवसर पर नगर व आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना की। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं।

वहीं कुछ श्रद्धालुओं ने नवरात्रि के व्रत पूर्ण कर घरों व मंदिरों में कन्या पूजन के साथ कन्या भोज का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने नौ कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनका पूजन किया और भोजन कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे नगर में दिनभर भक्तिमय वातावरण बना रहा और जय माता दी के जयकारों से माहौल गूंजता रहा।

# सड़क दुघर्टना में के दो मजदूरों की मौत, दो घायल

**चन्दौसी।** बुधवार की रात 09 बजे मुरादाबाद-आगरा हाइवे पर टैक्टर-ट्राली से घर लौटते समय मौहम्मदगंज के निकट पीछे से ट्रक की टक्कर से हुई दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई व दो घायल हो गये। थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बिचौटा निवासी दो मजदूर गौरव (20) तथा हरपाल सिंह (45) की बुधवार को मुरादाबाद-आगरा हाइवे पर हुए सड़क हादसे में मौत हो गई तथा रामबहादुर व हेमपाल घायल हुए हैं। बिचौटा चौराहे पर सड़क निर्माण सामग्री बजरी आदि का प्लांट लगा हुआ है। उसी प्लांट के ठेकेदार की तरफ से बहजोई के निकट किसी रोड़ पर किलोमीटर दर्शाने वाले पत्थर तथा संकेतांक बोर्ड लगाने का कार्य करके सभी मजदूर बुधवार की रात्रि टैक्टर ट्राली से लौट रहे थे तभी आगरा-मुरादाबाद हाईवे पर मौहम्मद गंज के निकट पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमें गौरव (20) पुत्र राजवीर निवासी बिचेटा की मौके पर ही मौत हो गई और हरपाल सिंह, रामबहादुर, हेमपाल व ट्रैक्टर चालक सहित चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस ने सीएचसी भिजवाया। जहां से हरपाल सिंह की हालत गंभीर होने पर परिजन मुरादाबाद डेन्टल हास्पीटल ले गए। डेन्टल अस्पताल में इलाज के नाम पर मोटी रकम जमा नहीं कर पाने से परिजन बिना उपचार करायें घर ले आए। गुरुवार की भोर में तीन बजे हरपाल सिंह की मौत हो गई।



मृतक हरपाल। फाइल फोटो



मृतक गौरव। फाइल फोटो



मौत के परिजनों में कोहराम मच गया और सुबह होने पर पुलिस को सूचना दी। सीएचसी चन्दौसी ले जाकर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव में हुई दो मौतों से मातम छाया हुआ है। बता दें कि गौरव अपने परिवार का इकलौता बेटा था। गौरव की छोटी दो बहनें गौरी व छाया हैं। गौरव की मौत से मां वीरवती व बहनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घर की आर्थिक स्थिति कमजोर होने से गौरव मजदूरी कार्य करके घर के खर्च में पिता का हाथ बंटाता था। वहीं हरपाल सिंह के पांच संतानों में बड़ी बेटी शादीशुदा हैं और दो बेटे लवकुश व मनीष तथा आरती व शीतल बेटियां हैं। हरपाल सिंह मजदूरी कार्य करके परिवार का भरण पोषण करता था। हरपाल की मौत से परिजन बहुत दुखी है।

# कुन्दरकी के जीशान खान ने बढ़ाया नगर का मान

### उपनिरीक्षक एवं सहायक उपनिरीक्षक परीक्षा में शानदार सफलता



**कुन्दरकी।** नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी जीशान खान पुत्र रफी अहमद ने उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक गोपनीय एवं सहायक उपनिरीक्षक लिपिक, लेखा परीक्षा में सफलता हासिल कर नगर का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, परिजनों और स्थानीय लोगों ने उनके घर पहुंचकर मिठाई खिलाकर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जीशान खान एक साधारण मध्यवर्गीय परिवार से आते हैं। उनके पिता रफी अहमद ने बेटे की पढ़ाई के लिए कड़ी मेहनत और संघर्ष किया। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने कभी भी बेटे की शिक्षा में कमी नहीं आने दी। जीशान की इस सफलता के पीछे उनकी मेहनत, लगन और परिवार का समर्थन मुख्य कारण रहा। स्थानीय लोगों और मित्रों ने जीशान की इस उपलब्धि को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि उनकी सफलता से क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे कुन्दरकी नगर के लिए गर्व का विषय बन गई है।

## हाईवे पर मौत बनकर दौड़ी रफ्तार आमने-सामने भिड़ीं कारें दो घायल

**कुंदरकी।** मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाईवे पर बुधवार की रात्रि में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। कुंदरकी थाना क्षेत्र के नानपुर गांव के पास दो कारों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि एक कार के परखच्चे उड़ गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोनों कारें तेज रफ्तार में थीं। अचानक आमने-सामने आने पर चालक नियंत्रण नहीं रख सके और जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालने में मदद की। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलते ही कुंदरकी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारू कराया। थाना प्रभारी जसपाल सिंह ने बताया कि दोनों घायलों की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। उनकी शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस हाईवे पर डिवाइडर नहीं होने के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत भी की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## दावते इस्लामी इंडिया ने हज यात्रियों के लिए प्रशिक्षण कैंप लगाया

**कुंदरकी।** नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित दावते इस्लामी इन्डिया की जानिब से मदरसा फैजाने रजा में हज यात्रियों के लिए प्रशिक्षण कैंप लगाया जिसमें दावते इस्लामी इन्डिया के डिपार्टमेंट हज व उमरा के माहिर ट्रेनर हाजी साजिद हुसैन अत्तारी ने हाजीयों को ट्रेनिंग देते हुए सफर की एहतियातें के बारे में जानकारी दी और कहा किसी भी तरह की नशे वाली वस्तु अपने साथ ले कर जाना कानून जुर्म है और किसी अनजान व्यक्ति का सामन हरगिज न लें इसके बाद एहराम बांधने का तरीका पहले मक्का शरीफ जा रहे हैं तो एहराम कहां से बांधेंगे और पहले मदीने शरीफ जा रहे हैं तो एहराम कहां से बांधेंगे नियत करने के बाद एहराम की पाबंदियां क्या है तवाफ का तरीका क्या है सई का तरीका और जरूरी मसाइल हलक और तकसीर का तरीका मदीने शरीफ की हाजिरी के आदाब के साथ साथ बहुत अहम जानकारीयां हाजियों व हज्जनों को दीं इस अवसर पर मास्टर हाजी तसलीम हाजी इरशाद कारी अब्दुल वकील अत्तारी गुलाम नबी अत्तारी अरकान कादरी कघरी आरिफ अत्तारी कघरी अबू बकर अत्तारी आदि मौजूद रहे।।

# महिला सुरक्षा के लिए रन फॉर एंपावरमेंट का हुआ आयोजन, पुलिस ने जागरूकता का दिया संदेश

**मुरादाबाद।** जनपद में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान 5.0 के द्वितीय चरण के तहत गुरुवार को "रन फॉर एंपावरमेंट" जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया। यह दौड़ पुलिस लाइन से सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी कांठ श्री अभिनव द्विवेदी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई। कार्यक्रम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में संपन्न हुआ।






दौड़ में बड़ी संख्या में महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए, जिन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लेकर समाज को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने मिशन शक्ति 5.0 के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जनपद पुलिस की प्रतिबद्धता दोहराई। रैली में अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनके प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना तथा विभिन्न महिला हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। पुलिस विभाग द्वारा स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर लगातार जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं को आत्मरक्षा के उपायों और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी कांठ श्री अभिनव द्विवेदी ने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों का एक प्रमुख कारण अशिक्षा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को शिक्षित करें, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और जीवन में आगे बढ़ सकें। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास आवश्यक है, जिससे वे मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बन सकें। मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के सभी थानों पर महिला हेल्प डेस्क को सक्रिय किया गया है और महिला बीट पुलिसिंग को मजबूत किया जा रहा है। साथ ही एंटी रोमियो स्क्वॉड को भी प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है, ताकि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।पुलिस प्रशासन ने बताया कि सभी थानों पर मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां महिला संबंधित सभी सेवाओं को एकीकृत कर त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा ग्राम चौपालों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में भी महिला सुरक्षा और जागरूकता का संदेश पहुंचाया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे, जिससे समाज में महिलाओं के प्रति सुरक्षा, सम्मान और विश्वास का वातावरण और अधिक मजबूत हो सके।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर कार्यशाला संपन्न, अधिकारियों ने दिए दिशा-निर्देश

**ठाकुरद्वारा।** संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर गुरूवार को विकासखंड सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक प्रस्तावित संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल संचालन के उद्देश्य से आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुदगल ने की। उनके साथ सहायक विकास अधिकारी पंचायत योगेंद्र कुमार, युवा कल्याण अधिकारी नवीन चौहान, एडीओ रामआशीष प्रतापति , खंड प्रेरक, समस्त ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष वीर सिंह उर्फ वीरू, तथा स्वास्थ्य विभाग प्रमोद कुमार, एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में बताया गया कि एक माह तक चलने वाले इस अभियान के दौरान गांव-गांव,



मोहल्ले-मोहल्ले में साफ-सफाई, नियमित दवा का छिड़काव, जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित कर उन्हें समाप्त किया जाएगा। साथ ही डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया व अन्य मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए घर-घर जाकर जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया। खंड विकास अधिकारी उमाक. ांत मुदगल ने कहा, "इस अभियान की सफलता सभी विभागों के आपसी तालमेल पर निर्भर करती है। ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और आशा कार्यकर्ताओं को मिलकर कार्य करना होगा ताकि कोई भी घर अभियान की परिधि से बाहर न रहे।" उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान प्रतिदिन की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए और संसाधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग सुनिश्चित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग के प्रमोद कुमार ने बताया कि इस दौरान विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे, जहां लोगों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया जाएगा। एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण देकर फील्ड में सक्रिय किया जाएगा। इसके अलावा स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता रैलियां निकालने की भी योजना बनाई गई। कार्यशाला में ग्राम प्रधानों ने भी अपने विचार रखे और गांवों में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अभियान को सफल बनाने के लिए संकल्प लिया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अप्रैल माह के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अभियान के अंत में इसकी समीक्षा कर प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाएगा।

1 अप्रैल से पूरे विकासखंड में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया जाएगा।

## एक नजर

### नंद समाज ने राजकुमार सिंह को सौंपी मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी



कांठ(शाह टाइम्स) नंद समाज के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केंद्र संयोजक एवं सह मीडिया प्रभारी राज. कुमार सिंह ठाकुर को मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सपनों को पूर्ण करने एवं नंद समाज में फैली रूढ़िवादिता को दूर करने एवं अनेक कुरीतियां अंधविश्वास को दूर करते हुए प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि नंदरथ के सारथी बनकर अपने जिले में नंद समाज को मजबूत करें। इस उपलब्धि पर नगर के लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### तहसील बार एसोसिएशन आज कराएगी बार और बेंच के बीच क्रिकेट मैच

**कांठ (शाह टाइम्स)** तहसील बार एसोसिएशन के सौजन्य से डीएसएम डिग्री कॉलेज मैदान में बार और बेंच के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी तहसील बार एसोसिएशन के महासचिव दीपक कुमार बिश्नोई ने दी उन्होंने बताया कि यह मैच 27 मार्च को प्रातः 8:00 बजे से होगा मैच का उद्देश्य बार एवं बेंच के बीच खेल भावना आपसी सौहार्द एवं मनोरंजन का अद्भुत संगम बनाना है।

उन्होंने क्षेत्र के लोगों से इस मौके पर आकर क्रिकेट मैच का आनंद उठाए जाने का आह्वान किया है।

### ठाकुरद्वारा में रसोई गैस की कालाबाजारी जोरों पर घरेलू सिलेंडर 2000 रुपये तक बेचने का आरोप

**ठाकुरद्वारा।** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस (एलपीजी) की कृत्रिम कमी पैदा कर कालाबाजारी करने का मामला सामने आया है। घरेलू सिलेंडरों को नियामक मूल्य 933 रुपये के स्थान पर 1700 से 2000 रुपये तक, वहीं कमर्शियल सिलेंडर 6000 रुपये तक बेचे जा रहे हैं। रिफिलिंग गैस भी 80-90 रुपये के स्थान पर 140 रुपये प्रति किलो बेची जा रही है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, डीलरों और एजेंटों की मिलीभगत से ग्रामीण क्षेत्रों एवं छोटे गोदामों में अवैध भंडारण किया जा रहा है। कई उपभोक्ताओं को डिलीवरी का मैसेज तो मिल रहा है, लेकिन वास्तविक सिलेंडर नहीं मिल पा रहा, जिससे लोग घबराकर अधिक दाम देकर खरीदारी करने को मजबूर हैं। आम जनमानस पर इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है और नगर में आपूर्ति प्रभावित होने की चर्चाएं तेजी से फैल रही हैं। बतादें कि कालाबाजारी 'आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955' की धारा 3/7 के तहत दंडनीय अपराध है, जिसमें जुर्माना एवं कारावास का प्रावधान है। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसी गतिविधियों की शिकायत स्थानीय पुलिस, जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग अथवा तेल कंपनियों (आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल) के टोल-फ्री नंबर पर की जा सकती है। नगर व क्षेत्र के उपभोकता प्रशासन से जल्द छापेमारी और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे है।

### उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत हुआ उन्मुखीकरण

**ठाकुरद्वारा।** ब्लॉक डिलारी सभागार में उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सहायकों का उन्मुखीकरण कार्यशाला भी संपन्न की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख पूनम चौधरी ने की। इस मौके पर




प्रमुख प्रतिनिधि अर्जुन चौधरी, खंड विकास अधिकारी प्रेम सिंह, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) चंद्रपाल सिंह, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) मोहित बिश्नोई, समाज कल्याण अधिकारी विख्यात चौहान, सहायक विकास अधिकारी (ग्राम विकास) मदनपाल सिंह सहित समस्त एसएमएसटी सचिव, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं पंचायत सहायक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इस दौरान सफाई कर्मचारियों को माला पहनाकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिससे उनके प्रति आभार एवं सम्मान का भाव व्यक्त किया गया।

### दहेज में पांच लाख की मांग पर महिला को घर से निकाला, राशन डीलर समेत सात पर केस

**ठाकुरद्वारा।** दहेज में पांच लाख रुपये की मांग पूरी न करने पर महिला के साथ मारपीट कर उसे घर से निकालने के आरोप में पुलिस ने राशन डीलर समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामला एसपी बिजनौर के आदेश पर दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार बिजनौर जनपद के कोतवाली शहर स्थित जन्नत कॉलोनी निवासी महिला ने शिकायत में बताया कि उसका विवाह 22 अप्रैल 2024 को शरीफ नगर, ठाकुरद्वारा निवासी शाने रब के साथ हुआ था। आरोप है कि विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दिए गए दहेज को कम बताकर उसे प्रताड़ित करते रहे और अतिरिक्त दहेज के रूप में पांच लाख रुपये की मांग करते थे। पीड़िता का आरोप है कि मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की गई और उसे घर से निकाल दिया गया। उसने अपने तहेरे ससुर ताहिर पर धमकी देने का भी आरोप लगाया है, जो शरीफ नगर का राशन डीलर बताया जा रहा है। पुलिस ने पति शाने रब, नसीम, खतीजा, फिरोज, परवेज आलम, रोशन और ताहिर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं राशन डीलर ताहिर ने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उनके खिलाफ किसी भी प्रकार का कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है।

### मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में 'विकसित भारत युवा संसद' का भव्य समापन

चन्दौसी। मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में एनएसएस कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम प्रभारी शर्मिल उपाध्याय के निर्देशन में 'मेरा युवा भारत' (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा आयोजित 'विकसित भारत युवा संसद' का भव्य समापन हुआ। 'मेरा युवा भारत' मुरादाबाद के डायरेक्टर अंकित ने पोर्टल की जानकारी देते हुए युवाओं के कौशल विकास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में 'आपातकाल के 50 वर्ष: सीख और सबक' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें 38 प्रतिभागियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल में प्रवक्ता तेजपाल, मधु राठौर व सचिन उपाध्याय शामिल रहे। परिणाम में शिवी राघव प्रथम, आज्ञा रस्तोगी द्वितीय और प्राची शर्मा तृतीय रहीं। कार्यक्रम का संच. ालन एचडी शर्मा ने किया, जबकि संयोजिका शर्मिल उपाध्याय ने विकसित भारत के लक्ष्य और चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

# RCB के बाद RR का भी 15290 करोड़ में हुआ सौदा

**जयपुर, वार्ता।** एरिजोना के टेक उद्यमी कल सोमानी की अगुवाई में अमेरिकी निवेशकों के एक कंसोर्टियम ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को खरीदने के लिए करीब 15,290 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बोली लगाई है। सोमानी, जो पहले से ही आरआर में हिस्सेदार हैं, अब अपने दो अन्य पार्टनर्स के साथ मिलकर फ्रेंच. इजी का पूरा मालिकाना हक हासिल कर चुके हैं। राजस्थान रॉयल्स ने ही साल 2008 में आईपीएल का पहला खिताब अपने नाम किया था। सोमानी के नेतृत्व वाला यह ग्रुप उन चुनिंदा इंवेस्टर्स में शामिल है,

जिन्हें नॉन-बाइंडिग राउंड के बाद फाइनल बिडिग के लिए आमंत्रित किया गया था। इस डील में न सिर्फ आरआर की 100 फीसदी हिस्सेदारी शामिल है, बल्कि टीम के सभी ग्लोबल ब्रांडेड राइट्स भी दांव पर हैं। इसमें दक्षिण अफ्रीका की पार्ल रॉयल्स और सीपीएल की बारबाडोस रॉयल्स जैसी टीमें भी शामिल हैं। आईपीएल की आठ शुरुआती टीमों में से एक आरआर को साल 2008 में यूके की 'इमर्जिंग मीडिया' ने महज 67 मिलियन डॉलर में खरीदा




था। इसका मालिकाना हक मनोज बडाले के पास है। उस दौर में एक डॉलर की कीमत लगभग 40 रुपये थी, जो अब बढ़कर 94 रुपये के करीब पहुंच गई है। इस गणित से देखें तो सोमानी ग्रुप की ताजा बोली 2008 की कीमत के मुकाबले रुपये में करीब 57 गुना ज्यादा है। दिलचस्प बात यह है कि 2008 में सबसे कम वैल्यू वाली टीम होने के बावजूद, दिवंगत शेन वॉर्न की कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स ने पहले ही सीजन में इतिहास रचते हुए खिताब अपने नाम किया था। हालांकि पिछले आईपीएल में टीम नौवें पायदान पर रही थी, लेकिन मैदान पर इस प्रदर्शन का टीम की वैल्यू पर कोई असर नहीं पड़ा। दरअसल, फ्रेंचाइजी की बाजार में कीमत हमेशा उनके खेल से अलग तय की जाती है। साल 2009 में राजस्थान रॉयल्स आईपीएल की ऐसी पहली टीम बनी थी, जिसने अपनी हिस्सेदारी बेची थी। तब बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा ने टीम में 11.7 प्रतिशत स्टेक खरीदा था। इसके बाद 2021 तक आते-आते बडाले मुख्य निवेशक बन गए और उनकी हिस्सेदारी 65 फीसदी से भी ज्यादा हो गई। यह उस फंडिग ड्राइव का नतीजा था जिसमें कई बड़े निवेशकों को जोड़ा गया, जिनमें टीम8 के सह संस्थापक इयान मैककिनन, पूर्व बीटी सीईओ फिल जेनसन, फ्यूचर लर्न और नेटवर्क इंटरनेशनल के चेयरमैन रॉन कलीफा, बेटफेयर के संस्थापक एड रे, और टेक उद्यमी जैसे सोमानी, सिमर मेयो और मिहिर पटेल शामिल थे। 2021 में रेडबर्ड कैपिटल्स भी निवेशक के रूप में शामिल हुआ, जिसकी हिस्सेदारी 15 प्रतिशत है और जिसका निवेश लिवरपूल और बोस्टन रेड सॉक्स की पैरेंट कंपनी में भी है।

### विजय माल्या ने आरसीबी के नए मालिकों को दी बधाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व मालिक विजय माल्या ने फ्रेंचाइजी के नए मालिकों को इस मूल्यवान आईपीएल फ्रेंचाइजी को खरीदने के लिए शुभकामनाएं दी हैं। माल्या ने एक्स पर लिखे एक पोस्ट में इस फ्रेंचाइज से जुड़ी यादों को साझा करते हुए कहा कि जब उन्होंने 2008 में 450 करोड़ रुपये में यह फ्रेंचाइजी खरीदी थी, तब कई लोगों ने उनका मजाक उडाया था और उनके निवेश को केवल एक 'वैनिटी प्रोजेक्ट' बताकर उसकी आलोचना की थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस निवेश के पीछे का मुख्य उद्देश्य रॉयल चैलेंज ब्रांड का निर्माण करना था, जिसके कारण उन्होंने फ्रेंचाइजी का नाम आरसीबी रखा। माल्या ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि 450 करोड़ रुपये के निवेश को 16,500 करोड़ रुपये तक बढते देखना बेहद संतोषजनक है। उन्होंने यह भी साझा किया कि आरसीबी हमेशा उनके डीएनए का हिस्सा रहेगी।

# आरसीबी डील बताई गई बात से कहीं ज्यादा महंगीः ललित मोदी

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ब्लॉकबस्टर सेल के बारे में आईपीएल के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी ने गुरुवार को कहा कि यह डील बताई गई बात से कहीं ज्यादा बड़ी और महंगी है। हालांकि 1.78 बिलियन डॉलर के हेडलाइन आंकड़े पर चर्चा हो रही है, लेकिन मोदी ने कहा कि असल फाइनेंशियल खर्च कुछ और ही कहानी कहता है। उनके मुताबिक, सभी चीजों को जोड़ने के बाद, कुल पेमेंट लगभग 1,936 बिलियन डॉलर हो जाता है, जिससे यह डील दो बिलियन डॉलर के करीब पहुंच जाती है। उन्होंने बताया कि बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया (बीसीसीआई) को दी जाने वाली पांच परसेंट ट्रांजैक्शन फीस बेस वैल्यूएशन से ज्यादा कॉस्ट को काफी बढ़ा देती है।

इसके अलावा, आरसीबी महिला टीम की एक्विजिशन कॉस्ट और कई सालों में फैले स्ट्रक्चर्ड पेमेंट से कुल खर्च और बढ़ जाता है। मोदी ने करेंसी डेप्रिसिएशन को भी एक वजह बताया, और कहा कि रुपये में उतार-चढ़ाव ने भारतीय टर्म्स में ट्रांजैक्शन की इफेक्टिव वैल्यू को बढ़ाकर लगभग 18,200 करोड़ रुपये कर दिया है। यह कमेंट्स तब आए हैं जब आदित्य बिड़ला ग्रुप की लीडरशिप वाले एक कंसोर्टियम ने यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड से रॉयल चैलेंजर्स स्पोर्ट्स



प्राइवेट लिमिटेड में 100 परसेंट स्टेक खरीदा है, जिसे पहले से ही आईपीएल हिस्ट्री की सबसे हाई-प्रोफाइल डील्स में से एक माना जा रहा है। नंबर्स को तोड़-मरोड़कर, मोदी ने एक बड़ी बात पर जोर देने की कोशिश की- कि आईपीएल फ्रेंच. इजी वैल्यूएशन न केवल आसमान छू रही हैं, बल्कि ऐसी डील्स की असली इकोनॉमिक्स अक्सर हेडलाइन आंकड़ों में कम बताई जाती हैं, जिससे इसमें शामिल इन्वेस्टमेंट का असली स्केल छिप जाता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ओडिशा की किशोरी अंजलि ने केआईटीजी में तैराकी में जीता स्वर्ण

**रायपुर, वार्ता।** ओडिशा की किशोरी तैराक अंजलि मंडा ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 की तैराकी स्पर्धा में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अंजलि ने बुधवार को 200 मीटर फ्रीस्टाइल में 2:39-02 सेकंड का समय निकालकर उन्होंने स्वर्ण पदक जीता और साथ ही तैराकी की मजबूत टीम कर्नाटक को पहले दिन के सभी छह स्वर्ण जीतने से भी रोक दिया। ओडिशा के जाजपुर जिले के गहिरागड़िया गांव (भुवनेश्वर से लगभग 100 किमी दूर) की रहने वाली अंजलि का पानी से रिश्ता शुरुआत में केवल मजे तक सीमित था, किसी औपचारिक प्रशिक्षण से नहीं। चार भाई-बहनों में सबसे छोटी अंजलि के पिता एक स्थानीय फैक्ट्री में वैन चालक हैं। वह 10 साल की उम्र में कलिगा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज(केआईएसएस) पहुंचीं, जहां जनजातीय छात्रों को निष्शुल्क शिक्षा और आवास मिलता है।

### फिल्स ने रोमांचक मैच में 4 मैच पॉइंट बचाए, पॉल को चौंकाया

**मियामी।** आर्थर फिल्स ने बुधवार को मियामी ओपन में टॉमी पॉल से बचने के लिए नाटकीय ढंग से चार मैच पॉइंट बचाए। सीजन के एक मैच में, 21 साल के फिल्स ने घरेलू फेवरेट पॉल की उम्मीदों पर 6-7(3),7-6(4),7-6(6) से पानी फेर दिया और अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में पहुंच गए। फिल्स, जो दो घंटे, 47 मिनट के पूरे मैच में पॉल की सर्विस नहीं तोड़ पाए, ने डिसाइडिग-सेट टाई-ब्रेक में 2/6 से लगातार छह पॉइंट बनाकर आगे बढ़े। फिल्स ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा कि यह एक कांटे की टक्कर थी और मैं कभी भी लड़ाई से पीछे नहीं हटता।अगर मैं हार भी जाता, तो कोई बात नहीं, मैंने बस अपनी तरफ से पूरी को. शिश की।ष फिल्स ने कहा, ष्यह मेरी जदिगी का अब तक का सबसे अच्छा रिजल्ट है। मैं सेमीफाइनल में अपना बेस्ट करने की कोशिश करूंगा, लेकिन अब मैं बहुत खुश हूं।

# सैमसन और गायकवाड करेंगे CSK के लिए ओपनिंग

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए आईपीएल 2026 से पहले सबसे बड़ा सवाल यही था कि उनके लिए ओपनिंग कौन करेगा। उन्होंने सीजन से पहले ही संजू सैमसन को अपने साथ जोड़ा था और टीम में पहले से ही कप्तान ऋतुराज गायकवाड तथा अंडर-19 स्टार आयुष म्हात्रे मौजूद थे। बुधवार को मुंबई में कप्तानों के इवेंट में गायकवाड ने बताया कि सीएसके ने अपनी ओपनिंग जोड़ी को फाइनल कर लिया है।

गायकवाड तीनों बल्लेबाजों को लेकर बात कर रहे थे और उस दौरान उन्होंने कहा कि रुतु और संजू। आईपीएल 2025 में ओप. निंग करते हुए सात पारियों में 188-97 की स्ट्राइक रेट से 240 रन बनाने वाले 18 साल के म्हात्रे







को अब नीचे खेलना होगा। गायकवाड के इंजरी रिप्लेसमेंट के तौर पर आने वाले म्हात्रे पिछले सीजन सीएसके की खोज साबित हुए थे। आईपीएल 2026 से पहले फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिटेन किया था और फरवरी में उनकी कप्तानी में भारत ने अंडर-19 विश्व कप जीता है। 2026 सीजन की नीलामी से पहले रवींद्र जडेजा और सैम करन के बदले ट्रेड के जरिए सैमसन को लाने के बाद से ही सीएसके की ओपनिंग जोड़ी को लेकर बात हो रही थी। सैमसन की ए डील आईपीएल इतिहास के सबसे बड़े ट्रेड में से एक थी और टी20 विश्व कप में धमाकेदार प्रदर्शन के बाद से तो उनका कद और बढ़ा है। सैमसन ने तीन मस्ट विन मैचों में 89, 89 और नाबाद 97 के स्कोर बनाए थे और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने थे।

# चिन्नास्वामी में बिना टिकट के नही होगी एंट्रीः पुलिस

**बेंगलुरु, वार्ता।** बेंगलुरु पुलिस ने गुरुवार को लोगों से कहा कि वे एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस सीजन के पहले आईपीएल मैच के लिए बिना वैलिड टिकट के न आएं। पुलिस ने चेतावनी दी है कि कड़ी जांच होगी और स्टेडियम के बाहर भीड़ जमा होने की इजाजत नहीं दी जाएगी। एक हाई-लेवल रिव्यू और मॉक ड्रिल के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सीनियर पुलिस अधिकारी सीमांत कुमार सिंह ने कहा कि मैच को बिना किसी रुकावट के कराने के लिए बड़े पैमाने पर और कई स्तर की व्यवस्थाएं की गई हैं।

इसमें भीड़ कंट्रोल, यातायात का सुचारू संचालन और आपात स्थिति पर खास ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि ए तैयारियां कई महीनों की मिली-जुली कोशिशों का नतीजा हैं, जिसमें कई एजेंसियां और एक एक्सपर्ट कमेटी




शामिल थी। इस कमेटी ने बड़े पैमाने पर जांच-पड़ताल के बाद अपनी डिटेल्ड सिफारिशें सौंपी थीं। तैयारियों के हिस्से के तौर पर, 23 मार्च और 26 मार्च को दो बड़े मॉक ड्रिल किए गए। इनमें पुलिस, फायर सर्विस, हेल्थ डिपार्टमेंट, पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट (पीडब्ल्यूडी) और जीबीए अधिकारियों समेत सभी जरूरी स्टेकहोल्डर्स शामिल थे। सिंह ने कहा कि विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर, हमने पिछले कुछ महीनों में हर लेवल पर फिजिकल जांच की है। यह पक्का करने के लिए कि मैच सुरक्षित और बिना किसी रुकावट के हों, जरूरी बदलाव अलग- अलग चरणों में लागू किए गए हैं। सभी डिपार्टमेंट्स ने इन ड्रिल्स में हिस्सा लिया और हमने सिफारिशों के आधार पर तैयारियों का जायजा लिया। अभी तक, पहले चरण के ज्यादातर उपाय पूरे हो चुके हैं। पहला मैच शुरू होने में केवल दो दिन बाकी हैं, ऐसे में सिंह ने बताया कि सुरक्षा काफी बढ़ा दी गई है। ट्रैफिक और लॉ-एंड-ऑर्डर, दोनों ही नजरिए से पुलिस की संख्या लगभग दोगुनी कर दी गई है। एक सख्त एडवाइजरी जारी करते हुए, उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल वैलिड टिकट वाले लोग ही स्टेडियम की तरफ आएं।

# गंभीर हाई स्टैंडर्ड तय करने के साथ ही जवाबदेहीभी चाहते हैंः डु प्लेसिस

**नई दिल्ली, वार्ता।** कोलक. ाता नाइट राइडर्स पिछले टाटा आईपीएल सीजन में पॉइंट्स टेबल के दूसरे हाफ में रही थी, और नए हेड कोच अभिषेक नायर के लिए काम बहुत होगा। जियो स्टार के 'आईपीएल टुडे लाइव' पर बात करते हुए, जियो स्टार एक्सपर्ट फाफ डु प्लेसिस और आकाश चोपड़ा ने केकेआर ड्रेसिंग रूम में गौतम गंभीर की गैरमौजूदगी, सिर्फ कैप्टन से आगे लीडरशिप की भूमिका, और हेड कोच के तौर पर अपने पहले सीजन में नायर के लिए चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए।

फाफ डू प्लेसिस ने एक लीडर के तौर पर गौतम गंभीर के बारे में अपनी राय साझा की, क्योंकि वे उनके खिलाफ कई बार खेल चुके हैं। उन्होंने कहा कि गंभीर के बारे में मेरा नजरिया साफ तौर पर उन लोगों से बहुत अलग है



जो उनके साथ खेलते हैं। जब उनके खिलाफ खेलने की बात आती है तो वह हमेशा कहानी में विलेन होते हैं, लेकिन आप इसकी इज्जत करते हैं। और मुझे लगता है कि गौतम गंभीर के साथ यही खास बात है, वह बहुत कॉम्पिटिटिव हैं। वह एक सेकंड के लिए भी इस बात की चिंता नहीं करते कि कोई उन्हें पसंद करेगा या नहीं। एक लीडर के तौर पर उनका काम ऊंचे स्टैंडर्ड सेट करना और ड्रेसिंग रूम में अकाउंटेबिलिटी रखना है। इसलिए, बाहर से, उनके खिलाफ खेलने वाले एक साथी लीडर के तौर पर, आप उन्हें हराना चाहते हैं क्योंकि वह विरोधी टीम के तौर पर खुद को जिस तरह से पेश करते हैं, लेकिन आप इस बात की इज्जत करते हैं कि वह इतने ऊंचे स्टैंडर्ड सेट करते हैं। अच्छे लीडर यही करते हैं,

और उन्होंने जिस दिन से खेलना शुरू किया है, उसी दिन से यह बनाया है। अगर आप उनका रिकॉर्ड देखें, तो आपको अपनी टोपी उतारकर कहना होगा, लीडरशिप के नजरिए से, उनके साथ केकेआर एक मजबूत टीम थी। किसी फ्रेंचाइज में लीडरशिप के लिए कैप्टन ही सब कुछ क्यों नहीं है इस पर फाफ डु प्लेसिस ने कहा कि जब लोग किसी ऑर्गनाइजेशन या टीम में लीडरशिप को देखते हैं, तो हमेशा कैप्टन के बारे में सोचते हैं। हां, कैप्टन का एक रोल होता है, लेकिन मेरे लिए, यह ऊपर से नीचे तक जाता है। तो, यह आपके मालिक, कोच और टीम के अंदर लीडरशिप ग्रुप होते हैं। जब आप एमआई, सीएसके और केकेआर जैसी सफल टीमों को देखते हैं, तो वहां गौतम के साथ श्रेयस अय्यर, या धोनी के साथ फ्लेमिग होते हैं। पिछले साल भी आरसीबी के साथ, आपके पास एंडी फ्लावर और मो बोबट के साथ टॉप पर बहुत मजबूत लीडरशिप थी, लेकिन एक बहुत ही कम अनुभवी कैप्टन के साथ, जिसके लिए यह आईपीएल में पहली बार कप्तानी थी। अगर आपके पास एक मजबूत कैप्टन है, तो बहुत कुछ उस पर आ जाता है। लेकिन अगर आपके पास एक मजबूत कैप्टन नहीं है, तो एक मजबूत कोच की जरूरत होती है।

# मानसिक रूप से मजबूत बनने के लिए मुझे ब्रेक की जरूरत थी: पृथ्वी शॉ

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2025 के ऑक्शन में अनसोल्ड रहने के बाद पृथ्वी शॉ एक बार फिर अपनी पुरानी टीम दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के साथ जुड़ गए हैं। साल 2023 और 2024 के सीजन शॉ के लिए कुछ खास नहीं रहे थे, जहां 16 पारियों में उनके बल्ले से महज 304 रन ही निकले। हालांकि आईपीएल 2026 के आगाज से पहले शॉ का मानना है कि इस छोटे से ब्रेक ने उन्हें मानसिक रूप से काफी मजबूत और तरोताजा कर दिया है।

शॉ ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि मैंने इस दौरान अपनी जदिगी को खुलकर जिया और कुछ जगहों पर घूमकर अपने दिमाग को शांत किया। वापसी के बाद मैंने अपने पुराने रूटीन पर तीन गुना ज्यादा मेहनत शुरू कर दी है, चाहे वह ट्रेनिंग हो या बल्लेबाजी। मेरे लिए यह ब्रेक बहुत जरूरी था। मैं इसे पीछे हटना नहीं कहूंगा, बल्कि इसने मुझे दिमागी तौर पर और भी ताकतवर बनाया है। बता दें कि आईपीएल 2024 के बीच में ही डीसी ने उन्हें प्लेइंग ग्प से बाहर कर दिया था। इसके बाद 2024-25 के घरेलू सीजन में भी उन्हें मुंबई की टीम से ड्रॉप होना पड़ा। उस समय मुंबई के उनके साथी श्रेयस अय्यर ने साफ कहा था कि शॉ को ष्अपनी वर्क एथिक्स (कार्यशैली) पर ध्यान देने की जरूरत है। इन तमाम उतार-चढ़ाव के बाद शॉ ने मुंबई का साथ छोड़ दिया




और हाल ही में महाराष्ट्र की टीम से जुड़कर मैदान पर वापसी की है। शॉ ने कहा कि मैं एक इंसान हूं, मुझसे गलतियां होंगी। जो कुछ लिखा या कहा जाता है, लोग उसका सिर्फ आधा ही जानते हैं। मेरा परिवार मुझे जानता है, मेरे दोस्त मुझे पूरी तरह जानते हैं। सोशल मीडिया या अखबारों में जब भी मेरे बारे में अच्छी या बुरी बातें आती थीं, तब उन्हें समझने के लिए मैं बहुत छोटा था। हर बार जब आप ऐसी चीजें देखते हैं, तो आप फिर उसी में उलझ जाते हैं। इसलिए मैंने उन्हें देखना ही बंद कर दिया। ए चीजें मुझे क्रिकेट से दूर ले जा रही थीं।

# चंडीगढ़ में महाराष्ट्र ने पदकों की गुढ़ी उठाई!




**चंडीगढ़, वार्ता।** चंडीगढ़ में आयोजित अखिल भारतीय नागरी सेवा योग क्रिडा स्पर्धा 2025-26 में श्रीमती अपर्णा जाधव, मानद सचिव, योग विभाग, सचिवालय जिमखाना के मार्गदर्शन में महाराष्ट्र शासन की टीम ने घवघवीत सफलता हासिल कर विजय की गुढ़ी उठाई!

24 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से विभिन्न आयु वर्गों में लगभग 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

महाराष्ट्र टीम ने 15 पदक जीते।

1 स्वर्ण
7 रजत
7 कांस्य

इसके अलावा पुरुष टीम ने सामूहिक द्वितीय स्थान प्राप्त किया! इस प्रदर्शन की हर ओर प्रशंसा और बधाइयों की वर्षा हो रही है।

### बेंगलुरु एफसी ने पेप मुनोज को हेड कोच बनाया

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु एफसी ने स्पेन के पेप मुनोज को क्लब का नया हेड कोच बनाया है। मुनोज ने 2026/27 सीजन के आखिर तक ब्लूज के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है और वे फर्स्ट टीम की जम्मिेदारी संभालेंगे क्योंकि क्लब सबसे ऊंचे लेवल पर मुकाबला जारी रखना चाहता है। मुनोज प्लेयर डेवलपमेंट और एलीट-लेवल कोचिग में अच्छे अनुभव के साथ बेंगलुरु आए हैं। उन्होंने पहले एफसी बार्सिलोना के यूथ सेटअप में बार्सा अंडर19 और बार्सिलोना बी के साथ काम किया है, और चीन की नेशनल फुटबॉल टीम के साथ काम करने के अलावा, उन्होंने किगदाओ हुआंगहाई और शेडोंग लुनेंग के साथ चीन में भी समय बिताया है। हेड कोच के तौर पर उनका पहला पूरा रोल कंबोडिया में प्रीह खान रीच स्वे रींग के साथ आया, जहां उन्होंने दो साल तक कामयाबी से काम किया।

# एशियन गेम्स मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर बहुत अहम हैंः मीराबाई चानू

**रायपुर, वार्ता।** भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने कहा है कि एशियन गेम्स मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वहां मेरा अभी भी कुछ काम शेष है। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के बुधवार को उद्घाटन समारोह के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में मीराबाई ने कहा, ष्एशियन गेम्स मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर बहुत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वहां मेरा अभी भी कुछ अधूरा काम बाकी है।

एशियन गेम्स में मुकाबले का स्तर बहुत ऊंचा होता है, जो इसे और भी अधिक चुनौतीपूर्ण और रोमांचक बनाता है। मीराबाई के सामने एक बड़ी चुनौती अपनी वेट कैटेगरी (वजन वर्ग) को एडजस्ट करना रही है। उन्होंने अधिकतर 49किग्रा वर्ग में ही हिस्सा लिया है, लेकिन अब इंटरनेशनल वेटलिफ्टिग फेडरेशन (आईडब्ल्यूएफ) द्वारा वजन वर्गों में किए गए बदलावों के कारण उन्हें अलग-अलग कैटेगरी के बीच स्विच करना पड़ेगा। मीराबाई 23 जुलाई से दो अगस्त तक ग्लासगो में होने वाले 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स में 48किग्रा कैटेगरी में



हिस्सा लेंगी, और उसके बाद 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक जापान के नागोया में होने वाले एशियन गेम्स में पदक जीतने की एक और को. शिश के लिए वापस 49 किग्रा भार वर्ग में आ जाएंगी। मीराबाई ने बताया, ष्मैं कॉमनवेल्थ गेम्स तक अपना वजन 48 किग्रा के अंदर ही रखूंगी, लेकिन उसके दो महीने के अंदर ही एशियन गेम्स होने हैं, जो कि 49किग्रा भार वर्ग में हैं, इसलिए मुझे वापस उसी कैटेगरी में जाना पड़ेगा। मीराबाई ने फरवरी में नेशनल वेटलिफ्टिग चैंपियनशिप में अपना 2026 का सीजन शुरू किया और महिलाओं की 48 किग्रा भार वर्ग में तीन नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए। इस चैंपियनशिप में, मीराबाई ने स्नैच में 89 किग्रा वजन उठाया - यह उनका अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन था, भले ही वह अपनी सामान्य 49किग्रा कैटेगरी से कम वजन वाली कैटेगरी में हिस्सा ले रही थीं। इसके बाद उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 116 किग्रा का सफल लिफ्ट किया, जो महिलाओं की 48 किग्रा कैटेगरी में नेशनल रिकॉर्ड है। इससे उनका कुल वजन 205 किग्रा हो गया और उन्होंने स्वर्ण पदक जीत लिया। मीराबाई ने 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' की शुरुआत की तारीफ की और इसे दूर-दराज के इलाकों के खिलाड़ियों के लिए एक अहम मंच बताया। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स उन सभी खिलाड़ियों को एक मंच देगा जो दूर-दराज के इलाकों से आते हैं, ताकि वे अपनी काबिलियत दिखा सकें। मैंने पूरे देश में, खासकर नॉर्थ-ईस्ट और दूसरे आदिवासी इलाकों में ऐसे कई मामले देखे हैं।

# मुरादाबाद पहुंचे कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने 9 साल की उपलब्धियां गिनाईं, बसपा और विपक्ष पर साधा निशाना

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने मुरादाबाद के सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार की उपलब्धियों का विस्तृत ब्योरा पेश किया। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में न तो कोई बड़ा दंगा हुआ और न ही धार्मिक झगड़े की स्थिति बनी, जिससे यह स्पष्ट है कि प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है।मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज विकास के मामले में अग्रणी राज्यों में शामिल है। प्रदेश में सबसे अधिक



एक्सप्रेस-वे और राज्य मार्ग विक. सित किए गए हैं, जिससे कनेक्टिविटी और आर्थिक गति. विधियों को मजबूती मिली है। उन्होंने दावा किया कि आज प्रदेश का हर वर्ग खुशहाल नजर आ रहा है और सरकार ने बिचौलियों की भूमिका को समाप्त कर आम जनता को सीधे शासन से जोड़ने का काम किया है।31 मार्च को लखनऊ में होने वाली बसपा की बड़ी बैठक को लेकर उन्होंने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अब उन्हें नहीं लगता कि बसपा पहले की तरह खड़ी हो पाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए मजबूत नेतृत्व और सक्रिय कार्यकर्ताओं की जरूरत होती है, जो वर्तमान में बसपा में नजर नहीं आते। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक कांशीराम की विचारधारा पार्टी में प्रभावी रही, तब तक बसपा मजबूत रही।वहीं के. सी. त्यागी के आरएलडी में शामिल होने पर उन्होंने कहा कि वह एक अनुभवी नेता हैं और उनके आने से आरएलडी और बीजेपी दोनों को मजबूती मिलेगी।मेरठ में शौकत अली के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री ने इसे निंदनीय बताया और कहा कि इस तरह के बयान समाज में तनाव पैदा कर सकते हैं। पेट्रोलियम पदार्थों को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है, जबकि एलपीजी को लेकर थोड़ी दिक्कत है, जो जल्द ही सामान्य हो जाएगी। उन्होंने जनता से अपील की कि जरूरत के अनुसार ही स्टॉक करें और अनावश्यक भंडारण से बचें, ताकि सभी को समान रूप से आपूर्ति मिल सके।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया बिलारी में पथ संचलन

**बिलारी।** वर्ष प्रतिपदा पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने नगर में पथ संचलन किया। स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासित, सुसंगठित एवं प्रभावशाली संचलन करते हुए समाज में संगठन, समरसता एवं राष्ट्रभक्ति का प्रेरक संदेश दिया। मुख्य वक्ता मुरादाबाद विभाग प्रचारक ब्रजमोहन ने अपने उद्बोधन में संघ के लगभग 100 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि परम पूजनीय डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने 1925 में जिस महान चिंतन के साथ संघ रूपी बीज का रोपण किया, वह आज एक विशाल वटवृक्ष के रूप में समाज जीवन के विविध क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। 1925 से पूर्व हिंदू समाज की परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय समाज में संगठन, आत्मविश्वास एवं राष्ट्रभावना का अभाव था, जिसे दूर करने के उद्देश्य से संघ की स्थापना हुई। डॉ. हेडगेवार के त्याग, तपस्या एवं राष्ट्रनिष्ठा का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा संघ आज भी उसी मूल भावना के साथ समाज के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर कार्यरत है और



विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन बन चुका है। उन्होंने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना एवं विभिन्न रेल दुर्घटनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि आपदा की हर घड़ी में संघ के स्वयंसेवकों ने तत्परता, संवे. दनशीलता और निस्वार्थ भाव से राहत एवं सेवा कार्यों में भाग लेकर पीड़ितों की सहायता की है। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि संघ के स्वयंसेवकों की न तो कोई निर्धारित शिफ्ट होती है और न ही उन्हें कोई वेतन प्राप्त होता है, वे पूर्णत: समर्पण भाव से राष्ट्र और समाज की सेवा में निरंतर तत्पर रहते हैं। स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि वे ऐसे संगठन की परिकल्पना करते थे जिसमें कार्यकर्ता अपने व्यक्तिगत स्वार्थों का त्याग कर राष्ट्र के लिए समर्पित जीवन जिएं। संघ उसी आदर्श को व्यवहार में उतारने का कार्य कर रहा है। अपने संबोधन में यह भी स्पष्ट किया कि समाज को सशक्त एवं संगठित होना क्यों आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज का शक्तिशाली बनना इसलिए आवश्यक है ताकि वह अपनी सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और मूल्यों की रक्षा करते हुए विश्व कल्याण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभा सके। सनातन जीवन पद्धति को अपनाने का अर्थ केवल आस्था नहीं, बल्कि जीवन में नैतिकता, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं समरसता का समावेश करना है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे नववर्ष प्रतिपदा के इस पावन अवसर पर राष्ट्र निर्माण एवं समाज सेवा के कार्यों में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर संघचालक राकेश, सहसंघचालक विशाल, धर्म जागरण सहविभाग प्रमुख दिनेश, नगर कार्यवाह प्रांजल, सहनगर कार्यवाह जगपाल एवं सुबोध,व्यवस्था प्रमुख सिद्धार्थ शेखर, सहव्यवस्था प्रमुख पुष्पेंद्र, विद्यार्थी प्रमुख लक्ष्य सहविद्यार्थी प्रमुख विश्वजीत, सेवा प्रमुख जितिन, जिला बाल विद्यार्थी कार्य प्रमुख उत्कर्ष, शारीरिक प्रमुख मोहर सिंह,बौद्धिक प्रमुख विवेक, नगर प्रचार प्रमुख विवेक,संपर्क प्रमुख चन्दन डुडेजा आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी स्वयंसेवकों एवं नागरिकों ने नववर्ष को राष्ट्र सेवा, समाज उत्थान एवं सांस्कृतिक जागरण के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया।

# भगवान श्री राम का जीवन चरित्र मानवता को एक सूत्र में पिरोकर रखने की देता है प्रेरणाः शंकर



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** विश्व हिन्दू परिषद द्वारा चलाये जा रहे श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम के क्रम मे श्रीराम जन्मोत्सव का कार्यक्रम कांठ में किया गया जिसमे मुख्य वक्ता विश्व हिन्दू परिषद के जिला सतसंग प्रमुख शकर राजपूत ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा की भगवान श्री राम का जीवन चरित्र मानवता को एक सूत्र मे बाँधने की प्रेरणा प्रदान करता है और समाज को यह संदेश देता है की राजा और प्रजा मे कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए, राजा को सेवक के रूप मे कार्य करना चाहिए कार्यक्रम के उपरांत विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष सचिन विश्नोई ने कांठ प्रखंड से एडवोकेट महेन्दर प्रजापति को प्रखंड मंत्री, कुलदीप विश्नोई को प्रखंड सतसंग प्रमुख के दायित्व की घोषणा की इसके अतिरिक्त छजलेट प्रखंड से वावा प्रेम दास महाराज को प्रखंड छजलेट का सतसंग प्रमुख घोषित किया गया। नरेंद्र शर्मा, राजीव शर्मा, प्रयांशु पाल,आकाश, आशीष, विशाल, ललित कुमार, निक्कू उर्फ प्रयाँक को बजरंग दल व विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता के रूप मे जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम मे कुलदीप शर्मा, पवन भुइयार, महेंद्र प्रजापति, कुलदीप विश्नोई, वावा प्रेम दास महाराज, पायल जी, शंकर राजपूत, सचिन विश्नोई, आकाश शर्मा, आशीष, विशाल, निक्कू आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सिद्ध हॉस्पिटल की ओर से रविवार को विश्नोई मंदिर कांठ में लगेगा जांच कैंप




कांठ(शाह टाइम्स) सिद्ध हॉस्पिटल मुरादाबाद के तत्वाधान में 29 मार्च यानी रविवार को कांठ के बिश्नोई मंदिर में निशुल्क जांच कैंप का आयोजन किया जाएगा।

उक्त जानकारी गौतम गुप्ता द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2:00 तक चलने वाले कैंप में कार्डियोलॉजी न्यूरो सर्जरी ऑर्थोपेडिक्स बाल रोग पल्मोनोलॉजी यूरोलॉजी सहित विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। इस दौरान ब्लड शुगर शुगर ईसीजी पीएफटी एवं एक्स-रे आदि की सुविधा कैंप में आने वालों को मुक्त दी जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपने-अपने परिचितों एवं जरूरतमंद लोगों को इस कार्यक्रम में साथ लाकर शिविर का लाभ उठाएं जाने का आवान किया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम सिद्ध हॉस्पिटल की कम्युनिटी आउटरेज पहल के अंतर्गत गन्ना समिति के अध्यक्ष कुंवर सुरेंद्र सिंह एवं भारत विकास परिषद शाखा कांठ के सौजन्य से कराया जा रहा है।

# वित्तीय अनुशासन का पालन करने पर सदन ने की गन्ना समिति की सराहना, 68 लाख रुपये के लाभ का बजट किया पारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सहकारी गन्ना विकास समिति की वार्षिक सामान्य बैठक में 68 लाख रुपए के अनुमानित लाभ का बजट पारित किया गया। इसी के साथ एक अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक का 188 लाख खर्च, 314 लाख आय को स्वीकृति दी गई। समिति द्वारा वित्तीय अनुशासन बनाए रखने के लिए सदन ने सराहना की। समिति के सचिव आर के पाठक ने सदन के समक्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया। बजट में 413 लाख की अनुमानित आय और 344 लाख के अनुमानित व्यय का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा सदन में गन्ना प्रजाति 5009 की खरीद अर्ली के रूप में नहीं करने का आरोप लगाया कि आसपास की चीनी मिलें इस प्रजाति को अर्ली में ले रही हैं इस कारण यहां से किसानों को सस्ते में वह गन्ना दूसरी मिलों को बेचना पड़ा इस पर समिति के सभापति चौधरी विजयपाल सिंह ने कहा अगली बैठक में गन्ना सुरक्षण पर चर्चा की जाएगी उसमें हम गन्ना डायवर्ट करने का प्रस्ताव रखेंगे। एके मुन्ना ने चीनी मिलों पर बकाया भुगतान की मांग उठाई इस पर सचिव ने बताया बिलारी मिल पर 34 करोड़, वीनस पर दस,करीमगंज पर 3:42 करोड रुपए बकाया है।




चीनी मिल के जीएम केन गिरीश कुमार ने अपना पक्ष रखा।

जरगांव केंद्र पर तौल में अनियमितता का आरोप किसानों ने लगाया तो सभापति बोले कि यदि सुधार नहीं हुआ तो उस केंद्र को हम बिलारी मिल में शामिल करा देंगे। बैठक में उपसभापति आराम सिंह, संचालक अमित यादव, नरेश कुमार सिंह, यज्ञपाल सिंह, राकेश कुमार, रामऔतार सिंह यादव, महक सिंह, हुकम सिंह, अजय सिंह, राजवीर सिंह, राजू सिंह आदि रहे।

# ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर बच्चों को किया पुरस्कृत

**कांठ( शाह टाइम्स )** ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल कांठ में कक्षा नर्सरी से कक्षा 5 तक के बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



किया गया। कार्यक्रम में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को शील्ड एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया।

बृहस्पतिवार को घोषित हुए वार्षिक परीक्षा परिणाम में कक्षा नर्सरी से मोहम्मद फाजिल, मोहम्मद इजान, प्रथम, कृष्णा गर्ग द्वितीय, लक्ष्य सिंह तृतीय, एलकेजी से गर्वित बिश्नोई प्रथम, दृशिक सिंह द्वितीय, देवन्या चौहान, रुद्र कुमार तृतीय, यूकेजी से कुलसुम प्रथम, मोहम्मद यूसुफ द्वितीय, यशिमत, सिद्धार्थ ने तृतीय, कक्षा 1 से मोहम्मद हारुन, जीविषा शर्मा, साक्षी द्वितीय, गीतिका तृतीय, कक्षा 2 से सुहानी गर्ग प्रथम, इजना जावेद द्वितीय, अंश,संयम नैन तृतीय, कक्षा तीन से ऋषिका शर्मा प्रथम, मोहम्मद मुशीर द्वितीय, इशिका तृतीय, कक्षा 4 से प्रथम अवनी बिश्नोई, उन्नति महेश्वरी, द्वितीय अजमा नूर तृतीय अंश बिश्नोई कक्षा 5 से आराध्या विश्नोई , आदित्य दक्ष प्रथम, द्वितीय, आराध्या सक्सेना तृतीय ईरावी गुप्ता ने स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र बिश्नोई, उप प्रबंधक गौरव बिश्नोई, अध्यक्ष सनी बिश्नोई ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आगे भी इसी प्रकार सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मेहनत से ग्रहण की गई शिक्षा ही भविष्य को सवारने में सहायक होती है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों को विद्यालय की विशेषताओं के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# अल्वी समाज की बैठक में समाज सुधार और शिक्षा पर दिया गया जोर

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** अल्वी समाज की बैठक का आयोजन मदरसा आफताबुल अलम गुलशने कादरियांन हबीबिया ईदगाह नई बस्ती में किया गया। जिसकी सदारत करने आए कारी सखावत हुसैन नाखूनका ठाकुरद्वारा ने समाज में फैली बुराइयों को खत्म करने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा पर रोक लगाई जाए और



नशे की लत पर लगाम लगाते हुए समाज के बच्चों की तालीम पर गौर फरमाया जाए उन्होंने कहा कि जिनके पास तालीम होती है उन्हीं का रुतबा बरकरार रहता है। बताया कि गरीब बच्चों को मुफ्त तालीम दिलाना कमेटी की जिम्मेदारी होगी और गरीब लड़कियों की शादी का इंतजाम भी कमेटी करें समाज सुधार के लिए एक कमेटी के गठन पर जोर दिया गया जिसमें कहा गया कि अल्वी समाज के लोगों को नाम के पीछे अल्वी लगाने में शर्म महसूस नहीं होनी चाहिए और धनवान लोगों को आगे जाकर मदरसा और ऐसे गरीब लोगों की मदद भी करनी चाहिए। बैठक में अहम मुद्दा इस बात का रहा की शादीशुदा लड़कियां जो मामूली बात के कारण अपने मायके में रह रही है ऐसे मामलों को कमेटी दोनों पक्षों से बात करते हुए उन्हें उनकी ससुराल तक पहुंचाने का काम करें दूसरी बात रिश्ता तय करने के बाद जो छोटी-छोटी बातों को लेकर रिश्ते टूट जाते हैं कमेटी की जिम्मेदारी होगी कि वह रिश्तो को तोड़ने की नहीं बल्कि जोड़ने की बात करें रिश्ता करने वाले रिश्ता करने से पहले रिश्तेदार और उनकी हर बारिकी के ऊपर गौर करें और जब एक बार रिश्ता हो जाए तो फिर किसी भी बात पर तोड़ने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

बैठक में मास्टर कमरुद्दीन नगलिया डॉक्टर मोहम्मद उमर ठेकेदार अलीमुद्दीन शमीम अहमद रिजवान अल्वी नेता इरफान अली सूफी जमीर अहमद सदर अल्वी समाज अमरोहा, मास्टर बली अहद समदगढ़ के प्रधान तस्लीम अहमद और कासमपुर के प्रधान पति शमीम अहमद आदि ने अल्वी समाज के हित में अपने विचार रखें आभार सूफी असलम साहब ने व्यक्त किया। संचालन मुफ्ती कासिम साहब मुरादाबाद का रहा।

## एक नजर

### खेत पर काम कर रहे ग्रामीण को सांप ने डंसा, जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

**मुरादाबाद।** जनपद के मैनाठेर थाना क्षेत्र के ग्राम मसेवी में उस समय हड़कंप मच गया, जब खेत पर काम कर रहे एक ग्रामीण को जहरीले सांप ने डस लिया। घटना गुरुवार सुबह करीब 8 बजे की बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार, 35 वर्षीय सूखा अपने खेत में रोजमर्रा की तरह कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान



अचानक खेत में छिपे एक जहरीले सांप ने उनके पैर पर काट लिया। सांप के डसते ही सूखा दर्द से चीख पड़े और मौके पर गिर गए।चीख-पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे अन्य ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बिना देर किए सूखा को संभाला और आनन-फानन में उन्हें पास के अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जिला अस्पताल में भर्ती सूखा की हालत पर डॉक्टरों की टीम लगातार नजर बनाए हुए है। चिकित्सकों के अनुसार, समय पर अस्पताल पहुंचाने से स्थिति नियंत्रित करने में मदद मिली है, हालांकि अभी भी उन्हें निगरानी में रखा गया है।घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से खेतों और गांव के आसपास सफाई एवं सुरक्षा के इंतजाम बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

### तहसील में छुट्टी के बावजूद भी खुला रजिस्ट्री कार्यालय

**कांठ ( शाह टाइम्स )** तहसील की छुट्टी होने के बावजूद भी आज फिर रजिस्ट्री कार्यालय खुला और उसमें रोजाना की तरह ही काम हुआ। बतादे की वित्तीय मांह के समापन पर रजिस्ट्री कार्यालय की छुट्टी सरकार ने रद्द करने के आदेश दिए थे। जिसके अनुपालन में आज रजिस्ट्री कार्यालय में पूरी तरह से काम हुआ जबकि 26 और 27 मार्च का सरकार






ने रामनवमी को लेकर अवकाश घोषित किया हुआ है छुट्टी के कारण काफी वकीलों के बिस्तर नहीं खुले चंद वकीलों ने तहसील में रहकर रजिस्ट्री कार्य को पूरा करने का काम किया। रजिस्ट्री कराने आए लोगों के कारण तहसील में आवा जाही होती रही हालांकि एसडीएम तहस. ीलदार नायब तहस. ीलदार के कार्यालय भी खुले रहे और उनमें एस आई आर का काम हुआ लेकिन रजिस्ट्री कार्यालय के अलावा किसी भी विभाग का काम नहीं हुआ और रजिस्ट्री कार्य के चलते तहसील में लोगों की आवाजाही दिखाई देती रही।

### मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत आठ ब्लॉक शहर से जुड़ेंगे

**कांठ ( शाह टाइम्स )** गांवों को शहर से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत जिले के सभी आठों ब्लॉकों को परिवहन सेवा से जोड़ा जाएगा, जिससे ग्रामीणों को ब्लॉक, तहसील और जिला मुख्यालय तक आने में आसानी होगी।इस योजना के तहत निजी बस ऑपरेटरों को अनुबंध पर बसें चलाने की अनुम. ति दी जाएगी, जिससे गांवों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम मुरादाबाद के क्षेत्रीय प्रबंधक अनुराग यादव ने बताया कि इस योजना में जिले के आठों ब्लॉकों को मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना से जोड़ा जाएगा। इसके लिए निजी बस ऑपरेटरों से आवेदन मांगे गए हैं। 28 मार्च तक आवेदन किए जा सकेंगे।

इस योजना में 15 से 28 सीट वाली बसों को शामिल किया जाएगा। इन वाहनों का अनुबंध 10 वर्षों का होगा। हर ब्लॉक से कम से कम दो बसें चलाई जाएंगी। निजी ऑपरेटरों का चयन कमेटी करेगी।

### तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव भजन कीर्तन के उपरांत 28 को निकलेगी शोभा यात्रा



**कांठ ( शाह टाइम्स )** लोगों के लिए आस्था और श्रद्धा का प्रतीक माता महाकाली मंदिर का 56 वाँ तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव भजन कीर्तन के साथ गुरुवार को प्रारंभ हो गयास माता महाकाली की 28 मार्च को बैंड बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगीसश आयोजन कमेटी के अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह बिश्नोई ने बताया कि 27 मार्च को भंडारा, रात्रि 9 बजे विशाल जागरण, 28 मार्च को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है स वार्षिक उत्सव के आज पहले दिन महिलाओं ने मंदिर प्रांगण में माता महारानी के भजन प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।

### शांतिभंग की आशंका में पुलिस ने किया चार का चालान

**कांठ( शाह टाइम्स )** पुलिस ने शांति भंग की आशंका में चार लोगों



का चालान किया है बताया गया कि विद्या शाह उमरी कलां निवासी जहीर और अल्ताफ एवं पैगंबरपुर निवासी संत कुमार और नोनीहाल से गांव में शांति भंग का खतरा था इस बात के मद्दे नजर पुलिस ने चारों लोगों को हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।



# सम्पादकीय

शुक्रवार, 27 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## ठोस पहल की जरूरत

अमेरिका ने ईरान के साथ जारी संघर्ष के लगभग चार सप्ताह बीत जाने के बाद पहली बार स्पष्ट रूप से समझौते की इच्छा जताते हुए युद्धविराम प्रस्ताव सामने रखा है। यह प्रस्ताव ऐसे समय में आया है जब दोनों देशों के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है और क्षेत्रीय स्थिरता पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। हालांकि इस पहल को एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा सकता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि दोनों पक्षों की शर्तें अत्यंत कठोर हैं और आपसी भरोसे की भारी कमी शांति स्थापित करने की राह में सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है। मौजूदा हालात में सबसे जरूरी कदम यह है कि तुरंत हमलों को रोका जाए और संवाद के जरिए किसी साझा समाधान की दिशा में ठोस प्रयास किए जाएं, क्योंकि सैन्य ताकत के सहारे केवल विनाश और अस्थिरता ही बढ़ेगी। प्रस्तावों को लेकर किसी भी तरह की ठोस स्पष्टता सामने नहीं आई थी। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमीरी मुकद्दम ने सार्वजनिक रूप से यह कहा कि वॉशिंगटन और तेहरान के बीच फिलहाल किसी प्रकार की सीधी बातचीत नहीं हो रही है। दूसरी ओर, ईरान के एक सैन्य प्रवक्ता ने भी अमेरिका के इस प्रस्ताव को गंभीरता से लेने के बजाय उसका मजाक उड़ाया, जिससे यह साफ जाहिर होता है कि ईरान अभी इस पहल को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं है। इसके बावजूद, यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है कि कम से कम अब शांति और युद्धविराम जैसे मुद्दों पर खुलकर चर्चा हो रही है, जो आगे चलकर किसी सकारात्मक परिणाम का आधार बन सकती है। ईरान और अमेरिका के बीच जो मूलभूत मतभेद हैं, वे इतने गहरे और जटिल हैं कि उन्हें तुरंत सुलझा पाना आसान नहीं है। फरवरी में भी जब दोनों पक्षों के बीच बातचीत की कोशिश हुई थी, तब यही मुद्दे सामने आए थे और अंततः वार्ता किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी थी। यह ऐसे संवेदनशील विषय हैं जिन्हें दोनों देश अपनी 'रेड लाइन' मानते हैं, यानी ऐसे बिंदु जिन पर समझौता करना उनके लिए लगभग असंभव है। इन मुद्दों में सुरक्षा, क्षेत्रीय प्रभाव, परमाणु कार्यक्रम और प्रतिबंध जैसे कई पहलू शामिल हैं, लेकिन यह भी सच है कि किसी भी युद्ध के दौरान बातचीत की शुरुआत अक्सर इसी प्रकार के कठिन और असहज माहौल में होती है। यह उम्मीद करना अव्यावहारिक होगा कि दोनों देश तुरंत आमने-सामने बैठकर सभी मतभेद सुलझा लेंगे। इसके लिए धैर्य, लचीलापन और निरंतर प्रयास की आवश्यकता होती है। शांति की दिशा में आगे बढ़ने के लिए यह अनिवार्य है कि दोनों पक्ष अपने-अपने कठोर रुख में कुछ नरमी दिखाएं और ऐसे बिंदुओं की तलाश करें जहां आपसी सहमति बन सके। जब तक कोई साझा आधार नहीं मिलेगा, तब तक किसी भी तरह का समझौता संभव नहीं हो पाएगा।

### टेक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान जरूरी



टेक्नोलॉजी विकास की रफ्तार को कई गुना बढ़ा सकती है और गति को प्रगति में बदल सकती है, इसी को ध्यान में रखते हुए उप्र सरकार ने कई कार्यक्रम शुरू किए हैं और बजट में टेक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान देने का प्रयास किया है, जब हम तकनीक नहीं अपनाते उससे परहेज करते हैं तो प्रतिस्पर्धा में नहीं होते हैं और जब प्रतिस्पर्धा में नहीं होते हैं, तो प्रगति की जगह दुर्गति की ओर जाते हैं, हमें प्रगति की ओर नहीं जाना है बल्कि प्रगति का अनुसरण करना है, हमारे युवाओं में बहुत टैलेंट है। उसके टैलेंट को जब हम टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ते हैं, तो वह अपनी प्रतिभा को कई गुना तेजी के साथ आगे बढ़ाने में सफल होता है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

## युद्ध के चलते दुनियाभर में ऊर्जा लॉकडाउन का डर









रजनीश कपूर

विश्व आज एक नए संकट के कगार पर खड़ा है। 28 फरवरी 2026 को शुरू हुए अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध ने मात्र चार सप्ताह में वैश्विक ऊर्जा बाजार को हिला दिया है। 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज', जिससे दुनिया के 20 प्रतिशत तेल और एलएनजी का परिवहन होता है, प्रभावी रूप से बंद हो गया है। ईरान के साउथ पार्स गैस फील्ड और कतर के रास लाफान एलएनजी प्लांट पर हमलों से वैश्विक उत्पादन में 3.5 प्रतिशत की कमी आई है, जिसकी मरम्मत में वर्षों लग सकते हैं। तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच चुकी हैं, जबकि भारत जैसे आयात-निर्भर देशों में ईंधन, एलपीजी और बिजली की आपूर्ति पर दबाव बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में चेतावनी दी है कि यह संकट ऊर्जा सुरक्षा को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। ऐसे में 'ऊर्जा लॉकडाउन' की चर्चा जोर पकड़ रही है। एक ऐसी स्थिति जिसमें ईंधन राशनिंग, बिजली कटौती और औद्योगिक गति. विधियों पर अंकुश लग सकता है, ठीक कोविड जैसी आपात स्थिति की तरह।

यह युद्ध केवल सैन्य टकराव नहीं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का आर्थिक हथियार बन गया है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के प्रमुख फतिह बिरोल ने इसे मेजर, मेजर थ्रेट बताया है। हॉर्मुज बंद होने से न केवल तेल, बल्कि उर्वरक, हीलियम और सल्फर की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है, जो खाद्य उत्पादन और एआई तकनीक तक को प्रभावित कर रही है। बांग्लादेश ने पहले ही ईंधन राशनिंग लागू कर दी है। लंका में अनिवार्य ऊर्जा अवकाश की घोषणा हुई है। भारत में भी पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ रही हैं, एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति अनिश्चित है और बिजली संयंत्रों में कोयला-गैस का संकट गहरा रहा है। यदि युद्ध लंबा चला तो 'ऊर्जा लॉकडाउन' वास्तविकता बन सकता है। यानी उद्योग बंद, परिवहन सीमित और घरेलू बिजली पर पाबंदी। यह न केवल मुद्रास्फीति बढ़ाएगा, बल्कि विकास दर को 1-2 प्रतिशत तक घटा सकता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि यदि हॉर्मुज दो-तीन महीने और बंद रहा तो वैश्विक मंदी अनिवार्य हो जाएगी, लेकिन संकट के बीच आशा की किरण भी दिख रही है।

शांति वार्ता की संभावना बन रही है और इसमें पाकिस्तान की भूमिका अचानक केंद्र में आ गई है। पाकिस्तान ने खुद को अमेरिका और ईरान के बीच मुख्य मध्यस्थ के रूप से स्थापित किया है। पाकिस्तानी आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर की ईरान और अमेरिका दोनों के साथ अच्छी पहुंच का फायदा उठाते हुए इस्लामाबाद ने वार्ता का मंच प्रस्तावित किया है। खबरों के अनुसार, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस और ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बागेर गलीबाफ के बीच इस्लामाबाद में संभावित शिखर वार्ता की तैयारी चल रही है। पाकिस्तान ने 15-पॉइंट प्रस्ताव अमेरिका की ओर से ईरान तक पहुंचाया है, जिसमें हॉर्मुज खोलने, यूरेनियम संवर्धन सीमा और मुआवजे जैसे मुद्दे शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि यह भूमिका संयोग नहीं है। पाकिस्तान न तो अमेरिकी सैन्य अड्डे रखता है और न ही ईरान के साथ उसके संबंध खराब हैं। बल्कि पाकिस्तान के दोनों देशों के साथ सैन्य-कूटनीतिक संबंध मजबूत हैं। ईरान के साथ साझा सीमा और शिया समुदाय के कारण, जबकि (पाक आर्मी चीफ की हालिया व्हाइट हाउस यात्रा के चलते) अमेरिका के साथ ट्रंप की व्यक्तिगत दोस्ती के कारण पाकिस्तान मध्यस्थ बनने में सक्षम है। इसके साथ ही कतर और ओमान पारंपरिक मध्यस्थ रहे हैं, सऊदी अरब और टर्की ने भी 'बैकचैनल' वार्ता शुरू की है, जबकि चीन ने आर्थिक हितों के कारण शांति की अपील की है। लेकिन जानकारों के अनुसार पाकिस्तान की पहल सबसे मुखर और सक्रिय लग रही है।

सवाल उठता है कि क्या युद्धविराम संभव है? कूटनीतिक विशेषज्ञों की राय विभाजित है। कुछ का मानना है कि पाकिस्तान की मध्यस्थता एक 'टर्निंग पॉइंट' साबित हो सकती है क्योंकि दोनों पक्ष थक चुके हैं। तेल की महंगाई के चलते अमे. रिका को घरेलू आर्थिक दबाव और इजरायल को क्षेत्रीय विस्तार की सीमा का सामना करना पड़ रहा है। ईरान की अर्थव्यवस्था पहले से ही चरमरा रही है। पाकिस्तान के माध्यम से 'बैकचैनल' संदेशों का आदान-प्रदान पहले ही शुरू हो चुका है। यदि इस्लामाबाद शिखर सफल हुआ तो हॉर्मुज दोबारा खुल सकता है और ऊर्जा संकट थम सकता है। वाशिंगटन इंस्टीट्यूट और स्टिमसन सेंटर के विश्लेषकों का कहना है कि यह युद्ध 'कोई स्पष्ट विजेता' नहीं देगा। इजरायल के हमलों से ईरान की ऊर्जा सुविधाएं क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिनकी मरम्मत में वर्षों लगेंगे। ईरान की ओर से जवाबी हमले अभी भी जारी हैं। यदि युद्धविराम हो भी गया तो भी 'दूसरे चरण' के मुद्दे जैसे कि, परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय प्रभाव और मुआवजा आदि, बने रहेंगे। पाकिस्तान की भूमिका को कुछ विशेषज्ञ 'रणनीतिक अवसरवाद' मानते हैं। पाकिस्तान खुद अफगानिस्तान के साथ संघर्ष में फंसा है और सऊदी के साथ रक्षा समझौते की तलाश में है। मध्यस्थता से वह वैश्विक कूटनीति में अपनी प्रासंगिकता बढ़ाना चाहता है। लेकिन विशेषज्ञ चेताते हैं कि यदि ईरान पाकिस्तानी प्रस्ताव को 'ट्रंप का दबाव' माने तो बात आगे नहीं बढ़ेगी।

पाकिस्तान भले ही क्षेत्रीय शक्तियों (सऊदी, टर्की) और महाशक्तियों (अमेरिका, चीन) के बीच संतुलन बनाए रखता है। फिर भी, युद्ध की जड़ें गहरी हैं, परमाणु मुद्दा, इजरायल-ईरान शत्रुता और हॉर्मुज का भू-राजनीतिक महत्व आदि। यदि पाकिस्तान सफल हुआ तो भारत को फायदा होगा, क्योंकि हमारा 60 प्रतिशत तेल आयात मध्य पूर्व से आता है, लेकिन भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए।

जैसे कि रणनीतिक भंडार बढ़ाना, नवीकरणीय ऊर्जा को तेज करना और रूस-मध्य एशिया से आयात विविधीकरण करना। ऊर्जा लॉकडाउन से बचने का एकमात्र रास्ता कूटनीति है, लेकिन यदि युद्ध जारी रहा तो वैश्विक अर्थव्यवस्था को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत जैसे विकासशील देशों को हर स्थिति के लिए तैयार रहना होगा, न केवल संकट प्रबंधन के लिए, बल्कि दीर्घकालिक ऊर्जा स्वतंत्रता के लिए भी। यह संकट हमें याद दिलाता है कि युद्ध अब केवल सीमाओं पर नहीं, बल्कि ऊर्जा पाइपलाइनों और आर्थिक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर भी लड़ा जाता है। गौरतलब है कि शांति की अपील सभी पक्षों, अमेरिका, इजरायल, ईरान और मध्यस्थ देशों से होनी चाहिए। अन्यथा, दुनिया भर में ऊर्जा लॉकडाउन का साया काफी देर तक मंडराता रहेगा।

## जलवायु परिवर्तन, पौधों पर जल्दी फूल आना

**नाइट्रिक ऑक्साइड पौधों और जंतुओं में एक जाना-माना महत्वपूर्ण संकेतक अणु है। यह बूंद से पौधे की कोशिकाओं में पहुंचकर ऐसी जैव-रासायनिक प्रक्रियाएं शुरू करवाता है, जो अंततः पुष्पन की प्रक्रिया को सक्रिय कर देती हैं। पुष्टि के लिए वैज्ञानिकों ने 30 से अधिक वर्षों में जुटाए गए ब्रेसिकेसी कुल के लगभग 1.2 करोड़ पौधों के पुष्पन रिकॉर्ड का विश्लेषण किया। उन्होंने पफूल खिलने के समय की तुलना 11 अलग-अलग मौसम सम्बंधी कारकों से की। पफूल खिलने के समय का सम्बंध तापमान और दिन की लंबाई के अलावा ओस बिंदु से भी देखा गया।**



दुनिया भर में कई पौधों में अब पहले की तुलना में जल्दी फूल खिलने लगे हैं। पूरा ध्यान बढ़ते तापमान पर जाता है। लेकिन वैज्ञानिकों के अनुसार केवल गर्मी बढ़ना ही इसका कारण नहीं है। जैसे, ग्रीनहाउसों में सिर्फ ज़्यादा तापमान देने से फूल समय से पहले नहीं खिले। एक नए अध्ययन से पता चला है कि पत्तियों पर जमा होने वाली ओस की बूंदें इस जल्दबाजी की वजह हो सकती हैं।

शोधकर्ताओं के अनुसार, जब पानी की बहुत सूक्ष्म बूंदें पत्तियों पर जमती हैं, तो वे कुछ रासायनिक अभिक्रियाएं शुरू करवाती हैं। ए अभिक्रियाएं पौधे को संकेत देती हैं कि अब फूल बनाने का समय आ गया है। तो लगता है कि केवल बढ़ता तापमान नहीं, बढ़ती नमी के कारण बनने वाली ओस भी पौधों के व्यवहार को प्रभावित कर सकती है। पहले किए गए प्रयोगों से यह स्पष्ट था कि थोक पानी की तुलना में पानी की बहुत छोटी बूंदें अलग तरह से व्यवहार करती हैं। जब ऐसी सूक्ष्म बूंदें किसी ठोस अजैविक सतह पर बनती हैं, तो उनमें खास रासायनिक अभिक्रियाएं शुरू हो सकती हैं। देखा गया था कि इन अभिक्रियाओं के कारण वहां मूलक बनते हैं जिनमें अयुग्मित इलेक्ट्रॉन होते हैं। इस अवलोकन से यह सवाल पैदा हुआ कि यदि ऐसी ही बूंदें किसी सजीव सतह (जैसे पत्ती) पर जमें तो क्या परिणाम होगा। इसको समझने के लिए वैज्ञानिकों ने एक छोटे फूलदार पौधे एरेबिडॉप्सिस थैलियाना पर प्रयोग किए। यह ब्रेसिकेसी कुल का पौधा है। विस्तृत प्रयोगों में पाया गया कि इस पौधे की पत्तियों पर ओस जमने पर, वहां होने वाली रासायनिक अभिक्रियाओं के परिणामस्वरूप हाइड्रोजन परॉक्साइड और नाइट्रिक ऑक्साइड बनते हैं।

नाइट्रिक ऑक्साइड पौधों और जंतुओं में एक जाना-माना महत्वपूर्ण संकेतक अणु है। यह बूंद से पौधे की कोशिकाओं में पहुंचकर ऐसी जैव-रासायनिक प्रक्रियाएं शुरू करवाता है, जो अंततः पुष्पन की प्रक्रिया को सक्रिय कर देती हैं। पुष्टि के लिए वैज्ञानिकों ने 30 से अधिक वर्षों में जुटाए गए ब्रेसिकेसी कुल के लगभग 1. 2 करोड़ पौधों के पुष्पन रिकॉर्ड का विश्लेषण किया। उन्होंने फूल खिलने के समय की तुलना 11 अलग-अलग मौसम सम्बंधी कारकों से की। फूल खिलने के समय का सम्बंध तापमान और दिन की लंबाई के अलावा ओस बिंदु से भी देखा गया।

ओस बिंदु हवा में उपस्थित नमी और हवा के तापमान से जुड़ा है। हालांकि सभी वैज्ञानिक पूरी तरह आश्वस्त नहीं हैं लेकिन यदि यह निष्कर्ष सही साबित होते हैं, तो वैज्ञानिकों की यह समझ बदल सकती है कि गर्माती जलवायु में पौधे कैसे प्रतिक्रिया करते हैं। यदि केवल तापमान ही नहीं, बल्कि हवा की नमी में छोटे बदलाव भी फूल आने के समय को प्रभावित कर सकते हैं, तो इस शोध का व्यावहारिक उपयोग भी हो सकता है। भविष्य में किसान नियंत्रित फुहार या हल्की नमी देकर फूलने का समय बदल सकते हैं और फसल उत्पादन बढ़ा सकते हैं।

**-स्रोत फीचर्स**

## संस्कृत नाटक से आधुनिक थिएटर तक, रंगमंच का इतिहास

**विश्व रंगमंच दिवस पर विशेष**



योगेश कुमार गोयल

रंगमंच सदियों से मानव संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है, जिसमें समय के साथ अनेक परिवर्तन हुए हैं। विभिन्न परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों के अनुसार रंगमंच का विकास हुआ, जो कई चरणों से गुजरते हुए विभिन्न रूपों में बंट गया। रंगमंच मनोरंजन का सबसे पुराना माध्यम है, जो समाज की भावनाओं, विचारों और संस्कृति को दर्शाता है। 'रंगमंच' शब्द 'रंग' और 'मंच' दो शब्दों से मिलकर बना है। 'रंग' शब्द इसलिए क्योंकि .श्य को आकर्षक बनाने के लिए दीवारों, छतों और पर्दों पर तरह-तरह की चित्रकारी होती है और अभिनेताओं की वेशभूषा तथा साज-सज्जा में भी भिन्न-भिन्न रंगों का इस्तेमाल किया जाता है और 'मंच' शब्द इसलिए क्योंकि रंगमंच का तल दर्शकों की सुविधा के लिए फर्श से कुछ ऊंचा उठा होता है। दर्शकों के बैठने के स्थान को रंगमंच और प्रेक्षागार सहित समूचे भवन को प्रेक्षागृह, रंगशाला या नाटडशाला कहते हैं जबकि पश्चिमी देशों में इसे 'थिएटर' या 'ऑपेरा' नाम दिया गया।

हर साल 27 मार्च को रंगमंच की कला को बढ़ावा देना और इस क्षेत्र से जुड़े कलाकारों, निर्देशकों, लेखकों और तकनीशियनों को सम्मान देने के लिए 'विश्व रंग. मंच दिवस' मनाया जाता है, जिसकी शुरूआत 1961 में हुई थी। अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान (आईटीआई) ने यूनेस्को के सहयोग से 27 मार्च को विश्व रंगमंच दिवस के रूप में घोषित किया था, जिसे मनाने का मुख्य उद्देश्य रंगमंच कला के महत्व को समझाना, दुनिया भर में रंगमंच की महत्ता को बढ़ावा देना और नाटड कला को संरक्षित करना है। दुनियाभर में आईटीआई के 85 से भी ज्यादा केंद्र हैं। सर्वप्रथम इस दिवस की स्थापना का विचार राष्ट्रपति अरवी किविमा द्वारा दिया गया था, जिन्होंने 1961 में आईटीआई की 9वीं विश्व कांग्रेस की बैठक में फिनिश सेंटर की ओर से यह प्रस्ताव रखा था, जिसके बाद 1962 से यह दिवस हर साल 27 मार्च को मनाया जाने लगा। यह दिन उन लोगों के लिए एक बड़ा उत्सव है, जो कला के रूप 'थिएटर' के मूल्य और महत्व को समझते हैं। भारत में रंगमंच की परंपरा अत्यंत पुरानी और समृद्ध है, जो वेदों, पुराणों और संस्कृत नाटकों से लेकर आधुनिक नाटड रूपों तक विस्तारित है। भारतीय रंगमंच की जड़ें धार्मिक अनुष्ठानों, लोकनाटडों और शास्त्रीय नाटकों में गहरी जमी हुई हैं। भारत में रंगमंच की शुरुआत भरतमुनि के 'नाट्यशास्त्र' से मानी जाती है, जिसे संस्कृत नाटक का आधार और रंगमंच का पहला विस्तृत ग्रंथ माना जाता है, जिसमें अभिनय, नृत्य, संगीत, वेशभूषा, रंगमंचीय संरचना और नाट्यशैली के बारे में विस्तार से बताया गया है। कालिदास अभिज्ञानशाकुंतलम, 'मालविकाग्निमित्रम', भास स्वप्नवासवदत्तम, प्रतिज्ञायौगंधरायणम, शूद्रक मृच्छकटिकम और विशाखदत्त मुद्राराक्षस जैसे नाटककारों ने संस्कृत रंगमंच को समृद्ध किया। इन नाटकों में धार्मिक, ऐतिहासिक, पौराणिक और सामा. जिक विषयों को उठाया गया था। भारत में आधुनिक रंगमंच का विकास पारसी थिएटर, सामाजिक नाटक और राजनीतिक नाटकों के रूप में हुआ। मध्यकाल में लोकनाट्य परंपरा अधिक विकसित हुई। भक्ति आंदोलन के प्रभाव से भक्ति और धार्मिक नाटकों का उदय हुआ। उस दौरान भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक लोकनाटड शैलियां उभरी, जैसे उत्तर भारत में रामल. ीला व नौटंकी, महाराष्ट्र में तमाशा, गुजरात व राजस्थान में भवाई, पश्चिम बंगाल में जात्रा, कर्नाटक में यक्षगान, आंध्र प्रदेश में वीर नाटडम, केरल में कथकली, तमिलनाडु में तेरुक्कूत्तु आदि। भारतीय रंगमंच पर आधुनिक काल में पाश्चात्य प्रभाव भी पड़ा। अंग्रेजों के आगमन के बाद 19वीं शताब्दी में पारसी थिएटर का विकास हुआ, जिसने भारतीय नाटक को व्यावसायिक रूप दिया और वह कई दशकों तक लोकप्रिय रहा। हालांकि 20वीं शताब्दी में रंगमंच ने एक नए रूप में जन्म लिया, जिसमें सामाजिक, राजनीतिक और समक. ालीन मुद्दों को मंचित किया जाने लगा। उस दौर में कई महान नाटककार और रंगकर्मी उभरे, जिनमें गिरीश कर्नाड तुगलक, हयवदन, बदाल सरकार भागवत अज्जुकर, एवम इंद्रजीत, विजय तेंदुलकर घासीराम कोतवाल, खामोश अदालत जारी है, हबीब तनवीर चरणदास चोर, धर्मवीर भारती अंधायुग आदि प्रमुख थे। रंगमंच का इतिहास प्राचीन ग्रीस से जुड़ा माना जाता है, जहां 534 ईसा पूर्व में थेस्पिस नामक कलाकार ने पहली बार एकल अभिनय (रंगमंचीय प्रदर्शन) किया था, जिस कारण उन्हें 'प्रथम अभिनेता' और 'रंगमंच का जनक' भी कहा जाता है। विश्व का पहला प्रसिद्ध रंगमंच 'थिएटर ऑफ डायोनिसस' था, जो एथेंस (ग्रीस) में स्थित था, जो 5वीं शताब्दी ईसा पूर्व में बनाया गया था। वहां ग्रीक नाटककार सोफोक्लेस, यूरिपिड्स और एस्किलस के नाटक प्रस्तुत किए जाते थे। लगभग छठी शताब्दी ईसा पूर्व में ग्रीस में नाट्य प्रदर्शन होने लगे थे। एस्किलस, सोफोक्लेस, यूरिपिडीस और अरिस्टोफेनीस जैसे नाटककारों ने ही ग्रीक रंगमंच को समृद्ध किया। ग्रीक नाटकों में मुख्य रूप से दुखांत, सुखांत और व्यंग्य प्रमुख शैलियां थी। ग्रीक नाटडशालाएं खुले स्थानों पर पहाड़ियों पर बनाई जाती थी, जो उस जमाने के 'ओपन-एयर थिएटर' थे। अभिनेताओं द्वारा विभिन्न भावों को दर्शाने के लिए मुखौटे पहने जाते थे। यूरोप में रंगमंच का विकास मध्ययुगीन धार्मिक नाटकों से लेकर आधुनिक युग तक क्लासिकल, रोमांटिक, यथार्थवादी और आधुनिक शैलियों में कई चरणों में हुआ। प्रारंभ में ईसाई धर्म से जुड़े नाटकों का मंचन किया जाता था। ग्रीक रंगमंच से प्रभावित होकर ही रोमन सभ्यता ने अपने नाटकों का विकास किया और तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व से रोमन रंगमंच का प्रभाव बढ़ा। रोमन नाट्यशालाएं विशाल और भव्य होती थी। रोमन रंगमंच में हास्यपूर्ण और व्यंग्यात्मक नाटक अधिक प्रचलित थे। रोमन नाटककारों में प्लॉटस और टेरेन्स प्रमुख थे। रोमन युग में नाटक के साथ-साथ ग्लैडीएटर मुकाबले भी होते थे। रंगमंच को विलियम शेक्सपीयर ने नई ऊंचाई प्रदान की। 'हैमलेट', 'मैकबेथ', 'ओथेलो' जैसे नाटकों के रचयिता विलियम शेक्सपीयर ही थे। एशियाई रंगमंच विविध और पारंपरिक रूपों में विकसित हुआ, जिसमें चीन, जापान, भारत और अन्य पूर्वी देशों की नाट्य परंपराएं सम्मिलित हैं। एशियाई रंगमंच में अभिनय के साथ नृत्य और संगीत का महत्वपूर्ण स्थान है। रंगमंच दिवस के लिए पहला संदेश 1962 में जीन कोक्टड् द्वारा लिखा गया था, जिसका 50 से अधिक भाषाओं में अनुवाद किया गया और वह सैकड़ों अखबारों में छापा गया। कई संस्थानों के माध्यम से उस संदेश को दुनिया के सभी कोनों में प्रसारित किया गया। वह नाटक पांचवीं शताब्दी के शुरुआती दौर का माना जाता है। रंग. मंच दिवस सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है और दुनिया भर में रचनात्मकता तथा सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने में रंगमंच की भूमिका को मान्यता देता है।

आज रंगमंच न केवल मनोरंजन का साधन है बल्कि यह सामाजिक चेतना जगाने और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का माध्यम भी है। आज के डिजिटल युग में सिनेमा और वेब सीरीज के बावजूद रंगमंच अपनी पहचान बनाए हुए है। तकनीकी प्रगति और डिजिटल मनोरंजन के बढ़ते प्रभाव के बावजूद रंग. मंच की प्रासंगिकता बनी हुई है। लाइव स्ट्रीमिंग और ऑनलाइन थिएटर के माध्यम से रंगमंच की पहुंच वैश्विक स्तर तक बढ़ रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### बंगलादेश में बस पद्मा नदी में गिरी 26 यात्रियों की मौत

**ढाका।** बंगलादेश में बुधवार शाम यात्रियों से भरी एक यात्री बस, नौका पर चघए जाने के दौरान अनियंत्रित होकर पद्मा नदी में गिर गई जिससे कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लापता हैं। यह दर्दनाक हादसा राजबाड़ी जिले के दौलतदिया फेरी टर्मिनल के पास शाम लगभग सवा पांच बजे तब हुआ जब ढाका की ओर जा रही 'सौहार्द परिवहन' की बस पंटून नंबर 3 से नदी में जा गिरी। प्रारंभिक जांच के अनुसार, फेरी के करीब पहुंचते ही बस चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस पलट गई और नदी में लगभग 30 फीट नीचे डूब गई।

### एयर इंडिया ने छह साल बाद रोम के लिए शुरू की उड़ान

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने छह साल के अंतराल के बाद इटली की राजधानी रोम के लिए उड़ान की शुरुआत की है। एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई123 बुधवार को दिल्ली से रोम के फिउमिचिनो हवाई अड्डे के रवाना हुई। यह नॉन स्टॉप उड़ान सप्ताह में चार बार है। रोम यूरोप की मुख्य भूमि में एयर इंडिया का आठवां और मिलान के बाद इटली का दूसरा गंतव्य बन गया है। एम्स्टर्डम, कोपेनहेगन, फ्रैंकफर्ट, मिलान, पेरिस, वियना और ज्यूरिख के लिए उसकी नॉन स्टॉप सेवाएं पहले से हैं।

### इराकी सरकार अमेरिकी दूत को तलब करेगी: अल-नुमान

**दोहा।** इराक के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की है कि रक्षा मंत्रालय के एक चिकित्सा केंद्र पर हुए हवाई हमले के विरोध में अमेरिकी कार्यवाहक राजदूत को तलब कर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई जाएगी।। इराक के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ और प्रधानमंत्री के प्रवक्ता सबा अल-नुमान ने बताया कि इस हमले में सैन्य कर्मी मारे गए हैं। इराकी रक्षा मंत्रालय ने इससे पहले कहा था कि पश्चिमी इराक में हब्बनिया सैन्य चिकित्सा केंद्र पर हुए हवाई हमलों में सात इराकी सैनिक मारे गए और 13 अन्य घायल हो गए।

### अमेरिका सेना एक सीटी स्कैन मशीन यूक्रेन भेजेगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना एक सीटी स्कैन मशीन यूक्रेन को देने तथा चिकित्सा कर्मियों को इसे संचालित करने के लिए प्रशिक्षित करने की योजना बना रही है। रूस की सरकारी न्यूज एजेंसी रिया नोवोस्ती ने अमेरिकी सरकारी दस्तावेजों की समीक्षा के बाद यह जानकारी दी। दस्तावेजों के अनुसार, ठेकेदार को न केवल उपकरण वितरित और स्थापित करना होगा, बल्कि इसे चलाने के लिए स्थानीय विशेषज्ञों को प्रशिक्षित भी करना होगा। इसके साथ ही सिस्टम मैनुअल भी यूक्रेनी भाषा में प्रदान करना होगा। इस परियोजना की देखरेख अमेरिकी सेना की 409वीं कॉन्ट्रैक्टिंग सपोर्ट ब्रिगेड द्वारा की जा रही है, जो जर्मनी में स्थित है।




**इजरायल।** रामत गान में ईरानी मिसाइल हमलों की चेतावनी देने वाले हवाई हमले के सायरन बजने पर अपने कुत्तों के साथ बम आश्रय में छिपे डॉग सैलून के कर्मचारी।

## ट्रम्प ने ईरानी वार्ताकारों की आलोचना की, कहा बहुत अलग एवं अजीब

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिए संभावित बातचीत पर गुरुवार को प्रतिक्रिया देते हुए ईरानी वार्ताकारों की आलोचना की और उन्हें अलग एवं अजीब करार दिया। इसके साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस मामले में नाटो देशों से किसी प्रकार का सहयोग नहीं मिलने पर उनकी अप्रत्यक्ष रूप से आलोचना की है। ट्रम्प ने अपनी सोशल नेटवर्किंग साइट ट्रुथ सोशल पर लिखा कि ईरानी वार्ताकार बहुत अलग एवं अजीब हैं। वे हमसे समझौता करने की विनती कर रहे हैं जो कि उन्हें करना ही चाहिए क्योंकि वे सैन्य रूप से पूरी तरह पराजित हो चुके हैं और उनके युद्ध में वापसी की कोई संभावना नहीं है।

# अमेरिका-ईरान युद्ध ने बढ़ाई वैश्विक खाद्य सुरक्षा की चिंता

### वैश्विक कृषि व्यापार नियमों को फिर से लिखने का प्रस्ताव तैयार रहे अर्थशास्त्री और विभिन्न सरकारें

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच हाल ही के युद्ध ने न केवल तेल बाजारों को प्रभावित किया है, बल्कि वैश्विक खाद्य और उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला में बड़ी बाधाएं उत्पन्न कर भविष्य की खाद्य सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा कर दिया है। इस संकट को देखते हुए अर्थशास्त्री और विभिन्न सरकारें अब वैश्विक कृषि व्यापार नियमों को फिर से लिखने का प्रस्ताव तैयार कर रही हैं, ताकि भविष्य में इस तरह के झटकों से निपटा जा सके।

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान के पूर्व डब्ल्यूटीओ चेयरमैन प्रोफेसर विश्वजीत धर ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से यातायात संचालन में आई बाधा ने यह उजागर कर दिया है कि ऊर्जा, उर्वरक और खाद्य प्रणालियां एक-दूसरे से कितनी गहराई से जुड़ी हुई हैं। एलएनजी के प्रवाह में रुकावट और बढ़ती ऊर्जा लागत के कारण भारत जैसे देशों में उर्वरक उत्पादन और कीमतों पर सीधा असर पड़ा है। प्रमुख अर्थशास्त्रियों द्वारा प्रस्तावित 'मॉडल ट्रीटी ऑन एग्रीकल्चरल ट्रेड' में तर्क दिया गया है कि विश्व व्यापार संगठन का मौजूदा ढांचा जलवायु परिवर्तन, महामारी और युद्ध जैसे झटकों से



■ भारत जैसे देशों के लिए ऊर्जा और उर्वरक की लागत संरचनात्मक रूप से हमेशा के लिए ऊंची बनी रह सकती है

निपटने में अक्षम साबित हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह ढांचा शुरू से ही दोषपूर्ण था और अब इसे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के तनाव परीक्षण में विफल पाया गया है। भारत अपनी जरूरत का लगभग पांचवां हिस्सा यूरिया, आधा हिस्सा डीएपी और लगभग पूरी पोटाश मात्रा आयात करता है। खाड़ी देशों से होने वाली आपूर्ति और समुद्री मार्गों में बढ़ते जोखिमों के कारण बीमा प्रीमियम और माल ढुलाई की लागत में भारी वृद्धि हुई है, जिससे उर्वरकों की कीमतों में उछाल आया है। अधिकारियों के अनुसार, भारत सरकार ने फिलहाल इस झटके को किसानों तक पहुंचने से रोकने के लिए उच्च सब्सिडी के माध्यम से अवशोषित करने का निर्णय लिया है। यदि सरकार ऐसा नहीं करती, तो कृषि उत्पादन घटने और खाद्य कीमतों के बढ़ने का गंभीर जोखिम पैदा हो सकता था, जो एक बड़ा वित्तीय संकट बन सकता है। प्रस्तावित नई संधि का उद्देश्य व्यापार के बजाय खाद्य सुरक्षा, पर्यावरणीय स्थिरता और समानता को प्राथमिकता देना है। प्रोफेसर धर के अनुसार, यह संधि सरकारों को घरेलू उत्पादन बढ़ाने, आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने और आवश्यकता पड़ने पर बाजार में हस्तक्षेप करने का कानूनी अधिकार देने की वकालत करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि संघर्षविराम होने के बावजूद, होर्मुज जलडमरूमध्य से होने वाले व्यापार में युद्ध जोखिम प्रीमियम स्थाई रूप से जुड़ सकता है। इसका मतलब है कि भारत जैसे देशों के लिए ऊर्जा और उर्वरक की लागत संरचनात्मक रूप से हमेशा के लिए ऊंची बनी रह सकती है। बदलते हालातों को देखते हुए भारत अब पोटाश और फॉस्फेट के लिए नए स्रोतों की तलाश कर रहा है और विदेशी खनिज संपत्तियों में निवेश बढ़ा रहा है।

# बाब-अल मंदेब में नया मोर्चा खोलेगा ईरान

### अमेरिका का मुकाबला करने के लिए सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई की धमकी को अमली जामा पहनाने की पूरी तैयारी



■ ईरान ने संभावित शांति समझौते के तहत अमेरिका इजरायल से हिजबुल्लाह के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने की मांग की

**तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान ने अमेरिका का मुकाबला करने के लिए बाब-एल-मंडेब जलडमरूमध्य में एक 'मोर्चा' खोलने की धमकी दी है। ईरानी समाचार एजेंसी तसनीम ने एक सैन्य स्रोत के हवाले से यह जानकारी दी। इससे पहले, ईरान के नए सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई ने कहा था कि यदि क्षेत्र में संघर्ष जारी रहता है तो ईरान अमेरिका और इजरायल के खिलाफ नए मोर्चे खोल सकता है।

स्रोत ने समाचार एजेंसी को बताया कि ईरान लाल सागर में उस रणनीतिक जलमार्ग को खतरे में डालने में सक्षम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि अमेरिका ईरान के दक्षिणी क्षेत्रों और ईरानी द्वीपों के खिलाफ कोई कार्रवाई करने का प्रयास करता है तो अमेरिका का मुकाबला करने के लिए यह नया मोर्चा खोला जाएगा। न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार ने बुधवार को अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से खबर दी कि अमेरिकी सैना उत्तरी फारस की खाड़ी में देश के प्राथमिक तेल निर्यात केंद्र, ईरान के खार्ग द्वीप पर कब्जा करने के लिए 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के सैनिकों की तैनाती पर विचार कर रही हैं। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को तेहरान सहित ईरान के ठिकानों पर हमले किए, जिससे व्यापक नुकसान हुआ और हजारों की संख्या में नागरिक हताहत हुए। इसके जवाब में ईरान ने इजरायली क्षेत्र और पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सैन्य सुविधाओं पर हमले करने शुरू कर दिए। ईरान के आसपास बढ़ते तनाव के कारण फारस की खाड़ी के देशों से वैश्विक बाजार में तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए एक प्रमुख मार्ग, 'होर्मुज जलडमरुमध्य' बंद हो गया है, जिससे वैश्विक तेल बाजार काफी प्रभावित हुआ है। परिणामस्वरूप, दुनिया भर के अधिकांश देशों में ईंधन की कीमतें बढ़ रही हैं। वहीं ईरान ने अमेरिका, इजरायल से एक संभावित शांति समझौते के तहत लेबनान स्थित शिया संगठन हिजबुल्लाह के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, ईरान ने मार्च के मध्य में यह रुख जाहिर किया था। सूत्र ने बताया कि हिजबुल्लाह को ईरान से यह आश्वासन मिला है कि लेबनान में संघर्ष-विराम इस समझौते का एक हिस्सा होगा। ईरान के एक उच्च-पदस्थ सूत्र ने बताया कि तेहरान लगभग एक महीने से अमेरिका के शांति प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया था कि वॉशिंगटन और तेहरान के बीच सप्ताहांत में 'बहुत ही सकारात्मक और सार्थक' बातचीत हुई और उन्होंने ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर पांच दिनों के लिए हमले रोक दिए। ईरान के विदेश मंत्रालय ने दोनों पक्षों के बीच सीधी बातचीत होने की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि उसे केवल ऐसे संदेश प्राप्त हुए हैं जिनमें अमेरिका ने बातचीत करने की इच्छा जाहिर की है।

### ईरान के साथ संघर्ष की बढ़ सकती है अवधि: पूर्व ट्रम्प सलाहकार

**वॉशिंगटन।** अमेरिका का अपने रणनीतिक भंडार से तेल का उपयोग करना इस जोखिम का संकेत हो सकता है कि ईरान के साथ संघर्ष लंबा खिच सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पहले अभियान के विदेश नीति सलाहकार जॉर्ज पापाडोपोलोस ने मीडिया को यह जानकारी दी है।

पापाडोपोलोस ने एक साक्षात्कार में कहा कि इन भंडारों को केवल अत्यधिक संकट के दौरान उपयोग करने के लिए बनाया गया है, जैसे कि अमेरिका में या दुनिया भर में होने वाला लंबी अवधि का कोई भी संभावित युद्ध, उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका का वर्तमान भंडार केवल लगभग एक महीने या उससे भी कम समय तक चल सकता है। अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने इससे पहले मार्च में कहा था कि वॉशिंगटन अपने रणनीतिक भंडार से 17.2 करोड़ बैरल तेल निकालेगा और 2027 में इसमें 20 करोड़ बैरल तेल फिर से भरेगा। इतनी बड़ी मात्रा में तेल जारी करने में लगभग 120 दिन लग सकते हैं। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को तेहरान सहित ईरान के कई ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे काफी नुकसान हुआ और हजारों नागरिक हताहत हुए हैं। ईरान ने इसके जवाब में इजरायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से होने वाला जहाजों का आवागमन इस सैन्य अभियान की वजह से लगभग रुक गया है, जबकि बीमा कंपनियां प्रीमियम बढ़ा रही हैं और कवरेज की शर्तों में बदलाव कर रही हैं। दुनिया भर में तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और तरल प्राकृतिक गैस का 20 प्रतिशत हिस्सा अकेले होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है।

# अमेरिका ने अपने नागरिकों को इराक छोड़ने को कहा

■ नागरिकों को सड़क मार्ग से जॉर्डन, कुवैत, सऊदी अरब या तुर्की जाने की सलाह दी गई

**बगदाद।** इराक में ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों के बढ़ते हमलों के बीच इराक स्थित अमेरिकी दूतावास ने 'सुरक्षा अलर्ट' जारी कर अपने सभी नागरिकों को तत्काल इराक छोड़ने का निर्देश दिया है।

दूतावास की ओर से बृहस्पतिवार को जारी इस चेतावनी में कहा गया है कि अमेरिकी मिशन अभी खुला है, लेकिन मिसाइल, ड्रोन और रॉकेट हमलों के खतरे को देखते हुए नागरिकों को दूतावास या इरबिल स्थित वाणिज्य दूतावास के करीब न आने की सलाह दी गई है। अमेरिका ने इराक के लिए 'यात्रा नहीं करने की स्तर चार' की चेतावनी जारी रखते हुए स्पष्ट कहा है कि नागरिक किसी भी कारण से इराक न जाएं और जो वहां मौजूद हैं, वे तुरंत निकल जाएं। परामर्श में कहा गया है कि इराक का हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण व्यावसायिक उड़ानें संचालित नहीं हो रही हैं। नागरिकों को सड़क मार्ग से जॉर्डन, कुवैत, सऊदी अरब या तुर्की जाने की सलाह दी गई है। दूतावास ने बताया कि जॉर्डन में 'वीजा ऑन अराइवल' की सुविधा उपलब्ध है। वीजा की अवधि समाप्त हो चुके अमेरिकी नागरिकों को भी प्रवेश की अनुमति दी जा रही है। सऊदी अरब में सीमा पर देरी से बचने के लिए नागरिकों को कम से कम 48 घंटे पहले 'ई-वीजा' आवेदन करने की सलाह दी गई है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प मई में करेंगे चीन की यात्रा

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 14-15 मई को बीजिंग की यात्रा करेंगे, जहां वह अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग के साथ एक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने गुरुवार को यह घोषणा की कि चीनी राष्ट्रपति भी इस वर्ष के अंत में अमेरिका की यात्रा करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि वह 'जिनपिंग के साथ मुलाकात के लिए बहुत उत्सुक हैं, जो कि यकीनन एक यादगार घटना होगी।' दोनों राष्ट्रपतियों के बीच यह उच्च स्तरीय बैठक पहले 31 मार्च से दो अप्रैल के दौरान होनी थी, लेकिन ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि चीन के सम्मानित राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मेरी बैठक पुनर्निर्धारित की गई है और यह 14 और 15 मई को बीजिंग में होगी।

## इमरान के पुत्र कासिम ने पिता की सेहत को लेकर जताई चिंता

■ इमरान की चिकित्सा देखभाल में भी लापरवाही बरती जा रही है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के पुत्र कासिम खान ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में अपने पिता की हिरासत को लेकर चिंता जताई है। कासिम ने जिनेवा में मानवाधिकार परिषद में अ आरोप लगाया है कि जेल में अधिकारी उनके पिता के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों में 2023 से जेल में बंद उनके पिता के साथ किया जा रहा बर्ताव पाकिस्तान में राजनीतिक दमन के एक व्यापक स्वरूप को दर्शाता है, जो 2022 में उनके पद से हटाए जाने के बाद से ही साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि खान सरकारी तोहफों से जुड़े एक कथित भ्रष्टाचार मामले में 14 साल की सजा काट रहे हैं और उन्हें अदियाला जेल में रखा गया है। इस हिरासत को 'मनमाना' बताते हुए कासिम ने दावा किया कि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून का सीधा उल्लंघन है, जिसमें 'नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध' और 'यातना विरोधी कन्वेंशन' जैसे ढांचे शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पिता को एकांत कारावास में रखा गया है, उन्हें परिवार के सदस्यों और कानूनी सलाहकारों से मिलने नहीं दिया जा रहा है। उनकी चिकित्सा देखभाल में भी लापरवाही बरती जा रही है।

## शीर्ष ईरानी अधिकारी हमारे आग्रह पर इजरायल की हिट लिस्ट से हटेः पाकिस्तान

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के अनुरोध पर इजरायल ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची और संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघर गालिबाफ को अपनी 'हिट लिस्ट' से हटा दिया है। इजरायली अखबार टाइम्स ऑफ इजरायल ने रॉयटर्स के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एक पाकिस्तानी अधिकारी के अनुसार इजरायल के पास इन दोनों ईरानी हस्तियों को निशाना बनाने के लिए उनकी भौतिक स्थिति का पता लगाने वाले भौगोलिक आंकडें थे, लेकिन पाकिस्तान ने यह तर्क दिया कि उन्हें खत्म कर देने से बातचीत के लिए कोई भी भरोसेमंद राजनयिक संपर्क नहीं बचेगा।

# अफगानिस्तान-पाकिस्तान में फिर झड़प, 3 की मौत

### ईद पर 5 दिन का सीजफायर खत्म होने के बाद हिंसा शुरू, 3 पाकिस्तानी चौकियां तबाह



■ 25 मार्च को सीजफायर खत्म होने के बाद दोनों देशों में फिर से झड़प शुरू हो गई

**काबुल/इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा पर बुधवार को फिर से लड़ाई शुरू हो गई। अफगान तालिबान अधिकारियों के मुताबिक, इस हमले में 2 आम नागरिकों की मौत हो गई और 8 घायल हो गए। वहीं पाकिस्तान का भी एक नागरिक मारा गया।

अफगान और पाकिस्तान ने मिलकर ईद को लेकर 5 दिनों का अस्थायी युद्धविराम घोषित किया था। 25 मार्च को सीजफायर खत्म होने के बाद दोनों देशों में फिर से झड़प शुरू हो गई। मुताबिक एक अफगान अधिकारी ने बताया कि युद्धविराम खत्म होते ही पाकिस्तानी सेना ने नरई और सरकानो इलाकों में दर्जनों तोप के गोले दागे। उन्होंने कहा कि जवाब में अफगान सीमा बलों ने भी गोलीबारी की और तीन पाकिस्तानी सैन्य चौकियों को तबाह कर दिया, इस हमले में 1 व्यक्ति मारा गया। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच 17 मार्च को हिंसक झड़प हुई थी। इसके बाद पाकिस्तानी एयर फोर्स ने काबुल के कई इलाकों में मिसाइल हमले किए थे। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच 17 मार्च को हिंसक झड़प हुई थी। इसके बाद पाकिस्तानी एयर फोर्स ने काबुल के कई इलाकों में मिसाइल हमले किए थे। यह हिंसा उस समझौते के करीब एक हफ्ते बाद हुई है, जिसमें दोनों देशों ने लड़ाई रोकने पर सहमति जताई थी। यह समझौता सऊदी अरब, तुर्की और कतर के कहने पर हुआ था।


सॉई फिजियोथेरेपी क्लीनिक
आप सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं
सभी प्रकार के हड्डी जोड़ एवं न्यूरो की समस्याओं का नवीनतम फिजियोथेरेपी मशीनों द्वारा स्थायी इलाज



डॉ. कुलदीप शर्मा
फिजियोथेरेपिस्ट
पताः हरपाल चेयरमैन वाली गली कविनगर, गजरौला (अमरोहा)
मो.-9456869811

# गुटेरेस ने पश्चिम एशिया संघर्ष को बेकाबू बताया

### संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने तत्काल युद्ध रोकने का किया आग्रह



■ युद्ध शुरू होने के तीन सप्ताह से अधिक समय बाद लड़ाई सबसे खराब आशंकाओं से भी आगे निकल गई है

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध बेकाबू हो गया है, जिससे युद्ध का विस्तार हो जाने से नागरिकों की पीड़ा और वैश्विक आर्थिक संकट गहरा गया है। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए गुटेरेस ने कहा कि युद्ध शुरू होने के तीन सप्ताह से अधिक समय बाद, लड़ाई सबसे खराब आशंकाओं से भी आगे निकल गई है।

गुटेरेस ने कहा कि दुनिया एक व्यापक युद्ध के कगार पर खड़ी है। उन्होंने संबंधित पक्षों से युद्ध को तत्काल रोकने और कूटनीति एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करने का आह्वान किया। महासचिव ने कहा कि उन्होंने जीन अर्नोल्ट को अपना निजी दूत नियुक्त किया है, ताकि जमीनी स्तर पर दोनों पक्षों के साथ सीधे तौर पर जुड़ने और चल रही शांति पहलों का समर्थन करने सहित मध्यस्थता प्रयासों में तेजी लाई जा सके। उन्होंने हताहतों की बढ़ती संख्या और आर्थिक दुष्परिणामों का हवाला देते हुए अमेरिका और इजरायल से युद्ध समाप्त करने का आग्रह किया। उन्होंने ईरान से भी युद्ध में प्रत्यक्ष रूप से शामिल न होने वाले पड़ोसी देशों पर हमले रोकने का आह्वान किया और कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने ऐसे कृत्यों की निंदा की है। महासचिव ने प्रमुख नौवहन मार्गों, विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधानों पर चिंता व्यक्त की और चेतावनी दी कि लंबे समय तक बंद रहने से विश्व भर में कृषि के लिए महत्वपूर्ण समय में तेल, गैस एवं उर्वरकों का प्रवाह बाधित हो सकता है। गुटेरेस ने लेबनान की स्थिति की भी चर्चा की, जहां उन्होंने हाल ही में दौरा किया था और हिजबुल्लाह से इजरायल पर हमले रोकने का आग्रह किया। उन्होंने इजरायल से उन सैन्य अभियानों को रोकने का आह्वान किया, जो नागरिकों को बुरी तरह से प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गाजा मॉडल को लेबनान में नहीं दोहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस युद्ध से वैश्विक बाजार अस्त-व्यस्त हो गए हैं, जबकि मानवीय सहायता अभियान गंभीर बाधाओं का सामना कर रहे हैं और इस संकट का सबसे अधिक खामियाजा सबसे गरीब एवं सबसे कमजोर लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सवालों का जवाब देते हुए गुटेरेस ने कहा कि आगे तनाव बढ़ने के संकेतों के बावजूद, जिसमें कथित सैन्य तैनाती और अमेरिका और ईरान के बीच अस्वीकृत प्रस्ताव शामिल हैं, कूटनीति ही आगे बढ़ने का एकमात्र व्यवहार्य तरीका है। उन्होंने कहा कि मेरा संदेश यह है कि कूटनीति को ही प्राथमिकता मिलनी चाहिए। हमें इस आपदा से निकलने का रास्ता चाहिए और शांति ही एकमात्र रास्ता है।

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108